खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :38° C
न्यूनतम : 23° C


लखनऊ, मंगलवार 26 मई 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 199 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2083 8 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




जन आक्रोश से बचने को भाजपा नेता दिखावटी चिट्ठी लिख रहे: अखिलेश पेज 2



फीफा विश्वकप से पहले मेसी के पैर में लगी चोट खेल टाइम्स



भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना: प्रगति का नया अध्याय सम्पादकीय



ईरान के साथ ओबामा जैसी डील नहीं करूंगा: ट्रम्प पेज 12

# NEET: सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए को लगाई फटकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पिछली गलतियों से सबक नहीं लिया, एनटीए, CBI व पूर्व इसरो प्रमुख वाली समिति को नोटिस जारी कर तलब किया**



**नई दिल्ली।** नीट यूजी पेपर लीक मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) पर कड़ी टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एजेंसी ने पिछले साल सामने आए पेपर लीक विवाद से कोई सबक नहीं लिया।

कोर्ट ने केंद्र सरकार, एनटीए और सीबीआई से इस मामले में जवाब मांगा है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने एनटीए को निर्देश दिया कि वह 2024 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशों और सिफारिशों पर अब तक उठाए गए कदमों का विस्तृत हलफनामा गुरुवार तक दाखिल करे। अदालत ने कहा कि पहले भी यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था, जिसके बाद एक मॉनिटरिंग कमेटी बनाई गई थी और उसकी सिफारिशों को स्वीकार भी किया गया था। यह मामला फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (फेमा) की याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आया। संगठन ने मांग की है कि नीट यूजी जैसी बड़ी परीक्षा कराने -शेष पृष्ठ दो पर

## कॉकरोच जनता पार्टी के खिलाफ जनहित याचिका

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 'कॉकरोच जनता पार्टी' से जुड़े व्यक्तियों की गतिविधियों की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच की मांग वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इन्कार कर दिया है। यह व्यंग्यात्मक सोशल मीडिया आंदोलन भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की हालिया 'कॉकरोच' टिप्पणी के बाद उभरा था। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए अधिवक्ता एनके गोस्वामी ने सोमवार को तर्क दिया कि 'कॉकरोच जनता पार्टी' न्यायपालिका की छवि को नुकसान पहुंचा रही है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची

**सीजेआई बोले- मुद्दे को भावनात्मक तरीके से न लें**



और वीएम पंचोली की पीठ ने जवाब देते हुए कहा कि इसे इतना भावुकता से न लें।

# धर्मेन्द्र को मरणोपरांत पद्म विभूषण पुरस्कार



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 66 हस्तियों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया है। सबसे पहले दिवंगत फिल्म स्टार धर्मेन्द्र को पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उनकी पत्नी एक्ट्रेस/सांसद हेमा मालिनी ने यह सम्मान लिया।

महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। उनकी लीडरशिप में टीम ने वनडे वर्ल्डकप जीता था। साल 2026 में कुल 131 हस्तियों को पद्म पुरस्कार दिए जाने हैं, 65 विजेताओं को अगले फेज में सम्मानित किया जाएगा, जिसकी तारीखें अभी सामने नहीं आई हैं।

- **हेमा मालिनी ने रिसीव किया**
- **राष्ट्रपति मुर्मू ने 66 हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से किया सम्मानित**

जब हेमा ने यह सम्मान रिसीव किया तो उनकी बेटी आहना की आंखों से आंसू छलक उठे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विज्ञापन जगत की जानी-मानी हस्ती पीयूष पांडे को पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया। उनकी पत्नी नीता जोशी ने अवॉर्ड रिसीव किया।

## संक्षिप्त समाचार

### दूल्हा हत्याकांड का आरोपी एक लाख का इनामी रवि यादव मुठभेड़ में ढेर

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के चर्चित दूल्हा हत्याकांड में शामिल एक लाख रुपये का इनामी बदमाश रवि यादव रविवार की रात पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक लाइन बाजार केके सिंह भी बदमाशों की गोली लगने से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने सोमवार को बताया कि खेतासराय थाना क्षेत्र में एक मई की शाम बारात लेकर निकले दूल्हे आजाद बिद की अज्ञात बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसा कर हत्या कर दी थी।

### ट्विशा शर्मा मौत के मामले में मीडिया संयम बरते: कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने ट्विशा शर्मा की मौत के मामले में मीडिया से संयम बरतने की अपील करते हुए कहा कि पीड़िता के परिवार या आरोपियों के परिवार के बयानों पर अत्यधिक ध्यान केंद्रित न किया जाए। शीर्ष अदालत ने ट्विशा शर्मा मृत्यु मामले में कथित संस्थागत पक्षपात और प्रक्रियागत त्रुटियों से संबंधित स्वत: संज्ञान मामले पर सुनवाई की।

### अन्नाद्रमुक के तीन बागी विधायकों का इस्तीफा

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा में दलबदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य ठहराए जाने के खतरे का सामना कर रहे अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के तीन बागी विधायकों ने सोमवार को सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और सत्तारूढ़ तमिलगा वेट्री कषगम (टीवीके) में शामिल हो गए।

# पेट्रोल-डीजल के दामों में फिर लगी आग

## पेट्रोल में ₹2.61 व डीजल में ₹2.71 की बढ़ोतरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पेट्रोल 102.12 व डीजल 95.20 रुपये प्रति लीटर मिलेगा, 10 दिन में चौथी बार बढ़े दाम**



**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम एक बार फिर बढ़ा दिए हैं और दिल्ली में चार साल बाद पेट्रोल 100 रुपये प्रति लीटर के पार पहुंच गया है।

देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार से गैर-ब्रांडेड यानी सामान्य पेट्रोल 2.61 रुपये प्रति लीटर महंगा हो गया है। अब इसकी कीमत 102. 12 रुपये प्रति लीटर हो गई है। सामान्य डीजल भी अब 95.20 रुपये प्रति लीटर मिलेगा। इसकी कीमत में 2.71 रुपये का इजाफा किया गया है। दोनों जीवाश्म ईंधनों का यह 21 मई 2022 के बाद का उच्चतम स्तर है। इस साल 15 मई से अब तक चार बार में दिल्ली में पेट्रोल 7.35 रुपये और डीजल 7.53 रुपये प्रति लीटर महंगा हो चुका है। इनके दाम 30 अक्टूबर 2024 के बाद गत 15 मई को पहली बार बढ़ाए गए थे। दिल्ली में इंडियन ऑयल के प्रीमियम पेट्रोल एक्सपी 95 की कीमत भी 2.61 रुपये बढ़कर 109.24 रुपये और प्रीमियम डीजल एक्सपी की कीमत 2.71 रुपये बढ़कर 100.52 रुपये प्रति लीटर हो गई है। कोलकाता में पेट्रोल 2.87 रुपये और चेन्नई में 2.46 रुपये महंगा हुआ है। दोनों शहरों में इसकी नई कीमत क्रमश: 113.51 रुपये और 107.77 रुपये प्रति लीटर हो गई है। डीजल कोलकाता में 2.80 रुपये और चेन्नई में 2.57 रुपये बढ़कर क्रमश: 99.82 रुपये और 99.55 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। अमेरिका-ईरान शांति वार्ता में ठोस प्रगति के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोमवार को कच्चे तेल के दाम में चार प्रतिशत से ज्यादा गिरावट देखी गई है। कच्चे तेल का मानक ब्रेंट क्रूड वायदा फिलहाल 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे उतर गया है। गत 28 फरवरी को शुरू हुए पश्चिम एशिया संकट के कारण आपूर्ति बाधित होने से कच्चे तेल की कीमत में उछाल आया है। इससे पहले अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल 70 डॉलर प्रति बैरल के आसपास था।


# सैनिटरी पैड व टॉयलेट न होने से लड़कियों की पढ़ाई न छूटे: कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि स्कूलों में सैनिटरी नैपकिन और लड़कियों के लिए अलग टॉयलेट न होने के कारण उनकी पढ़ाई नहीं छूटनी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से 30 जनवरी के फैसले को पूरी तरह लागू कराने को कहा। इस मामले की प्रगति की निगरानी हर तीन महीने में करेगा। केंद्र को हर तीन

**केंद्र सरकार हर तीन महीने में रिपोर्ट दे, हम निगरानी करेंगे**

महीने पर प्रोग्रेस रिपोर्ट दाखिल करनी होगी। बेंच ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अर्चना पाठक दवे से कहा कि इस फैसले का अच्छा उपयोग कीजिए।






# नौतपा के पहले दिन महाराष्ट्र में पारा 47 पार

**नई दिल्ली।** देश में सोमवार से नौतपा की शुरुआत भी हो गई है। इसका मतलब है कि अगले 9 दिन और ज्यादा गर्मी रहेगी। हीटवेव और तापमान भी बढ़ेगा।

तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बना रह सकता है। रविवार को महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र का ब्रह्मपुरी लगातार तीसरे दिन देश का सबसे गर्म शहर रहा था। यहां तापमान 47.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 4.6 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। उत्तर प्रदेश में बांदा 46.8 डिग्री तापमान के साथ सबसे गर्म जिला रहा। इसके अलावा प्रयागराज और उरई में 45.6डिग्री, झांसी में 45.6डिग्री, आगरा में 45. 4 डिग्री और हमीरपुर में 45.2 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ।

**महाराष्ट्र का ब्रह्मपुरी 47.2 डिग्री के साथ देश में सबसे गर्म**

### गंगा दशहरा पर हरिद्वार में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के हरिद्वार में गंगा दशहरा के पावन स्नान पर्व पर धर्मनगरी में सोमवार को श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ शुक्ल दशमी तिथि को मां गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था और राजा भगीरथ के पूर्वजों का उद्धार हुआ था। इसी कारण इस दिन हर की पौड़ी स्थित ब्रह्मकुंड में गंगा स्नान का विशेष महत्व माना जाता है। रविवार देर रात के बाद से ही हरिद्वार के घाटों पर श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था।

# ईरान के साथ समझौता अब भी संभव: रुबियो

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि ईरान के साथ समझौते की संभावना अब भी बनी हुई है और इस दिशा में एक काफी मजबूत प्रस्ताव वार्ता मेज पर रखा गया है।

मार्को रुबियो ने भारत यात्रा के दौरान कहा कि प्रस्ताव में ईरान की ओर से होर्मुज स्ट्रेट को खोलने तथा परमाणु मुद्दों पर वास्तविक, महत्वपूर्ण और समयबद्ध वार्ता में शामिल होने की बात शामिल है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि हम इसे सफल बना लेंगे। इसे खाड़ी देशों और वैश्विक स्तर पर व्यापक समर्थन प्राप्त है। जिन भी देशों से हमने इस पर चर्चा की, उनका मानना है कि यह न केवल बेहद उचित बल्कि दुनिया के हित में भी है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प किसी भी कीमत पर जल्दबाजी में समझौता नहीं करेंगे।

## अनमोल प्रेम की जीवंत इमारत है ताजमहल: रुबियो



**आगरा।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोमवार को पत्नी जेनेट रुबियो के साथ विश्व प्रसिद्ध ताजमहल का दीदार करने के बाद कहा कि यह इमारत अनमोल प्रेम की जीवंत तस्वीर है। विशिष्ट अमेरिकी मेहमान ने मुगलकाल के स्मारक की सुंदरता को एक टक निहारा और प्रशंसा करते हुए इसे दुनिया के सबसे अनमोल प्रेम के खजानों में से एक बताया। दंपति ने डायना बेंच पर बैठकर तस्वीरें खिंचवाईं। ताजमहल को देखकर जेनेट ने कहा कि यह बेहद खूबसूरत है। रुबियो ने स्मारक परिसर में लगभग एक घंटा बिताया और इसकी वास्तुकला, जटिल संगमरमर की नक्काशी और इसके ऐतिहासिक महत्व का बारीकी से अवलोकन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### सिराज-उल-उलूम मदरसे पर एनआईए की छापेमारी

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को श्रीनगर और शोपियन जिलों में कई स्थानों पर छापेमारी की, जिनमें दारुल उलूम सिराज-उल-उलूम मदरसा भी शामिल है, जिसे पिछले महीने जम्मू और कश्मीर प्रशासन ने गैरकानूनी संस्था घोषित कर दिया था। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए की टीमों ने शोपियन के इमाम साहिब इलाके में स्थित मदरसे में तड़के तलाशी अभियान चलाया। पिछले महीने, जम्मू और कश्मीर प्रशासन ने दक्षिण कश्मीर के सबसे बड़े मदरसों में से एक, सिराज-उल-उलूम को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत गैरकानूनी संस्था घोषित कर दिया था। प्रशासन ने आरोप लगाया था कि मदरसे का प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी (जेईएल) से 'गुप्त संबंध' हैं, साथ ही 'गंभीर कानूनी, प्रशासनिक और वित्तीय अनियमितताएं' हैं और यह 'कट्टरपंथ को बढ़ावा देने वाला माहौल' बना रहा है।

### काशी में अवैध हुक्का बारों पर पुलिस का छापा, 18 हिरासत में

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में सिगरा पुलिस और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की टीम ने रविवार रात को विशेष अभियान चलाते हुए अवैध हुक्का बारों पर छापा मारकर 18 लोगों को हिरासत में लिया है। साथ ही भारी मात्रा में नशीले पदार्थ भी बरामद किए गए। पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में भारी मात्रा में नशीली सामग्री, हुक्का फ्लेवर और हुक्का उपकरण बरामद किए गए। इस दौरान 18 लोगों को हिरासत में लिया गया, जबकि दोनों हुक्का बारों के दो संचालक मौके से फरार हो गए।

# जन आक्रोश से बचने को भाजपा नेता दिखावटी चिट्ठी लिख रहे: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में बिजली संकट को लेकर भारतीय जनता पार्टी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि उप्र में असहनीय 'महा विद्युत आपदा' की वजह से लगातार बढ़ते आक्रोश से बचने के लिए भयभीत भाजपाई विधायक-सांसद दिखावटी चिट्ठी का 'कागजी कवच' बना रहे हैं।

यादव ने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि यह चिट्ठी दरअसल अपनी सरकार को लिखा कोई 'जन हित का पत्र' नहीं है, बल्कि भाजपा रूपी डूबते जहाज को छोड़कर विपक्ष से आगामी चुनावों में टिकट पाने के लिए 'आवेदन पत्र' है।



उन्होंने साफ किया कि हमारे गठबंधन में ऐसे नेताओं के लिए कोई जगह नहीं है, जो जनता को दुख-दर्द और दिक्कतों के सिवा कुछ नहीं देते हैं। सपा प्रमुख ने कहा कि इस जानलेवा गर्मी में परिवारों में बड़े बुजुर्गों, बीमारों, बच्चों और खाने-पानी की व्यवस्था में झुलसती महिलाओं की क्या दुर्दशा हो रही है, ये केवल परिवारवाले ही समझ सकते हैं। कभी आपदा में अवसर ढूंढने वालों ने, अवसर की जगह जिस 'अफसर' को ढूंढा था, वो अफसर अब स्वयं आपदा साबित हो रहा है। अखिलेश ने तंज कसते हुए कहा कि समस्या का समाधान पूछने पर दोनों हाथ खड़ा करके नारा लगाकर बच निकलने वालों के रहते समस्या नहीं सुलझेगी। उन्होंने कहा कि किसी के लिए ये बड़ा मौका है कि वो पूरी तरह से नाकाम हो चुके किसी 'दूत-मंत्री' को हटा दे। इससे मुख्य जी को अपना मंत्रिमंडल विस्तार करने और किसी एक 'घाटहीन' को समायोजित करने का मौका भी मिल जाएगा। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि उप्र की भाजपा सरकार भी जानती है कि अब वो कभी वापस नहीं आएगी। इसीलिए वो जनता की मुश्किलों और मांगों को पूरी तरह नजरअंदाज करके बस अपने खजाने भरने में लगी है।

# ईंधन कीमतों को लेकर कांग्रेस का मोदी सरकार पर हमला

नई दिल्ली, वार्ता

**फ्यूल लूट का सिलसिला अभी खत्म नहीं हुआ है**



10 दिनों में चौथी बार ईंधन के दाम बढ़े: खड़गे

राज्यसभा में उप नेता प्रमोद तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को महंगाई मैन का दिया तमगा



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोला है। सोशल मीडिया पर जारी बयान में कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि फ्यूल लूट का सिलसिला अभी खत्म नहीं हुआ है और पिछले 10 दिनों में चौथी बार पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए गए हैं।

खड़गे ने कहा कि पिछले दो सप्ताह में पेट्रोल की कीमतों में कुल 7.35 रुपये प्रति लीटर और डीजल में 7.53 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने आम लोगों की बचत को जलाने के लिए पेट्रोल छिड़क दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि वर्ष 2004 से 2014 के बीच संयुक्त प्रगतिशील गंठबंधन सरकार के दौरान अंतर्राष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में 175.34 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी, जबकि मोदी सरकार के कार्यकाल में अंतर्राष्ट्रीय क्रूड ऑयल की कीमतों में कोई उल्लेखनीय बढ़ोतरी नहीं हुई। इसके बावजूद पेट्रोल की कीमत 71.41 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 102.12 रुपये और डीजल 56.71 रुपये से बढ़कर 95.20 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने जनता से पिछले 12 वर्षों में ईंधन के जरिए 43 लाख करोड़ रुपये की लूट की है, जो प्रतिदिन लगभग 1000 करोड़ रुपये के बराबर है। खड़गे ने यह भी कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद एचपीसीएल, बीपीसीएल और आईओसी जैसी सरकारी तेल कंपनियों के शेयरों में तेजी दर्ज की गई, जिससे साफ है कि भाजपा 'जनता नहीं, मुनाफे' की राजनीति कर रही है। गौरतलब है कि हालिया बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 102.12 रुपये और डीजल 95.20 रुपये प्रति लीटर पहुंच गई है। वहीं राज्यसभा में कांग्रेस के उप नेता प्रमोद तिवारी ने पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान पेट्रोल की कीमत 71 रुपये प्रति लीटर थी, जो अब बढ़कर 102.12 रुपये प्रति लीटर पहुंच गई है। तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि बधाई हो मोदी जी, आपने पेट्रोल के दामों का शतक पूरा कर ही लिया।

## राज्य कर विभाग को कर संग्रह बढ़ाने के साथ ही मुख्यमंत्री की हिदायत

# ईमानदार व्यापारियों को मिले सुविधा व सम्मान: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि राज्य कर विभाग कर संग्रह बढ़ाने के साथ-साथ ईमानदार व्यापारियों को सुविधा, सम्मान और त्वरित समाधान की व्यवस्था सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचाने में राज्य कर विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

विभाग को राजस्व वृद्धि के साथ विश्वास आधारित प्रशासन का मॉडल प्रस्तुत करना होगा। मुख्यमंत्री राज्य कर विभाग के शासन, मुख्यालय और फील्ड स्तरीय अधिकारियों के साथ विशेष बैठक कर रहे थे। उन्होंने



■ कहा: विभाग को राजस्व वृद्धि के साथ विश्वास आधारित प्रशासन का मॉडल प्रस्तुत करना होगा

जोनवार अधिकारियों से सीधा संवाद कर प्रत्येक अधिकारी के कार्य प्रदर्शन की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कर प्रणाली को अधिक सरल, डिजिटल और जवाबदेह बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जीएसटी पंजीयन, रिटर्न दाखिले, अपील निस्तारण और रिफंड प्रक्रियाओं में अनावश्यक विलंब समाप्त होना चाहिए। बैठक में बताया गया कि 21.82 लाख सक्रिय करदाताओं के साथ उत्तर प्रदेश देश में सबसे अधिक जीएसटी करदाताओं वाला राज्य बन गया है। जीएसटी पंजीयन आवेदनों के निस्तारण की औसत अवधि प्रदेश में 8 दिन है, जबकि राष्ट्रीय औसत 14 दिन है।

प्रदेश में 100 प्रतिशत भौतिक सत्यापन की व्यवस्था लागू है। रिटर्न दाखिले में भी प्रदेश राष्ट्रीय औसत से आगे है। देय तिथि तक 90 प्रतिशत से अधिक करदाता रिटर्न दाखिल कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य ने जीएसटी और वैट मद में कुल 1,15,977 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया, जो पुनरीक्षित अनुमान का 98.8 प्रतिशत रहा। जीएसटी में उत्तर प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर रहा। जीएसटी बकाया के रूप में 2658 करोड़ रुपये जमा हुए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 228 प्रतिशत अधिक हैं। वैट बकाया के रूप में 800 करोड़ रुपये की वसूली हुई। प्रवर्तन इकाइयों के माध्यम से 2071 करोड़ रुपये की वसूली की गई।

### गर्मी की छुट्टियों में नई रुचियां पहचानें, दादा-दादी के साथ बिताएं समय: योगी

**लखनऊ।** गर्मी की छुट्टियां शुरू होते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के बच्चों के नाम एक पाती लिखी है। 'योगी की पाती' शीर्षक से जारी इस पत्र में उन्होंने छुट्टियों को आनंद, उत्साह और नए शोध का समय बताया है। मुख्यमंत्री ने बच्चों और अभिभावकों से छुट्टियों को संस्कार, प्रकृति और पर्यावरण से जोड़ने की अपील की है। योगी ने लिखा कि स्कूल की व्यस्त दिनचर्या से राहत मिलने पर मन कुछ नया सीखने और अपनों के साथ समय बिताने को उत्सुक हो उठता है। यही अवसर है, जब बच्चे अपनी रुचियों को पहचानें, नई आदतें विकसित करें और जीवन के ऐसे अनुभव प्राप्त करें, जो आगे चलकर व्यक्तित्व निर्माण में सहायक हों। उन्होंने किशोर और युवाओं से नई भाषा या नया कौशल सीखने को कहा।

# उत्तर प्रदेश में दिन में लू व गर्म रातें कर रही हैं बेचैन

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ उमस भरी हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और उष्ण लहर का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में अगले 24 घंटों के दौरान लू से भीषण लू चलने तथा गर्म रातें रहने की चेतावनी जारी की है। मौसम केंद्र लखनऊ के अनुसार तेज धूप, उच्च तापमान और उमस भरी हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

विशेष रूप से दोपहर के समय लोगों को घरों से बाहर निकलने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश के विभिन्न शहरों में तापमान लगातार सामान्य से ऊपर दर्ज किया गया। प्रयागराज, बांदा, झांसी और कानपुर में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया, जबकि लखनऊ, वाराणसी, आगरा, गोरखपुर और मेरठ में भी पारा 42 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहा। रात के तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। मौसम विभाग ने इसे 'उष्ण रात्रि' की स्थिति बताया है, जिसका असर बच्चों, बुजुर्गों और गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों पर अधिक पड़ सकता है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि लू के कारण हीट रैश, डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 76488.96
निफ्टी 24031.70

सोना 159000 प्रति 10 ग्राम
चांदी 271000 प्रति किलो

# शेयर बाजारों में तेजी, निफ्टी का सेंसेक्स 1074 अंक उछला

मुंबई, वार्ता

अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता की उम्मीद में घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को अच्छी तेजी रही और बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1,073.61 अंक (1.42 प्रतिशत) उछलकर 76,488.96 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉपक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 312.40 अंक यानी 1.32 प्रतिशत चढ़कर 24,031.70 अंक पर बंद हुआ। अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता में प्रगति के बाद निवेश धारणा मजबूत हुई है। वृहत बाजार में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.99 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.37 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। एफएमसीजी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में तेजी रही। बैंकिंग, वित्त, ऑटो, रियलटी, रसायन, तेल एवं गैस और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस का शेयर करीब तीन प्रतिशत चढ़ गया। एलएंडटी और एचडीएफसी बैंक



के शेयर ढाई प्रतिशत ऊपर बंद हुए। इटरनल, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी दो से ढाई प्रतिशत तक चढ़े। एक्सिस बैंक, टाइटन, मारुति सुजुकी, इंडिगो, अल्ट्राटेक सीमेंट, बीईएल और टेक महिंद्रा के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच मजबूत हुए। अडानी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी, एशियन पेंट्स, टाटा स्टील, एनटीपीसी और पावर ग्रिड के शेयर भी हरे निशान में रहे। इंफोसिस और टीसीएस में गिरावट रही।

### चांदी 5,100 बढ़कर 2.71 रुपये लाख किलो हुई, सोना 1.59 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हुआ

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में आज यानी 25 मई को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 740 रुपए बढ़कर 1.59 लाख रुपए हो गया है। वहीं, 1 किलो चांदी की कीमत 5,100 रुपए बढ़कर 2.71 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में तेजी रही है। सोना 2026 में अब तक 26 हजार रुपए और चांदी 41 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसम्बर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.59 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.71 लाख रुपए पर पहुंच गई है।

# गेहूं, चीनी नरम, चावल मजबूत दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल की औसत कीमत बढ़ गई। वहीं गेहूं और चीनी में नरमी देखी गई। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 22 रुपये बढ़कर 3,872 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं सात रुपये टूटकर 2,787 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 12 रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। मसूर दाल की औसत कीमत 50 रुपये और तुअर दाल की 18 रुपये बढ़ गई। वहीं उड़द दाल की कीमत 36 रुपये और मूंग दाल की 35 रुपये प्रति क्विंटल घट गई।



चना दाल में कमोबेश टिकाव रहा। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा 14 रिंगिट गिरकर 4,472 रिंगिट प्रति टन रह गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल और वनस्पति की औसत कीमत 57.57 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। सरसों तेल 54 रुपये और पाम ऑयल 36 रुपये फिसल गया। सोया तेल 28 रुपये सस्ता हुआ। वहीं सूरजमुखी तेल तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 40 रुपये प्रति क्विंटल घट गया। चीनी भी 11 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7693.75 रुपये, मसूर काली 8125.61 रुपये, मूंग दाल 10161.62 रुपये, उड़द दाल 10847.35 रुपये, तुअर दाल 11261.44 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2787.40 रुपये और चावल 3871.87 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3260.04 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4334.73 रुपये और गुड़ 5043.28 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# तेल के दाम बढ़ने से लोगों को घर का खर्च चलाना मुश्किल : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कहा है कि पिछले 10 से 15 दिनों के अंदर चौथी बार पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ गए, जिससे सारी चीजें महंगी हो गई है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर कहा कि आज फिर इन्होंने पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ा दिए हैं। पूरे देश में औसतन ढाई-ढाई रुपये बढ़ाए गए हैं। पिछले कुछ दिनों में यह चौथी बार दाम बढ़ाए गए हैं। पिछले 10-15 दिन के अंदर पेट्रोल और डीजल के दाम लगभग 7.5 से 8 रुपये बढ़ गए हैं। रूस और ईरान हमें सस्ता और पर्याप्त मात्रा में तेल और गैस देने के लिए तैयार हैं, तो फिर हम लोग उनसे क्यों नहीं खरीद रहे हैं? केजरीवाल ने कहा कि मैंने देशवासियों से दो-तीन दिन पहले पूछा था कि क्या हमारे देश को रूस और ईरान से तेल और गैस खरीदना चाहिए, तो लगभग 97 फीसदी लोगों ने मुझे कहा कि हां हमें खरीदना चाहिए। जब हमारे देश के लोग मांग कर रहे हैं कि हमें ईरान और रूस से तेल और गैस खरीदना चाहिए।



## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**नीट: सुप्रीम कोर्ट...** के लिए मौजूदा व्यवस्था की जगह एक मजबूत और स्वायत्त संस्था बनाई जाए। याचिका में कहा गया है कि बार-बार पेपर लीक की घटनाएं 22.7 लाख से अधिक छात्रों के अधिकारों पर सीधा हमला है। संगठन ने यह भी मांग की कि नई संस्था बनने तक सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एक हाई-पावर मॉनिटरिंग कमेटी गठित की जाए। इसमें एक सेवानिवृत्त सुप्रीम कोर्ट जज, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ और फॉरेंसिक वैज्ञानिक को शामिल करने का सुझाव दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार द्वारा गठित उस समिति से भी जवाब मांगा है, जिसकी अध्यक्षता पूर्व इसरो प्रमुख के. राधाकृष्णन कर रहे हैं। इस समिति को एनटीए की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए बनाया गया था। अदालत ने पूछा है कि आयोग की सिफारिशों पर क्या प्रगति हुई है। नीट यूजी 2026 परीक्षा 3 मई को आयोजित की गई थी। हालांकि पेपर लीक के आरोपों के बाद 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी गई। मामले की जांच फिलहाल सीबीआई कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले से जुड़ी सभी याचिकाओं को एक साथ सुनने का फैसला किया है।

# जल्द ही दो हिस्सों में बंट जाएगी कांग्रेस : गौरव

नई दिल्ली, वार्ता

भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भारतीय राजनीति का 'भस्मासुर' करार देते हुए दावा किया है कि कांग्रेस जल्द ही दो हिस्सों में बंट जाएगी।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह बड़े दुख की बात है कि विपक्ष के नेता ऐसे समय में इस तरह का बयान दे रहे हैं, जब देश मजबूती के साथ चुनौतियों का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि जहां इस वैश्विक संकट के दौरान कई देशों की अर्थव्यवस्थाएं कमजोर हुई हैं, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत इस वैश्विक चुनौती का मजबूती से सामना कर रहा है। हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत है। उन्होंने कहा कि एक 'टूलकिट मॉडल' जो विनाशकारी, अराजक, अपरिपक्व और मूर्खतापूर्ण है तथा



■ इस वैश्विक संकट के दौरान कई देशों की अर्थव्यवस्थाएं कमजोर

गांधी के दिमाग की उपज है। यह एक बार फिर सामने आया है, जब गांधी ने दावा किया कि केन्द्र की मोदी सरकार एक साल के अंदर गिर जाएगी। उन्होंने श्री गांधी पर अराजकता फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर आपका (श्री गांधी) मकसद अराजकता फैलाना है, तो हमारा संकल्प भारत को और भी ज्यादा मजबूत बनाना है। आप आगे बढ़ें और अपनी पूरी ताकत लगा दें। हमने भारत को और भी आगे ले जाने का मन बना लिया है। भाजपा प्रवक्ता ने दावा किया कि यह सरकार (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार) स्थिर और मजबूत भी है प्रवक्ता ने दावा किया कि जल्द ही कांग्रेस दो हिस्सों में बंट जाएगी और कांग्रेस के नेता भी विपक्ष के नेता द्वारा ऐसे भारत-विरोधी और अशांति फैलाने वाले बयान दिए जाने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह गलत जानकारी फैला रही है कि भारत अमेरिकी दबाव के कारण रूस से कच्चा तेल आयात नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम देश के हित में ही फैसले लेंगे। यह बात बिल्कुल साफ है। हम किसी के दबाव में काम नहीं करते। उन्होंने कहा कि राजग के शासन में पिछले चार पांच वर्षों में रूस से 30 प्रतिशत तक कच्चे तेल का आयात किया गया है, जबकि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन के शासन में यह आंकड़ा केवल एक प्रतिशत था।

### आंबेडकर प्रतिमा पर खाकी टोपी और भगवा गमछा पहनाने से बवाल

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर शहर स्थित दीवानी तिराहे पर स्थापित भारत रत्न डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आने के बाद सोमवार को तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। प्रतिमा पर खाकी टोपी पहनाने और गले में भगवा गमछा डालने की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। घटना की सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सिटी मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी नगर तथा भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस अधिकारियों ने तत्काल प्रतिमा से खाकी टोपी और भगवा गमछा हटवाया तथा लोगों को समझाकर स्थिति को नियंत्रित किया।

### सेना अस्पताल में कैंसर उपचार के लिए आधुनिक रेडियोथेरेपी तकनीक की शुरुआत

**नई दिल्ली।** सेना के अस्पताल (आर एंड आर) में कैंसर के उपचार के लिए आधुनिक रेडियोथेरेपी तकनीक की शुरूआत की गई है।

अस्पताल के विकिरण ऑन्कोलॉजी विभाग में सोमवार को रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में एक रिग गैन्ट्री आधारित लीनियर एक्सीलरेटर का शुभारंभ किया गया। यह उन्नत तकनीक आर्मी हॉस्पिटल (आर एंड आर) में कैंसर देखभाल सेवाओं को मजबूत करेगी और सेवारत कर्मियों, पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए उन्नत रेडियोथेरेपी तक पहुंच में सुधार करेगी। इससे अस्पताल में मरीजों की भारी संख्या के लिए आंतरिक उपचार क्षमता में वृद्धि होने की उम्मीद है।

## संक्षिप्त समाचार

### जनगणना ड्यूटी में लापरवाही पर शिक्षकों-कर्मचारियों को चेतावनी

**प्रयागराज।** जनगणना कार्य में लगाए गए परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की लापरवाही पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। बीएसए अनिल कुमार की ओर से जारी आदेश में कहा है कि जिले के 65 शिक्षक व कर्मचारी अब तक अपना बस्ता प्राप्त कर डड्यूटी पर उपस्थित नहीं हुए हैं। इसे कार्य के प्रति उदासीनता और उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना माना गया है। संबंधित शिक्षकों व कर्मचारियों को अंतिम अवसर देते हुए निर्देश दिया है कि वे 26 मई को सुबह 10.30 बजे तक अनिवार्य रूप से अपना बस्ता प्राप्त कर डड्यूटी ग्रहण करें। निर्धारित समय के बाद भी अनुपस्थित रहने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के साथ विभागीय कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

### माशूका से आहत आशिक मोबाइल टावर पर चढ़ा

**गोंडा।** जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में एक युवक अपनी प्रेमिका के बर्ताव से आजिज होकर टावर पर चढ गया और सबसे ऊपर जाकर बैठ गया । युवक के टावर पर चढने की जानकारी होते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई।करीब आधे घंटे बाद सूचना पर पहुंची पुलिस को युवक को टावर से उतारने के लिए कडी मशक्कत करनी पडी। करीब दो घंटे चले इस हाइ वोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस द्वारा युवक से फोन पर बात करते हुए उसकी समस्याओं के समाधान का पुख्ता आश्वासन दिया गया तब कहीं जाकर युवक नीचे उतरा। टावर पर चढने वाले युवक पुत्तन पुत्र राजाराम यादव बलरामपुर जनपद के देहात कोतवाली क्षेत्र के रौटी पुरवा गांव का रहने वाला है।

### सरयू में नहा रहे युवक की डूबने से मौत पर कोहराम

**गोंडा।** जिले के परसपुर थानाक्षेत्र अन्तर्गत सोमवार को सरयू नदी में नहाते समय गहरे पानी में डूबकर एक युवक की मौत हो गयी। शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है व अन्य कार्रवाई की जा रही है। बताया जाता है कि, परसपुर थानाक्षेत्र के धनावा गांव का रहने वाला किशोर गोविंद मिश्रा भीषण गर्मी से राहत पाने के लिये सरयू नदी में नहा रहा था कि अचानक पैर फिसल जाने के कारण वह गहराई में चला गया और फिर डूबने से उसकी मौत हो गई।

# कोर्ट ने मांगा हलफनामा तो अपनी ही कार्यवाही से पलट गए एसडीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** तीन साल पहले मर चुके व्यक्ति की शिकायत पर याची का निर्माण कार्य रोक दिया। इससे हैरान इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हलफनामा मांगा तो एसडीएम जौनपुर अपनी कार्यवाही से पलट गए। उन्होंने कहा कि वह याची को निर्माण से रोक नहीं रहे।

इस पर कोर्ट ने याचिका निस्तारित कर दी। यह आदेश न्यायमूर्ति सरल श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद की खंडपीठ ने जौनपुर निवासी अंकित जायसवाल व अन्य की याचिका पर दिया। इससे पहले मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति अजित कुमार की अध्यक्षता वाली खंडपीठ कर रही थी। अधिवक्ता ने दलील दी कि याची ने विक्रय विलेख के जरिये शाहगंज तहसील के ग्राम भाड़ी गांव में जमीन खरीदी थी। उसी पर वह निर्माण करा रहा था। वहीं, एसडीएम ने उस रामचंद्र यादव नाम के व्यक्ति की शिकायत पर निर्माण कार्य रोकने के आदेश दिया है जिसका तीन साल पहले निधन हो चुका है। इस पर कोर्ट ने एडीएम से व्यक्तिगत हलफनामा तलब कर पूछा था कि क्या मृतक खुद उनके पास शिकायत करने आया था? कोर्ट ने यह चेतावनी भी दी थी कि हलफनामा नहीं देने पर एसडीएम को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में हाजिर होना पड़ेगा।

## सरकार का बड़ा फैसला, योगी ने दी मंजूरी, 26 मई को खत्म हो रहा कार्यकाल

# पंचायत चुनाव तक प्रधान ही रहेंगे प्रशासक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** सरकार ने प्रधानों के हक में बहुत बड़ा फैसला किया है जिसके चलते उत्तर प्रदेश में प्रधानों के चुनाव होने तक कार्यकाल खत्म होने के बाद भी ग्राम प्रधान ही प्रशासक के रूप में कार्य करते रहेंगे।

इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंजूरी दे दी है। प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों का कार्यकाल 26 मई को खत्म हो रहा है। इसे लेकर ग्राम प्रधान संगठनों ने भी मांग की थी कि कार्यकाल खत्म होने के बाद भी चुनाव होने पर वर्तमान प्रधानों को ही प्रशासन चलाने की अनुमति दी जाए। उनकी मांग पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंजूरी दे दी है। यह पहली बार होगा जब प्रदेश में




**पहली बार प्रदेश में प्रशासनिक समिति गठित की जाएगी, पंचायत चुनाव तक गांवों के विकास कार्यों की जिम्मेदारी मौजूदा प्रधानों के पास ही रहेगी**

प्रशासनिक समिति बनाई जाएगी। मतलब पंचायत चुनाव तक गांवों के विकास कार्यों की जिम्मेदारी मौजूदा प्रधानों के पास ही रहेगी। पंचायती राज विभाग सोमवार देर शाम तक इसका आदेश जारी कर देगा। यूपी में 57 हजार 694 ग्राम पंचायतें हैं। इसके पहले राज्य सरकार ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग द्धओबीसीऋ आरक्षण तय करने के लिए राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन कर दिया है। पंचायतीराज विभाग की ओर से जारी अधिसूचना में आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों के नाम घोषित किए गए। अधिसूचना के मुताबिक इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति राम औतार सिंह को आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं सेवानिवृत्त अपर जिला न्यायाधीश बृजेश कुमार, संतोष कुमार विश्वकर्मा, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डा. अरविंद कुमार चौरसिया और एसपी सिंह को सदस्य नियुक्त किया गया है। आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति उनके पदभार ग्रहण करने की तिथि से छह माह की अवधि के लिए की गई है। आयोग पंचायत चुनावों में ओबीसी आरक्षण के संबंध में आंकड़ों का परीक्षण कर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगा। प्रदेश सरकार ने इससे पहले 18 मई 2026 को आयोग के गठन संबंधी अधिसूचना जारी की थी। अब आयोग के गठन के साथ पंचायत चुनाव में आरक्षण व्यवस्था तय करने की प्रक्रिया तेज होगी।

# अयोध्या में शीघ्र बनेगा भव्य लव कुश पार्क

**मुहम्मद जान तुर्की**

**लखनऊ ।** रामनगरी अयोध्या में पर्यटन और सांस्कृतिक विरासत को नई ऊंचाई देने के लिए एक अनूठी पहल शुरू होने जा रही है। राज्य स्मार्ट सिटी मिशन के तहत रायबरेली राजमार्ग पर स्थित मऊशिवाला एमआरएफ सेंटर के समीप 17.72 करोड़ रुपये की लागत से लव-कुश पार्क का निर्माण किया जाएगा।

यह पार्क श्कचरे से कलाश थीम पर आधारित होगा, जिसमें रामायण की पौराणिक कथाओं को स्क्रैप धातु की मूर्तियों, कलात्मक चित्रों और इंटरैक्टिव इंस्टालेशन्स के माध्यम से जीवंत किया जाएगा। नगर निगम द्वारा विकसित किए जा रहे इस पार्क का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण



संरक्षण, सतत विकास और सांस्कृतिक संरक्षण को एक साथ जोड़ना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की स्मार्ट सिटी सोच को इस परियोजना से नया आयाम मिलेगा। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने बताया कि पार्क विशेष रूप से भगवान राम के पुत्र लव और कुश की कहानियों पर केंद्रित होगा। रामायण काल की इन लोकप्रिय कथाओं को आधुनिक कला के जरिए प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि आने वाली पीढ़ी पौराणिक इतिहास से जुड़ सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या को स्मार्ट सिटी बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। पहले से ही अयोध्या में इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वच्छता और पर्यटन सुविधाओं का तेजी से विकास हो रहा है। लव-कुश पार्क इस विकास की कड़ी को और मजबूत करेगा। यह पार्क न केवल दर्शनीय होगा बल्कि शैक्षिक भी होगा। स्कूल और कालेज के छात्रों के लिए विशेष टूर और वर्कशाप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पर्यावरण संरक्षण और अपशिष्ट प्रबंधन पर जागरूकता फैलाई जाएगी। साथ ही, यह साबित करेगा कि कचरा बोझ नहीं, बल्कि संसाधन हो सकता है।अयोध्या में राम मंदिर, हनुमान गढ़ी, कनक भवन जैसे धार्मिक स्थलों के बाद लव-कुश पार्क पर्यटकों के लिए नया आकर्षण केंद्र बनेगा। रामायण की कथाओं से जुड़े श्रद्धालु यहां आकर न केवल आध्यात्मिक अनुभव करेंगे, बल्कि पर्यावरण अनुकूल विकास का साक्षात्कार करेंगे। पार्क में वाकवे, गार्डन, बैठने की व्यवस्था, रोशनी और सिक्योरिटी की सुविधाएं होंगी। यह परियोजना सार्वजनिक कला, संस्कृति और सतत विकास का अनूठा संगम साबित होगी।

# सभी थानों की सीसीटीवी मानिटरिंग के लिए बने सेंट्रल डैशबोर्ड: मुख्यमंत्री

**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की पुलिस व्यवस्था को और अधिक आधुनिक, सुरक्षित तथा तकनीक आधारित बनाने के लिए पुलिस रेडियो विभाग को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए हैं।

उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस की लोकेशन, मूवमेंट और संचार गतिविधियों की गोपनीयता सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी भी प्रकार की तकनीकी सेंधमारी की संभावना नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस रेडियो नेटवर्क को अत्याधुनिक तकनीकों से सशक्त किया जाए तथा दूरस्थ क्षेत्रों तक निर्बाध संचार व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी पुलिस थानों की सीसीटीवी फुटेज की लाइव मानिटरिंग के लिए एक सेंट्रल डैशबोर्ड विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे कानून व्यवस्था की निगरानी पारदर्शी होगी। मुख्यमंत्री ने विभागीय ढांचे को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए डीआईजी रेडियो पूर्वी का मुख्यालय आजमगढ़ तथा डीआईजी रेडियो पश्चिमी का मुख्यालय अलीगढ़ में स्थापित करने पर विचार हुआ।

# कार की टक्कर से मासूम बालक की दर्दनाक मौत

**गोंडा।** जनपद के नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत वजीरगंज थाना इलाके के टिकरी बाजार में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में सात वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई।

हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार बहादुरा गांव निवासी अमित यादव की सात वर्षीय बेटी आराध्या सोमवार सुबह करीब नौ बजे टिकरी बाजार में सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना होते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए और आनन-फानन में घायल बच्ची को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि अमित यादव की तीन बेटियां हैं, जिनमें आराध्या सबसे छोटी थी। मासूम की असमय मौत से परिवार गहरे सदमे में है। गांव में भी घटना के बाद शोक का माहौल बना हुआ है।वजीरगंज थाना प्रभारी विपुल पांडे ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है और मामले में कार्रवाई की जा रही है।

### अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**लखनऊ ।** उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीपीएससी) ने लेखपाल मुख्य परीक्षा को लेकर सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे भ्रामक प्रचार और अफवाहों पर सख्त रुख अपनाया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि 21 मई 2026 को आयोजित लेखपाल मुख्य परीक्षा प्रदेश के 44 जनपदों के 861 परीक्षा केंद्रों पर पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता और शुचितापूर्ण तरीके से संपन्न कराई गई थी। इसके बावजूद कुछ लोग गलत मंशा से सोशल मीडिया पर परीक्षा की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करने और अभ्यर्थियों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं।

# अखिलेश पर भाजपा नेत्री की अभद्र टिप्पणी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर भाजपा की महिला नेत्री उर्मिला सिंह द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से अभद्र टिप्पणी कर उन्हें जमीन में जिन्दा गाड़ने की धमकी देने और आतंकवादियों से सांठ-गांठ होने के अपशब्द पोस्ट फेसबुक पर प्रसारित किया, जिससे देश व प्रदेश में समाजवादी पार्टी के लाखों समर्थकों को गहरा आघात पहुंचा है।

जिसे लेकर समाजवादी पार्टी के अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष लखनऊ बार एसोसिएशन, लखनऊ अंजनी प्रकाश यादव के नेतृत्व में पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेताओं ने थाना



पी0जी0आई0, लखनऊ में भाजपा की महिला नेत्री उर्मिला सिंह के खिलाफ थाना प्रभारी के माध्यम से तहरीर दी और अभियुक्ता उर्मिला सिंह खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर उस पर उचित कानूनी कार्यवाही करने की मांग की। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान, जिला उपाध्यक्ष अनिल पासी, अधिवक्ता सभा जिला महासचिव जी0एच0 जैदी, जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ मनोज कुमार पाल, व्यापार सभा जिलाध्यक्ष संजय यादव सदस्य जिला पंचायत कैप्टन यादव, रामसागर पासी, सुरेन्द्र यादव, अम्बर यादव के साथ दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**सपा कार्यकर्ताओं में रोष, अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष अंजनी प्रकाश यादव ने थाने में दी तहरीर**

# अपोलो के डाक्टरों ने किया मरीजों का परीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बाजारशुक्ल अमेठी ।** क्षेत्र के महोना पश्चिम में रविवार को आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों मरीजों ने स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श का लाभ उठाया।

अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल लखनऊ एवं ताहा मेडिकोज एंड जनरल स्टोर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर में पेट, गैस्ट्रो तथा महिला रोग विशेषज्ञों ने मरीजों की जांच कर आवश्यक सलाह दी। समाजसेवी



प्रोफेसर मुस्ताक खान ने बताया कि गैस्ट्रो संबंधी समस्याओं से पीड़ित मरीजों का नि:शुल्क परीक्षण कर उन्हें खानपान और उपचार संबंधी सलाह दी गई। एक नवजात बच्चा पीलिया से पीड़ित मिला, जिसके इलाज के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता दिलाने का आश्वासन चिकित्सकों द्वारा दिया गया। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की बात कही। महिला रोग विशेषज्ञ डा. असना ज़हरा नकवी ने बताया कि वर्तमान समय में महिलाओं में बांझपन की समस्या तेजी से बढ़ रही है। गैस्ट्रो विशेषज्ञ डा. वासिफ रजा ने कहा कि भागदौड़ भरी जिंदगी और बाहर के भोजन पर बढ़ती निर्भरता पेट की बीमारियों का बड़ा कारण बन रही है। उन्होंने कहा कि मल में खून आने को केवल बवासीर समझ नजरअंदाज न करें, यह कैंसर जैसी बीमारी का संकेत हो सकता है।

# मोबाइल स्नेचरों ने छात्र को मारी गोली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** नगर के कर्नलगंज थाना क्षेत्र में बाइक सवार मोबाइल स्नैचरों ने इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के एक पीएचडी छात्र को गोली मार दी।

बदमाश एक छात्र का मोबाइल छीनकर भाग रहे थे। पीछा कर रोकने की कोशिश करने पर उन्होंने फायरिंग कर दी। गोली छात्र की जांघ में लगी, जिसके बाद उसे इलाज के लिए बेली अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि पुलिस ने अभी फायरिंग की पुष्टि नहीं की है और मामले की जांच की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जख्मी छात्र मिथिलेश कुमार द्ध24ऋ इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से पीएचडी कर रहा है और चौथम लाइन मोहल्ले में पंत हास्टल में रहता है। उसके मुताबिक शनिवार रात करीब 10.30 बजे वह अपने साथियों के साथ खाना खाने के बाद टहल रहा था। इसी दौरान वनस्पति अनुसंधान केंद्र, सलोरी ओवरब्रिज के पास बाइक सवार दो बदमाश एक छात्र का मोबाइल छीनकर पंत हास्टल की ओर भागने लगे। मोबाइल जिस छात्र का छीना गया, वह अंबेडकर हास्टल का रहने वाला बताया गया है। मोबाइल छिनने के बाद पीड़ित छात्र शोर मचाते हुए बदमाशों के पीछे दौड़ा। आवाज सुनकर मिथिलेश ने भी बदमाशों को रोकने की कोशिश की। आरोप है कि तभी बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने असलहा निकालकर फायरिंग कर दी। गोली मिथिलेश की जांघ में लगी और वह सड़क पर गिर पड़ा।

# गोंडा में फिर गर्जा बुलडोजर



**गोंडा।** जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गोंडा गिर्द के मोतियन मोहल्ले में तालाब की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर प्रशासन ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की है। सभासद प्रतिनिधि ऑफताब तन्हा की शिकायत पर जिलाधिकारी समेत संबंधित अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लेते हुए। दोपहर करीब 11 बजे प्रशासनिक टीम को बुलडोजर के साथ मौके पर भेजा और तालाब की भूमि को कब्जामुक्त करा दिया। कब्जा हटाने के बाद तालाब की खुदाई का कार्य भी शुरू करा दिया गया। सभासद प्रतिनिधि ऑफताब तन्हा ने बताया कि इस मामले की शिकायत पहले भी की गई थी, जिस पर अब प्रशासन ने प्रभावी कार्रवाई की है।

# पिछली सरकारों ने मछुआरों को केवल वोट बैंक समझा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/जालौन।** मेडिकल कालेज सभागार में मत्स्य विभाग द्वारा आयोजित प्रमाण पत्र वितरण एवं मत्स्य पालकों की गोष्ठी के आयोजन पर आए सभी मत्स्य पालकों का धन्यवाद करते हुए मंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए मत्स्य विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री एवं निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. संजय कुमार निषाद ने कहा कि वर्षों तक पिछली सरकारों ने मछुआ समाज और मत्स्य पालकों को केवल वोट बैंक समझने का कार्य किया।

समाज के विकास, रोजगार और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई। विभिन्न राजनीतिक दलों ने केवल मछुआ समाज को पीछे रखने का षडङंत्र रचा और समाज को भ्रमित करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि बहन वीरांगना फूलन देवी हमारी विरासत हैं और समाज की अस्मिता एवं सम्मान का प्रतीक हैं। हम किसी भी कीमत पर अपनी विरासत को किसी के द्वारा छीनने नहीं देंगे। समाज को बांटने भ्रम फैलाने की कोशिशें लगातार की जा रही हैं, लेकिन मछुआ समाज अब जागरूक हो चुका है। उन्होंने समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि हमें संगठित रहकर दल के साथ मजबूती से खड़ा रहना है। उन्होंने कहा कि हृदल और दलाल में बहुत बड़ा अंतर होता है।ह जो लोग समाज के हित और अधिकारों के लिए संघर्ष करते हैं, वही सच्चे साथी हैं,



**सरकार के मंत्री एवं निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. संजय कुमार निषाद ने सपा, बसपा पर साधा निशाना**

जबकि कुछ लोग केवल व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए समाज को गुमराह करने का प्रयास करते हैं। निषाद ने आरक्षण के मुद्दे पर पार्टी का स्पष्ट रुख रखते हुए कहा कि जो लोग आज निषाद पार्टी से आरक्षण पर सवाल पूछ रहे हैं, उन्हें पहले यह बताना चाहिए कि उन्होंने पिछले 70 वर्षों में मछुआ, निषाद, बिंद, केवट, कश्यप, रायकवार के आरक्षण के अधिकार के लिए क्या संघर्ष किया। जो लोग समाज को उसका संवैधानिक अधिकार नहीं दिला पाए, वही आज पांच वर्षों का जवाब मांग रहे हैं। विशेष रूप से बुंदेलखंड की जनता को सजग रहने की आवश्यकता है, क्योंकि कुछ लोग केवल समाज को ठगने और गुमराह करने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि हहमें अपने दल के साथ मजबूती से खड़ा रहना है, क्योंकि दल ही अपना घर होता है और संगठित समाज ही अपने अधिकार प्राप्त करता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं एवं समाज के लोगों से सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और समाज को एकजुट रखने का आह्वान किया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या
UP\MZN-01-\2026-28

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# गंगा दशहरे पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी, हर-हर गंगे से गूंजे घाट

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** ज्येष्ठ गंगा दशहरे के अवसर पर श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में गंगा स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया तो वहीं गंगा मैया की पूजा अर्चना कर अपने घर परिवार की स्मृद्धि की कामना भी की। भोर से प्रारंभ हुआ गंगा स्नान शाम तक चलता रहा।

**■ तिगरी एवं ब्रजघाट में रही भारी भीड़**



गंगा दशहरे पर स्नान के लिए रविवार की शाम से ही श्रद्धालु तिगरी व ब्रजघाट में पहुंचना शुरू हो गए थे। मध्य रात्रि में श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ गई। भोर से स्नान प्रारंभ होते ही घाटों पर आस्था उमड़ पड़ी। गंगा घाट श्रद्धालुओं से खचाखच भरे रहे। हर ओर श्रद्धालु ही श्रद्धालु दिखाई दे रहे थे। ब्रजघाट में तो स्नान के लिए स्थानीय नागरिकों के अलावा दिल्ली, पंजाब, हरियाणा तक के लोगों ने भी पहुंचकर स्नान किया। स्नान के दौरान हर-हर महादेव, जय मां गंगा के उद्घोषों से स्नान घाट भी गूंज उठे। स्नान के बाद श्रद्धालु घाटों पर पुरोहितों व निर्धन लोगों को दान देते नजर आए। उधर, विकास खंड के गांव तिगरीधाम में भी श्रद्धालुओं की भीड़ से गंगाघट अट गए। यहां भी भोर से शुरू हुआ स्नान का सिल. सिला दोपहर तक जारी रहा। तपती धूप में युवा श्रद्धालुओं ने गंगा के शीतल पानी में अठखेलियां करते हुए खूब मौज-मस्ती की। सोमवार को भीषण गर्मी का एहसास सुबह से ही होने लगा था। ऐसे में श्रद्धालु काफी-काफी देर तक गंगा में स्नान करते रहे। ब्रजघाट में श्रद्धालुओं ने नौका विहार भी किया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन भी सतर्क रहा। बता दें कि गंगा दशहरे का हिन्दु धर्म में विशेष महत्तव है। इस दिन ही महात्मा भागीरथ की पूजा अर्चना से प्रसन्न होकर गंगा मैया ने धरती पर अवतरण लिया था, तब से ही इस दिन को गंगा दशहरे के पर्व के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि आज के दिन दान करने से उसका कई गुना फल मनुष्य को प्राप्त होता है और गंगा मैया की कृपा से घरों में सुख, स्मृद्धि आती है। इस दिन विभिन्न क्षेत्रों में व्रत रखने की भी मान्यता है। वहीं गंगा दशहरे पर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए पुलिस-प्रशासन द्वारा हाइवे पर भारी वाहनों का रूट डायवर्ट रहा। केवल बसें और हल्के वाहन ही चले।

## पूठ घाट पर स्नान को उमड़े श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** जेष्ठ मास के पावन अवसर पर सोमवार को अमरोहा जनपद के हसनपुर स्थित प्रसिद्ध पूठ धाम गंगा घाट पर आस्था का भव्य नजारा देखने को मिला। गंगा दशहरा के पावन पर्व पर भोर होते ही लाखों श्रद्धालुओं ने पतित पावनी मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। भोर की पहली किरण के साथ ही पूरा घाट श्हर-हर गंगेश और श्जय मां गंगेश के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की और गरीबों को सामर्थ्य अनुसार दान-पुण्य कर पुण्य लाभ कमाया। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, गंगा दशहरा के दिन मां गंगा में स्नान करने से मनुष्य के दस प्रकार के कायिक, वाचिक और मानसिक पाप नष्ट हो जाते हैं और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह दिन राजा भगीरथ की उस कठोर तपस्या की याद दिलाता है, जिसके प्रयास से मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। सुरक्षा और व्यवस्था की दृष्टि से प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सुबह से ही विभिन्न वाहनों से श्रद्धालुओं का घाट पर पहुंचना शुरू हो गया था। भारी भीड़ को नियंत्रित करने और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पूरे मेला परिसर में भारी पुलिस बल तैनात रहा।

# वकील से चार लाख उधार लेकर मुकरा सिपाही

### तकाजा करने पर झूंठे मुकदमे में फंसाने की धमकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अधिवक्ता ने यूपी पुलिस के सिपाही पर चार लाख रुपये उधार लेकर वापस न करने और तकादा करने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर अदालत के आदेश के बाद शहर कोतवाली पुलिस ने आरोपी सिपाही के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बसावन गंज निवासी सिकंदर अली पेशे से अधिवक्ता हैं। उनका कहना है कि मूल रूप से हरियाणा के थाना व कस्बा पलवल के मोहल्ला हस्तिया कोट निवासी शकील अहमद यूपी पुलिस में सिपाही है। 2025 में उसकी तैनाती शहर कोतवाली क्षेत्र की मछरट्टा चौकी पर थी। उसने नौगावां सादात थाने में तैनात सिपाही की बहन की शादी में मदद करने का झांसा देकर चार लाख रुपये कुछ दिन के लिए बतौर उधार लिए थे। कहा था कि प्लाट बेचकर जल्द पैसे दे दूंगा। सिकंदर अली ने भरोसा कर शकील अहमद को पैसे दे दिए। इसी दौरान उसका तबादला आदमपुर थाने के लिए हो गया। अधिवक्ता सिकंदर

**■ कोर्ट के आदेश पर सिपाही के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

अली ने जब पैसों का तकादा किया तो वह आनाकानी करता रहा। ज्यादा तकादा करने पर झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेजने की धमकी दी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि जब सीओ व एसपी स्तर पर कार्रवाई नहीं हुई तो उन्होंने डीआईजी आफिस में शिकायती पत्र दिया था। आरोप लगाया कि वहां सीओ सिटी अभिषेक यादव मिले, जिन्होंने अभद्र व्यवहार किया। पीड़ित ने मामले में अदालत की शरण ली थी। गौरतलब है कि बीती 9 मई को आरोपी सिपाही शकील अहमद पर अधिवक्ता लारेब अली ने डेढ़ लाख रुपये लेकर न देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने मामले आरोपी सिपाही शकील अहमद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# छात्रा से छेड़खानी में चार पर मुकदमा

### कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने लिखी रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नगर के एक मोहल्ले में कारोबारी का परिवार रहता है। उनकी बेटी शहर के निजी स्कूल में कक्षा दस की छात्रा है। आरोप है कि स्कूल आते जाते मोहल्ला इस्लाम नगर निवासी अथर रास्ते में उसके साथ छेड़छाड़ व अश्लील हरकते करता था। विरोध के बाद भी आरोपी हरकतों से बाज नहीं आया और एक दिन मोबाइल से उसकी फोटो खींच ली। परेशान होकर परिजनों को बेटी की पढ़ाई बंद करनी पड़ी। आरोपी ने इसके बाद भी पीछा नहीं छोड़ा और घर के पास मंडराने लगा। कारोबारी ने आरोपी के परिजनों से जब इसकी शिकायत की तो वह रंजिश मानने लगा। पांच मार्च की रात करीब पौन ग्यारह बजे मोहम्मद अथर,फरहान उर्फ नन्हे, मोहम्मद उमेर उर्फ शब्बू, फुरकान समेत चार पांच अज्ञात लोगों ने कारोबारी के घर धावा बोल दिया। दरवाजा खुलते ही सभी जबरन घर मे घुस आए और छात्रा को जबरन अपने साथ ले जाने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने छात्रा की बहन के साथ मारपीट कर कपड़े फाड़ दिए। कारोबारी व उनके बेटे की भी बेरहमी से पिटाई की। आरोप है कि फुरकान ने गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। आरोप है कि कोतवाली पुलिस मेडिकल तो कराया लेकिन आरोपियों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज नहीं किया। लिहाजा कारोबारी को अदालत की शरण में जाना पड़ा। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में सीजेएम कोर्ट के आदेश पर मोहम्मद अथर, फरहान उर्फ नन्हे, मोहम्मद उमेर उर्फ शब्बू, व फुरकान के अलावा चार अज्ञात के खिलाफ शिकायत से सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# बीडीसी की बैठक में योजनाओं पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक में ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी ने विकास योजनाओं को लेकर चर्चा की। ग्राम प्रधानों और बीडीसी सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्र में विकास के लिए प्रस्ताव दिए।

**■ ब्लॉक के हर गांव में समुचित विकास: मीनाक्षी**



सोमवार को नगर के ब्लॉक सभागार में आयोजित बैठक में ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी ने कहा कि, शासन अंतोदय तक विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। गजरौला ब्लॉक क्षेत्र में भी ऐसा कोई गांव नहीं है जहां पर विकास न हुआ हो। बैठक में ग्राम विकास, पंचायती राज विभाग, मनरेगा, एनआरएलएम, आंगनबाड़ी, समाज कल्याण आदि योजनाओ के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गयी। बैठक में खण्ड विकास अधिकारी लोकचन्द, प्रमुख पति चौ0विरेन्द्र सिंह, सहायक विकास अधिकारी (ग्राम विकास) संजीव कुमार तुरेहा, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) सतेन्द्र कुमार, सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) पंकज कुमार, एपीओ मनरेगा सौरभ कुमार समेत ग्राम विकास एवं पंचायत अधिकारी, लेखाकार जितेन्द्र कुमार सिंह, वरिष्ठ सहायक बाबर खॉन, सुमित कुमार, सतेन्द्र सिंह, ओमकार सैनी, संजीव यादव, सलीम खां, पंकज चौधरी, नदीम खां, गजेन्द्र सिंह, हरकेश राणा आदि मौजूद रहे।

## सुरक्षा को लेकर संविदा कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** बिजली विभाग के संविदा कर्मचारियों की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर प्रदेश सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग तेज हो गई है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को भेजे गए ज्ञापन में उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन को निगम में शामिल करने तथा आउटसोर्स संविदा कर्मचारियों को अन्य विभागों की तरह सुविधाएं देने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश में बिजली व्यवस्था सुचारु रखने के लिए संविदा कर्मचारी हर परिस्थिति में कार्य कर रहे हैं, लेकिन सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। पिछले एक महीने में कार्य के दौरान 26 हादसे हुए, जिनमें 15 कर्मचारियों की मौत हो चुकी है जबकि 11 कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हैं। ज्ञापन में सरकार से पर्याप्त स्टाफ की नियुक्ति, सुरक्षा मानकों का पालन और कर्मचारियों को सम्मानजनक वेतन देने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों मे।जिलाध्यक्ष विपिन कुमार, सतपाल सिंह, संजीव कुमार, हेमराज, मुकुल व देवेंद्र शामिल रहे।

# कुर्बानी की वीडियो सोशल मीडिया न करें पोस्ट

### कोतवाली में हुई अमन कमेटी की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली परिसर में सोमवार शाम को आगामी त्योहार ईद-उल-अजहा (बकरीद) को लेकर अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने सभी से त्योहार को आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। बैठक के दौरान पुलिस प्रशासन ने त्योहार को लेकर कड़े और स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किये। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि खुले स्थानों पर कुर्बानी न करें, कुर्बानी केवल निर्धारित और निजी स्थानों पर ही की जाये। किसी भी हाल में प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न दी जाये। त्योहार के दौरान साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये। और कुर्बानी के अवशेषों को खुले में फेंकने के बजाये सही ढंग से निस्तारित किया जाये। यातायात और सार्वजनिक व्यवस्था को देखते हुए सड़क पर नमाज अदा न करने की अपील की गई। प्रभारी निरीक्षक राज. ेश कुमार तिवारी ने सख्त हिदायत दी कि सोशल मीडिया पर कुर्बानी से संबंधित कोई भी वीडियो या फोटो साझा न करें। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की भड़काऊ या अफवाह फैलाने वाली पोस्ट डालने वालों के खिलाफ पुलिस प्रशासन द्वारा सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। नगर पालिका द्वारा बताया गया कि नगर के संभल मार्ग,कनैटा रोड के अलावा पूठ रोड पर जानवरों की कुर्बानी के बाद अवशेषों के लिए गड्ढे बनाये गये है। बैठक में प्रशास. निक अधिकारियों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर मुख्य रूप से कस्बा इंचार्ज अंकुर मलिक, नगर पालिका लिपिक करन सिंह, शहर इमाम मुफ्ती मेराजुद्दीन, चमन अंसारी, मारूफ प्रधान, शराफत मलिक, मकसूद अहमद और हाजी वसीम आदि मौजूद रहे।

# दहेज हत्या में पति व सास गिरफ्तार

### दो आरोपी अभी भी फरार, मृतका के भाई की तहरीर पर दर्ज हुआ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात।** दहेज हत्या के मुकदमे में फरार पति व सास को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। फरार अन्य दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है।

दरअसल, बिजनौर जिले के शिवाला कलां थाना क्षेत्र के गांव इस्माईलपुर निवासी अब्दुल वहीद ने अपनी बेटी गुलसिताब की शादी एक फरवरी 2025 को थाना क्षेत्र के गांव बीलना में रहने वाले साहिल के साथ की थी। रविवार सुबह में गुलसिताब की संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए पति साहिल व सास अफसाना को मौके से हिरासत में ले लिया था। बाद में मृतका के भाई की तहरीर के आधार पर पति व सास के अलावा देवर अब्दुल्ला व ममेरे ससुर अफसर के खिलाफ दहेज हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने आरोपी पति व सास को गिरफ्तार कर चालान करने की बात कही।

## प्रशिक्षण कार्य का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एएनएम ट्रेनिंग सेंटर में चल रहे 108 व 102 एंबुलेंस सेवा के इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (ईएमटी) का मंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का 13वां बैच सोमवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुरादाबाद मंडल और आसपास के जिलों जैसे बिजनौर, मुरादाबाद, संभल, रामपुर, हापुड़ और अमरोहा के ईएमटी बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज संस्था द्वारा पूरे उत्तर प्रदेश में साल में दो बार आयोजित किया जाता है। ताकि आपातकालीन सेवाओं की गुणवत्ता को लगातार बेहतर बनाया जा सके।लखनऊ से आए मुख्य ट्रेनर नितिन कुमार और क्वालिटी ऑडिटर रजनीश कुमार ने प्रशिक्षण के दौरान ईएमटी को गंभीर रूप से घायल या बीमार मरीजों के लिए श्गोल्डन पीरियडश (आपातकाल के शुरुआती महत्वपूर्ण मिनट) के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि :सभी जरूरतमंदों तक समय से एंबुलेंस पहुंचाई जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों की जान बचाई जा सके। मरीजों को अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उचित प्राथमिक उपचार प्रदान किया जाये। मरीजों को सकुशल और सुरक्षित तरीके से नजदीकी अस्पताल तक पहुंचाया जाये।

## किसान नेताओं को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सोमवार को क्षेत्र में उस समय सियासी हलचल बढ़ गई जब उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को ज्ञापन देने जा रहे भारतीय किसान यूनियन (इंडिया) के किसान नेताओं को पुलिस ने उनके घरों पर ही हाउस अरेस्ट कर लिया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिमाक सिंह को उनके गांव छपना और जिला अध्यक्ष लोकेश बिधूड़ी को दौलतपुर कला में कार्यकर्ताओं सहित रोक दिया गया। भारी पुलिस बल की मौजूदगी के कारण किसान आगे नहीं बढ़ सके। जिसके बाद नेताओं ने किसानों की पांच सूत्रीय समस्याओं से संबंधित ज्ञापन मौके पर ही पुलिस को सौंप दिया। इस दौरान जिला अध्यक्ष लोकेश बिधूड़ी ने कहा कि किसानों की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। इस मौके पर श्याम सिंह, अमित, लोकेंद्र, संजय सिंह, मलखान सिंह, प्रवीण कुमार, पप्पू, धर्मेंद्र सिंह और जितेंद्र सिंह सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ढिल्लो के प्रत्याशी बनने पर प्रबंधकों ने बांटी मिठाई



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के बुद्धनगर स्थित सिद्धार्थ इंटर कॉलेज में वित्तविहीन स्कूल प्रबंधक एसोसिएशन अमरोहा गजरौला इकाई की बैठक में शिक्षक विधायक के चुनाव में डॉ.हरि सिंह ढ़िल्लो को प्रत्याशी घोषित करने पर मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष मूलचंद गिल ने कहा कि डॉ.हरि सिंह ढ़िल्लो ने हमेशा ही शिक्षकों की समस्याओं के लिए आवाज उठाई है। उनका व्यवहार इतना मृदुभाषी है कि कभी भी उनसे मुलाकात की जा सकती है। उन्हें भारतीय जनता पार्टी द्वारा फिर से शिक्षक विधायक के चुनाव में प्रत्याशी बनाना स्वागतयोग्य निर्णय है। उन्होंने कहा कि सभी वित्तविहीन स्कूलों के प्रबंधक दिन रात मेहनत करके डॉ.हरि सिंह ढ़िल्लो को चुनाव जिताने के लिए जुटें। अपनी अपनी संस्थाओं और अपने अपने परिचय के सभी शिक्षकों से आह्वान करें कि शिक्षक विधायक के चुनाव में डॉ.हरि सिंह ढ़िल्लो को अपना समर्थन देकर सर्वाधिक वरीयता के मतों से जीत दिलाएं। इस मौके पर प्रबंधकों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर रविराज सिंह, सर्वेंद्र सिंह, सुमित कुमार, कपिल सैनी, सदाकत अली, श्याम सिंह, अहसान अली, सतपाल सिंह चौहान, देवेन्द्र सिंह चौहान मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री की मंजूरी मिलने से प्रधानों में दौड़ी खुशी की लहर

# पंचायत चुनाव तक प्रधान ही संभालेंगे ज़िम्मेदारी

**सुमित अग्रवाल**

**मंडी धनौरा।** प्रदेश की ग्राम पंचायतों का कार्यकाल 26 मई को समाप्त होने जा रहा है, लेकिन पंचायत चुनाव होने तक वर्तमान ग्राम प्रधान ही प्रशासक बने रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। फैसले के बाद ग्राम प्रधानों में खुशी की लहर है। प्रधानों का कहना है कि इससे गांवों में विकास कार्य और प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित नहीं होगी। मंडी धनौरा क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया।




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का फैसला गांवों के हित में है। चुनाव तक प्रधानों को जिम्मेदारी मिलने से विकास कार्य नहीं रुकेंगे। गांवों में सफाई, पेयजल और निर्माण कार्य लगातार चलते रहेंगे। सरकार ने प्रधानों की मांग सुनकर अच्छा निर्णय लिया है।

**उधम गिल, ग्राम प्रधान ढयोटी**
**जिलाध्यक्ष ग्रामीण सत्ता पंचायती राज संघ**



सरकार के इस फैसले से पंचायतों में स्थिरता बनी रहेगी। चुनाव होने तक वर्तमान प्रधानों को जिम्मेदारी मिलना जरूरी था। इससे गांवों में चल रहे विकास कार्य प्रभावित नहीं होंगे। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों की जरूरत को समझते हुए सराहनीय निर्णय लिया है।

**मीना देवी, ग्राम प्रधान कमेलपुर**



मुख्यमंत्री के फैसले से प्रधानों में उत्साह है। चुनाव तक वर्तमान प्रधानों को प्रशासक बनाए रखने से गांवों की व्यवस्थाएं सुचारु रहेंगी। विकास योजनाएं समय पर पूरी होंगी और ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

**हरीश यादव, ग्राम प्रधान, मलेशिया**



यह फैसला पूरी तरह जनहित में है। पंचायतों में कई जरूरी कार्य लगातार चलते रहते हैं। वर्तमान प्रधानों को जिम्मेदारी मिलने से गांवों की प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत बनी रहेगी। मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायतों की जरूरत को समझते हुए बेहतर निर्णय लिया है।

**जसमीन जोत सिंह, ग्राम प्रधान पप्सरा बंगर**



पंचायत चुनाव तक प्रधानों को प्रशासक बनाए रखना जरूरी था। इससे गांवों में विकास कार्यों की गति बनी रहेगी। यदि व्यवस्था नहीं होती तो कई योजनाएं प्रभावित हो सकती थीं। मुख्यमंत्री ने समय रहते सही निर्णय लेकर ग्राम पंचायतों को राहत दी है।

**अदिशा, ग्राम प्रधान चुचैला कलां**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्राम पंचायतों के हित में अच्छा निर्णय लिया है। वर्तमान प्रधानों को जिम्मेदारी मिलने से गांवों में विकास कार्य और जनहित योजनाएं लगातार चलती रहेंगी। इससे ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होंगी।

**धर्मवीर भाटी, ग्राम प्रधान तोमड़ा**



गांवों में हर दिन कई जरूरी कार्य होते हैं। वर्तमान प्रधानों को प्रशासक बनाए रखने से इन कार्यों की निरंत. रता बनी रहेगी। सरकार ने प्रधानों की मांग को गंभीरता से लेते हुए सराहनीय निर्णय किया है। इससे गांवों में राहत का माहौल है।

**राजपाल सिंह, ग्राम प्रधान फाजलपुर**



प्रधानों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होने से सभी में उत्साह है। पंचायत चुनाव तक वर्तमान प्रधानों को जिम्मेदारी मिलने से गांवों में विकास कार्य लगातार चलते रहेंगे। मुख्यमंत्री के इस फैसले से ग्राम पंचायतों को बड़ी राहत मिली है।

**मनु यादव, ग्राम प्रधान, फौलादपुर**

# तहसील परिसर में बने उपनिबंधक कार्यालय

### तहसील बार ने डिप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सदर तहसील बार एसोसिएशन ने उपनिबंधक कार्यालय नवनिर्माणधीन तहसील परिसर में स्थापित कराए जाने और चैंबरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग को उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को तहसील बार के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक को ज्ञापन सौंपा। जिसमे कहा गया है कि उक्त प्रस्तावित उपनिबंधक कार्यालय नवनिर्माणधीन तहसील भवन गुलड़िया से 8 किलीमीटर दूर है। जो कृषको व आम जनता के लिए कष्टदायक है। जबकि उपनिबंधक कार्यालय व तहसील के समस्त कार्यालय व विभाग एक दूसरे के पूरक है। जनपद की चारों तहसीलों अमरोहा, धनौरा, नौगावां व हसनपुर में उपनिबंधक कार्यालय संचालित है। इसलिए नवनिर्मित तहसील में इस कार्यालय की व्यवस्था की जाए। और अधिवक्ताओं के लिए स्थाई चैम्बर्स एवं बार भवन का निर्माण कराया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में अध्यक्ष शकील अहमद एड.महासचिव संजीव कुमार, एसपी सक्सैना, रमेश चन्द्र गोयल, आसिफ हसन, महफूज अली, निरंजन सिंह, अभिनव, किरनपाल, महेश यादव आदि शामिल रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**
मैंने अपना नाम मौहम्मद अलताफ से बदलकर अलताफ हुसैन पुत्र शाहिद निवासी ग्राम रहरा तहसील हसनपुर जिला अमरोहा रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

**नाम परिवर्तन सूचना**
मैने अपना नाम सलाउद्दीन salauddin से बदलकर सलाहउद्दीन salahauddin पुत्र मौ. सद्दीक मौह. लालबाग हसनपुर जि. अमरोहा कर लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**FACULTY REQUIRED**
SHRI RAMSWAROOP SINGH MAHAVIDYALYA
LADANPUR, DHANURA, DISTT- AMROHA
Applications are invited for the following teaching posts:

| S.No. | POST | SUBJECT |
|---|---|---|
| 1. | 01 Post Principal | - |
| 2. | 02 Post Asst. Prof. | M.Sc. Chemistry |
| 3. | 02 Post Asst. Prof. | M.A. Geography |

QUALIFICATION & PAY SCALE
• As per UGC / Univ. Norms.
• Interested candidates can apply with all documents and Aadhar Card / Pan Card within 7 days.
CONTACT
Email (ईमेल): srsmahavidyalya@gmail.com
Phone (फोन): 9873400015

# महमूदाबाद की लीची इस बार लखनऊ बाजार में घोलेगी मिठास

**सीतापुर।** जिले की महमूदाबाद तहसील में पैदा होने वाली छोटे बीज और अधिक गूदे वाली लीची इस बार लखनऊ समेत आसपास के जिलों के बाजारों में विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगी। स्थानीय बागवानों की लीची फसल को लेकर व्यापारियों में उत्साह है और लखनऊ के फल विक्रेताओं ने पहले से ही किसानों से खरीद शुरू कर दी है। जिला उद्यान अधिकारी राजश्री ने सोमवार को बताया कि महमूदाबाद क्षेत्र के बागवान लीची उत्पादन में लगातार आगे बढ़ रहे हैं और उनकी उपज को लखनऊ के बाजारों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। इससे किसानों की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। मीरा नगर, ठाकुरपुर, सैदपुर और आसपास के गांवों में बड़े पैमाने पर लीची की बागवानी की जाती है। यहां शाही रोज, सेंटर बेदाना, अर्ली बेदाना, चीन, कलकतिया और कश्मीर जैसी उन्नत किस्मों की खेती हो रही है, जिनकी बाजार में अच्छी मांग है। उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि महमूदाबाद क्षेत्र की लीची की खासियत यह है कि यहां की बागवानी मुख्य रूप से जैविक तरीके से की जाती है।

# रीलबाज दरोगा लाइन हाजिर, दो दरोगा निलंबित

**सोशल मीडिया पॉलिसी उल्लंघन, अवैध हिरासत और महिला मामले में लापरवाही पर एसएसपी का बड़ा एक्शन**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिले में पुलिस विभाग में अनुशासनहीनता और लापरवाही पर एसएसपी अनुराग आर्य ने बड़ी कार्रवाई की है। सोशल मीडिया पर रील बनाने वाले एक दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया गया, जबकि अलग-अलग मामलों में लापरवाही बरतने वाले दो दरोगाओं को निलंबित कर दिया गया है। एसएसपी की इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।

फरीदपुर थाने में तैनात दरोगा शुभम सोम सोशल मीडिया पॉलिसी-2023 का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जद में आए। बताया गया कि उन्होंने "एसआई शुभ ठाकुर" नाम से इंस्टाग्राम आईडी बना रखी थी। इसी आईडी से रविवार को रील और पोस्ट साझा की गईं। जांच में आईडी की पुष्टि होने के बाद एसएसपी ने उन्हें तत्काल लाइन हाजिर कर दिया। मामले की प्रारंभिक जांच जारी है और आगे भी विभागीय कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है। वहीं, प्रेमनगर थाने के दरोगा शुभम चौधरी पर गंभीर आरोप लगने के बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। आरोप है कि 22 मई को उन्होंने एक आवेदक को अवैध हिरासत में लेकर मारपीट की और 50 हजार रुपये लेकर सादे कागज पर हस्ताक्षर करवाने के बाद छोड़ा। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी ने विभागीय जांच बैठा दी है।

तीसरी कार्रवाई हाफिजगंज थाना क्षेत्र की रिठौरा चौकी पर तैनात दरोगा चंद्रपाल सिंह पर हुई। उन पर महिला संबंधी शिकायत में लापरवाही बरतने का आरोप है। शिकायत के मुताबिक, 21 मई को एक महिला ने शादी समारोह में मोबाइल तोड़ने, छेड़खानी और पीछा करने की शिकायत की थी, लेकिन दरोगा ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। इस गंभीर लापरवाही पर एसएसपी ने उन्हें निलंबित कर दिया। एसएसपी अनुराग आर्य ने साफ संदेश दिया है कि पुलिस विभाग में अनुशासनहीनता, कर्तव्यों में लापरवाही और संवेदनशील मामलों में उदासीनता किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# ट्रांसफॉर्मर फुंकने से भड़के ग्रामीण बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रिछा।** ब्लॉक दमखोदा की ग्राम पंचायत मिलक पिछौड़ा में ट्रांसफॉर्मर फुंकने के बाद बिजली संकट गहरा गया है। नाराज ग्रामीणों ने सोमवार को बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर जल्द नया ट्रांसफॉर्मर लगाए जाने की मांग उठाई।



ग्रामीणों का कहना है कि गांव में करीब तीन दिन पहले 63 केवीए ट्रांसफॉर्मर में आग लग गई थी, जिससे पूरे गांव की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। मामले की सूचना कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को दी गई, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीणों के मुताबिक गांव में लगभग 350 बिजली कनेक्शन एक ही 63 केवीए ट्रांसफॉर्मर से जुड़े हैं, जिस कारण गर्मी के मौसम में ट्रांसफॉर्मर पर अधिक लोड रहता है और अक्सर खराबी आती रहती है।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि गांव की बिजली लाइनें काफी जर्जर हालत में हैं, जिसकी शिकायत भी विभागीय अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने गांव में 100 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर लगाए जाने और बिजली व्यवस्था को सुचारू करने की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में हसनैन कादरी, इसरार अहमद, कलाम, मोहम्मद आमिर खां, अहमद शेर खां, मोहम्मद हसन, नदीम, मुनाजिर हुसैन, छोटा मिस्त्री, ताहिर खां, अली हसन, शहंशाहबली, मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद शाहिद, कासिम अली, अफसर खां, जहीर खां, रियासत खां, इनायत रसूल, राशिद खां और अनिल कुमार समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

वहीं बहेड़ी के अधिशासी अभियंता चमन प्रकाश ने बताया कि मामला संज्ञान में आ गया है। जल्द ही ट्रांसफॉर्मर बदलवाकर ग्रामीणों की बिजली समस्या का समाधान कराया जाएगा।

## एक नजर

### शादीशुदा युवक पर युवती को भगाकर घर में रखने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे में एक युवती के लापता होने के मामले में नया मोड़ सामने आया है। परिजनों ने मोहल्ला साहूकारा निवासी विक्रम सिंह परमार पर युवती को बहला-फुसलाकर भगाने और जबरन विवाह की नीयत से अपने घर में रखने का गंभीर आरोप लगाया है।परिजनों के अनुसार युवती 20 मई को घर से बिना बताए चली गई थी, जिसके बाद थाना फतेहगंज पश्चिमी में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। अब परिवार का आरोप है कि विक्रम सिंह परमार युवती को अपने साथ ले गया है और पिछले कई दिनों से उसे अपने घर पर रखा हुआ है। आरोपी पहले से शादीशुदा है और उसका एक बच्चा भी है। आरोप है कि उसने अपनी पहली पत्नी को मायके भेज रखा है और युवती को प्रेमजाल में फंसा लिया। परिजनों ने आरोपी को आपराधिक प्रवृत्ति का बताते हुए युवती की सुरक्षा पर खतरा जताया है।इस मामले में विक्रम सिंह परमार की मां मालती सिंह पर भी सहयोग करने का आरोप लगाया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।मामले की जांच की जा रही है।

### दहेज में बाइक और नकदी की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र की एक विवाहिता ने पति, देवरों और सास पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता का कहना है कि अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया गया।पुलिस ने पति सहित चार लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अगरास निवासी अंजली ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी शादी 7 मई 2025 को थाना इज्जतनगर क्षेत्र की आर्यन कॉलोनी निवासी सुरेन्द्र पाल के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। विवाह में उसके परिजनों ने सामर्थ्य के अनुसार सोने की अंगूठी, घरेलू सामान, फर्नीचर, वाशिंग मशीन सहित अन्य सामान और नगदी दी थी।

आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद पति सुरेन्द्र पाल, देवर विकास, दुर्वेश और सास नन्ही देवी अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपये और मोटरसाइकिल की मांग करने लगे।मांग पूरी न होने पर आरोपियों ने विवाहिता का मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न शुरू कर दिया। पीड़िता का कहना है कि विरोध करने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ मारपीट की और उसे घर से बाहर निकाल दिया। आरोप है कि आरोपियों ने दोबारा ससुराल आने पर जान से मारने की धमकी भी दी। काफी समय से विवाहिता अपने मायके में रह रही है। पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

### बहन को भगा ले जाने के मामले में पैरवी करने वाले भाई को दबंगों ने पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे की चांडक्यपुरी बस्ती के रहने वाले एक युवक के साथ दबंगों ने रास्ते में घेरकर उसकी जमकर पिटाई कर डाली। गम्भीर रूप से घायल युवक की तहरीर पर पुलिस ने दबंगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

क्षेत्र के गांव मधुनगला का रहने वाला युवक कस्बे की चांडक्यपुरी बस्ती में रहता है। आरोप है कि जितेन्द्र कुमार की बहन को कस्बे की गुलशनगर बस्ती का रोहित भगा ले गया था, जिसकी कार्यवाही उसके द्वारा की गई थी जिससे रोहित उससे रंजिश मानने लगा था। गुजरी 23 मई की शाम करीब 8 बजे युवक जैसे ही अपनी बाइक से ग्राम मधुनगला से नगर आ रहा था कि वह जैसे ही जरेली पुलिया के पास पहुंचा, और पहले से ही वहां बैठे दबंगों ने उसकी बाईक को डंडा मारकर रोक लिया, और बाइक को गिराकर उसे बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया। उसके शोर मचाए जाने पर दबंग जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना की रिपोर्ट आरोपी रोहित, आशीष, अरुण और एक अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराई गई है।

### भगवत सरन साबित करें उनकी संस्था ब्लैक लिस्ट है?

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** सपा नेता पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार द्वारा रविवार को एक चौनल को दिए गए इंटरव्यू में क्षेत्र की मेधावी किसान क्लब सेवा ट्रस्ट पर ब्लैक लिस्ट होने के साथ ही संस्था को ही भदपुरा ब्लॉक की गौशाला का संचालन सौंपे जाने का आरोप लगाया था। पूर्व मंत्री के इस ब्यान पर संस्था ने पलटवार करते हुए उन्हें संस्था के ब्लैक लिस्ट होने का प्रमाण देने की चेतावनी दी है।

संस्था के अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष रामपाल गंगवार ने सपा नेता पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार पर गलत व्यानवाजी करने का आरोप लगाते हुए उन्हें अपना इलाज कराने की जरूरत बताई है। भाजपा नेता ने कहा कि अगर भगवत सरन गंगवार यह साबित कर दें कि उनकी संस्था ब्लैक लिस्ट है तो वह राजनीति छोड़ देंगे नहीं तो पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार को राजनीति से सन्यास ले लेना चाहिए।

कल रविवार को नगर में आयोजित सपा की बैठक के बाद पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार ने एक बयान में उक्त आरोप लगाया था।

### हरि सिंह ढिल्लो को पुनः बरेली मुरादाबाद शिक्षक प्रत्याशी बनाए जाने पर शिक्षकों में हर्ष


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** बरेली मुरादाबाद शिक्षक खण्ड के लिए भाजपा द्वारा डॉक्टर हरि सिंह ढिल्लो को एक बार फिर प्रत्याशी बनाए जाने पर क्षेत्र के शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। नगर के एसएसटी इंटर कॉलेज में आयोजित एक बैठक में विद्यालय के प्रबंधक टीआर गंगवार, शोभाराम प्रजापति, मुनीश मिश्रा, नवनीत गंगवार, रघुवीरसिंह बग्गा, भूपेंद्र गंगवार, सुरेंद्र गंगवार, भुवनेश कुमार, रूपेश गंगवार, प्रदीप सूरी, नत्थू लाल आर्य, मुनीश राठौर, ललित कुमार, उमाशंकर गंगवार, अर्पित गंगवार आदि ने डॉक्टर हरि सिंह ढिल्लो को पुनः प्रत्याशी बनाए जाने पर उन्हें बधाई दी है।

### नबाबगंज नगर पालिका में मिली भारी लापरवाही एडीएम के निरीक्षण में खुली पोल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पूर्णिमा सिंह ने सोमवार को नगर पालिका परिषद नबाबगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका की कार्यप्रणाली में कई खामियां सामने आईं। अधिशासी अधिकारी राम रतन अम्बेश कार्यालय से अनुपस्थित मिले, जबकि अधिकांश स्टाफ भी मौके पर मौजूद नहीं था।



**ईओ मिले गैरहाजिर, रिकॉर्ड अधूरे और कार्यालय में मिली गंदगी, वेतन रोकने के आदेश**

निरीक्षण के समय केवल कम्प्यूटर ऑपरेटर और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ही कार्यालय में उपस्थित मिले। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने बताया कि अधिशासी अधिकारी बाहर गए हुए हैं। इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने नगर पालिका के सम्पत्ति रजिस्टर समेत अन्य अभिलेखों का निरीक्षण किया, जो अपूर्ण और अव्यवस्थित पाए गए। कार्यालय में रिकॉर्ड बिखरे हुए मिले और साफ-सफाई की स्थिति भी बेहद खराब पाई गई। जगह-जगह गंदगी मिलने पर अपर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। अधिशासी अधिकारी की अनुपस्थिति और अधूरे अभिलेख मिलने के संबंध में राम रतन अम्बेश से तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसके साथ ही अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नबाबगंज को अधिशासी अधिकारी का वेतन रोकने के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) के निरीक्षण के बाद नगर पालिका प्रशासन व कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है।

## बकरी बांधने को लेकर बढ़ा विवाद, घर में घुसकर की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र के ग्राम टिटौली में बकरी बांधने को लेकर विवाद बढ़ गया।पीड़िता ने गांव के ही कुछ लोगों पर घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम टिटौली निवासी फरजाना पत्नी सज्जाद हुसैन द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया गया कि 21 मई को गांव की मुनीशा पत्नी मेहंदी हसन ने उसकी जगह में बकरी बांध दी थी। विरोध करने पर कल्लू उर्फ मेहंदी हसन, अब्दुल सईद, मुनीशा, इरफान, समशुल और हसनैन एकराय होकर उसके घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी, जिससे उसे चोटें आईं।

पीड़िता का आरोप है कि मामले की शिकायत थाना फतेहगंज पश्चिमी में करने के बाद आरोपी पक्ष रंजिश मानने लगा। आरोप है कि अगले दिन सुबह आरोपी दोबारा घर में घुस आए और फिर मारपीट की। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

पीड़िता की शिकायत पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के बाद थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बकरीद शांतिपूर्ण कराने को पुलिस का कड़ा प्लान तैयार

## सोशल मीडिया मॉनिटरिंग से लेकर पिकेट ड्यूटी तक, एसएसपी ने तैयारियों की ली पूरी रिपोर्ट

**खुले में कुर्बानी पर रोक, यूपी-112 और साइबर टीम को भी किया गया अलर्ट**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के मकसद से एसएसपी अनुराग आर्य ने पुलिस कार्यालय में जिले के समस्त अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारियों के साथ अहम गोष्ठी कर कानून-व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में त्योहार के दौरान संवेदनशील इलाकों की निगरानी, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, जनसुनवाई, यूपी-112 रिस्पांस और पुलिस इंतजामात को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए गए।

एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को हिदायत दी कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहकर बकरीद से जुड़े संभावित विवादों की जानकारी हासिल करें, तथा संवेदनशील स्थानों पर खास निगरानी रखें। पहले यूपी-112 पर मिली विवाद संबंधी सूचनाओं का सत्यापन कर मौजूदा हालात की समीक्षा करने और पुराने मामलों की गहराई से जांच कर जरूरी निवारक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पर पूरी तरह रोक सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा गया कि किसी भी सूरत में सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी न होने दी जाए। साथ ही कुर्बानी के बाद मीट को पूरी तरह ढककर और मुनज्जम तरीके से ले जाने के निर्देश दिए गए, ताकि वह आम लोगों को दिखाई न दे और किसी तरह की परेशानी पैदा न हो।



### सोशल मीडिया पर पुलिस की खास निगरानी

बकरीद के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। कुर्बानी से जुड़े वीडियो, भड़काऊ पोस्ट या सांप्रदायिक माहौल खराब करने वाली सामग्री साझा करने वालों के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साइबर टीम को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है।

एसएसपी ने सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखने के निर्देश देते हुए कहा कि कुर्बानी से जुड़े वीडियो या आपत्तिजनक सामग्री सोशल मीडिया पर साझा करने वालों तथा अफवाह फैलाकर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ फौरन सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाए। त्योहार के दौरान ईदगाहों का पहले से मुआयना कर साफ-सफाई, पेयजल और रोशनी की व्यवस्था की समीक्षा करने तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बेहतर तालमेल बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा उद्यानों, पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी तरह की अवांछनीय गतिविधियों को रोकने के लिए पर्याप्त पुलिस इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा गया। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल, मोबाइल गश्त और पिकेट व्यवस्था पहले से मजबूत रखने के भी निर्देश दिए गए।

### संवेदनशील इलाकों में बढ़ेगी पुलिस गश्त

पुलिस प्रशासन ने संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल, मोबाइल गश्त और पिकेट व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। ईदगाहों, पार्कों, सार्वजनिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष निगरानी रखी जाएगी, ताकि त्योहार अमन और भाईचारे के साथ सम्पन्न कराया जा सके।

एसएसपी अनुराग आर्य ने स्थानीय उलेमा, संभ्रांत नागरिकों और शांति समिति के सदस्यों से संवाद कायम कर आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने पर खास जोर दिया। साथ ही त्योहार के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू रखने और किसी भी आपात स्थिति में फौरन रिस्पांस सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। गोष्ठी में जनसुनवाई और थाना व्यवस्था को लेकर भी सख्त निर्देश जारी किए गए। एसएसपी ने कहा कि हर शिकायत का अंकन जनसुनवाई रजिस्टर में अनिवार्य रूप से किया जाए, तथा लंबित प्रार्थनापत्रों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित हो। पारिवारिक विवादों में संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा गया कि पुलिस चौकियों पर भी नियमित जनसुनवाई हो तथा सभी प्रार्थनापत्रों की बाकायदा रजिस्टर में प्रविष्टि की जाए।

उन्होंने सभी क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि वे रोजाना अपने क्षेत्र की कम से कम एक चौकी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा करें। आमजन के साथ शालीन और संवेदनशील व्यवहार करते हुए शिकायतों का निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

यूपी-112 और पीआरवी व्यवस्था की समीक्षा करते हुए एसएसपी ने निर्देश दिए कि मौके पर पहुंचने के बाद उपलब्ध रजिस्टर में हर सूचना का अंकन अनिवार्य रूप से किया जाए। विवाद के दोनों पक्षों से मौके पर ही बयान दर्ज कराया जाए, तथा रजिस्टर को थाना स्तर पर प्रस्तुत किया जाए। पीआरवी कर्मियों को वास्तविक स्थिति का सही अभिलेखीकरण करने और किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए गए।

बैठक के आखिर में एसएसपी अनुराग आर्य ने साफ कहा कि बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराना पुलिस प्रशासन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। कानून-व्यवस्था बिगाड़ने या नियमों के खिलाफ काम करने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग बिजली आपूर्ति ठप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** कस्बे के मोहल्ला खानपुरा स्थित ट्रांसफार्मर में सोमवार शाम अचानक भीषण आग लग गई, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और बिजली आपूर्ति ठप हो गई। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।बताया जाता है कि इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी के चलते बिजली की खपत बढ़ने से ट्रांसफार्मरों पर लगातार अधिक लोड पड़ रहा है। इसी बीच मोहल्ला खानपुरा स्थित ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते ट्रांसफार्मर से ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं, जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई।मोहल्ले में रहने वाले डॉ. सिफत बेग ने तत्काल बिजली विभाग के कर्मचारियों को घटना की सूचना दी। इसके बाद बिजली विभाग की टीम और दमकल विभाग मौके पर पहुंचा तथा काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने के कारण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति कुछ समय के लिए बाधित रही।

### कार की ई-रिक्शा से टक्कर, छह घायल, एक गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

मीरगंज। सीबीगंज बरेली निवासी लोकमन अपने साढ़ू महेंद्र गंगवार निवासी जाम के साथ बलेनो कार से जाम गांव जा रहे थे। इसी दौरान उनकी कार की ई-रिक्शा से टक्कर हो गई। हादसे में ई-रिक्शा सवार राजेश पुत्र पप्पू, पूनम पत्नी विजेंद्र पाल, विजेंद्र पाल पुत्र कल्लू लाल, देवेंद्र पुत्र रामदास, मुस्कान पुत्री विजेंद्र निवासी जाम तथा हरदयाल पुत्र डोरीलाल निवासी असदनगर घायल हो गए। घायलों को सीएचसी मीरगंज लाया गया।

# गौकशी की फिराक में घूम रहा बदमाश मुठभेड़ में दबोचा, पैर में लगी गोली

**क्योलड़िया पुलिस की कार्रवाई, तमंचा-कारतूस और नकदी बरामद, कई जिलों में दर्ज हैं मुकदमे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**क्योलड़िया।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देशन में गौतस्करी और पशु चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना क्योलड़िया पुलिस ने रविवार देर रात मुठभेड़ के दौरान एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लगी। उसके कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस, मोबाइल फोन और नकदी बरामद हुई है।

पुलिस के अनुसार 24-25 मई की रात थाना क्योलड़िया पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि थाना हाफिजगंज और क्योलड़िया बॉर्डर स्थित कैलाश नदी पुल के पास घने जंगल में कुछ बदमाश गौवंशीय पशुओं को पकड़कर वध करने की फिराक में हैं, और एक बदमाश मौके की रेकी कर रहा है।



सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जंगल में घेराबंदी की। खुद को घिरता देख एक बदमाश ने पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग शुरू कर दी, और भागने का प्रयास किया। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल अवस्था में उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम इकराम उर्फ हड्डी पुत्र असलम निवासी मोहल्ला हजियापुर थाना बारादरी, बरेली बताया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस 315 बोर, मोबाइल फोन और 570 रुपये नकद बरामद किए हैं। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक इकराम शातिर अपराधी है, जिसके खिलाफ बरेली, शाहजहांपुर, हापुड़ और सीतापुर समेत विभिन्न जनपदों में पशु चोरी, गौकशी, फायरिंग और आर्म्स एक्ट के करीब एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर भैंस चोरी और गौवंशीय पशुओं के वध की घटनाओं को अंजाम देता रहा है।

इस कार्रवाई को थाना क्योलड़िया में तैनात उपनिरीक्षक सौरव कुमार, उपनिरीक्षक अरिमर्दन सिंह, हेड कांस्टेबल नीरज कुमार, हेड कांस्टेबल कासिम अली और कांस्टेबल सचिन कुमार की टीम ने अंजाम दिया।

पुलिस के मुताबिक आरोपी के अन्य साथियों की तलाश में टीमें गठित कर दी गई हैं। मामले में थाना क्योलड़िया में धारा 109(1) बीएनएस व 25/27 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# हीट वेव को लेकर प्रशासन अलर्ट, दोपहर में धूप से बचने की अपील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए डीएम अविनाश सिंह ने जनपदवासियों से हीट वेव (लू) से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भारतीय मौसम विभाग के अनुसार जब किसी स्थान का तापमान लगातार तीन दिन तक सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस या अधिक बना रहता है, तो उसे हीट वेव या लू की स्थिति माना जाता है।

**डीएम ने जारी किए दिशा-निर्देश, ज्यादा पानी पीने और सतर्क रहने की सलाह**



डीएम ने बताया कि तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से अधिक होने पर शरीर वातावरण की गर्मी को सोखने लगता है, जिससे हीट स्ट्रोक या सन स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। लंबे समय तक तेज धूप या गर्म हवा के संपर्क में रहने से लू लग सकती है, जो गंभीर स्थिति में जानलेवा भी साबित हो सकती है। उन्होंने बताया कि हीट स्ट्रोक के दौरान शरीर की त्वचा गर्म और लाल हो जाती है, अत्यधिक पसीना आता है, नब्ज तेज चलती है तथा चक्कर, सिरदर्द, कमजोरी, उल्टी और भ्रम जैसी समस्याएं होने लगती हैं। गंभीर स्थिति में व्यक्ति बेहोश भी हो सकता है।

डीएम ने कहा कि गर्मी में शरीर में पानी और नमक की कमी होने से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। अधिक उम्र, हृदय रोग, मधुमेह, मोटापा और शराब के सेवन जैसी स्थितियां भी हीट स्ट्रोक की आशंका को बढ़ाती हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच धूप में निकलने से बचें और अत्यधिक मेहनत वाले कार्य न करें। डीएम ने लोगों को अधिक से अधिक पानी पीने, हल्के रंग के ढीले कपड़े पहनने, छाता, टोपी और धूप के चश्मे का उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान पानी साथ रखें तथा ओआरएस, छाछ, लस्सी और नींबू पानी जैसे पेय पदार्थों का सेवन करें। उन्होंने यह भी कहा कि लू से प्रभावित व्यक्ति को तुरंत छायादार स्थान पर ले जाकर गीले कपड़े से शरीर पोंछें और चिकित्सकीय सहायता दिलाएं। साथ ही छोटे बच्चों और जानवरों को बंद वाहनों में अकेला न छोड़ने की भी अपील की गई है। डीएम अविनाश सिंह ने कहा कि हीट वेव को लेकर जारी चेतावनियों पर ध्यान दें और किसी भी लक्षण के दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें, ताकि गर्मी से होने वाली गंभीर समस्याओं से बचा जा सके।

## बार एसोसिएशन ने लगाया नायब तहसीलदार पर भ्रष्टाचार का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अधिकारियों को पत्र भेज की जांच की मांग**

**नवाबगंज।** एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन ने तहसील में कार्यरत एक महिला नायब तहसीलदार पर कानून की धज्जियां उड़ाने के साथ ही भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए प्रदेश के राजस्व परिषद अध्यक्ष सहित आला अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर जांच कर कार्यवाही की मांग की है। संगठन के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार द्वारा प्रदेश के राजस्व परिषद अध्यक्ष, मण्डल आयुक्त, जिलाधिकारी के साथ ही एसडीएम को की गई शिकायत में नायब तहसीलदार पर ग्राम उदरनपुर के खध्वाजा हुसैन आदि बनाम साजिद अली मामले में वादी के कई तारीखों पर अनुपस्थित रहने के बाद भी पत्रावली को स्वार्थ वश खारिज न किए जाने का आरोप लगाते हुए इस मामले की जांच कर नायब तहसीलदार को न्यायिक कार्यों से हटाए जाने की मांग की है। संगठन द्वारा इससे पहले भी नायब तहसीलदार की शिकायत की गई थी, लेकिन कोई कार्यवाही न किए जाने से उनका मनोबल काफी बढ़ा हुआ है। संगठन के अध्यक्ष द्वारा आला अधिकारियों को भेजी गई शिकायत पर नायव तहसीलदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

## पंचायत चुनाव तक ग्राम प्रधान ही रहेंगे प्रशासक

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव संपन्न होने तक मौजूदा ग्राम प्रधान ही प्रशासक के रूप में कार्य करते रहेंगे। मुख्यमंत्री ल्वहप ।कपजलंदंजी ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। पंचायती राज विभाग रविवार देर शाम तक इससे संबंधित आदेश जारी कर सकता है। प्रदेश में पहली बार प्रशासनिक समिति बनाए जाने की तैयारी की गई है। इसके तहत पंचायत चुनाव होने तक गांवों में विकास कार्यों की जिम्मेदारी वर्तमान ग्राम प्रधानों के पास ही रहेगी। शासन के इस निर्णय से ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की निरंतरता बनी रहेगी और प्रशासनिक कार्य प्रभावित नहीं होंगे। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश की सभी 57 हजार 694 ग्राम पंचायतों का कार्यकाल 26 मई को समाप्त हो रहा है। ऐसे में पंचायत चुनाव होने तक वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर शासन स्तर पर मंथन चल रहा था। अब सरकार ने मौजूदा प्रधानों को ही प्रशासक बनाए रखने का निर्णय लिया है।

# बकरीद को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील सोशल मीडिया पर रहेगी प्रशासन की पैनी नजर

### पंचायत भवन सभागार में डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में पंचायत भवन सभागार में जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ पीस कमेटी के सदस्य भी उपस्थित रहे।जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन सोशल मीडिया की गतिविधियों पर गंभीरता से निगरानी कर रहा है। किसी भी प्रकार की भ्रामक, आपत्तिजनक या माहौल बिगाड़ने वाली पोस्ट पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि कोई नई परंपरा शुरू करने का प्रयास न करें और पूर्व से चली आ रही व्यवस्थाओं का ही पालन करें।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने कहा कि खुले में कुर्बानी करने या अवशेष फेंकने की अनुमति नहीं होगी। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पर भी पूरी तरह रोक रहेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि कुर्बानी से जुड़े फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा न करें, क्योंकि इससे अन्य लोगों की भावनाएं प्रभावित हो सकती हैं।बैठक में हीट वेव से बचाव को लेकर भी जागरूक किया गया।





अधिकारियों ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के 'सचेत ऐप' की उपयोगिता बताते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की।एडीएम सिटी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि बकरीद के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं के लिए मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। वहीं विद्युत विभाग ने तीन दिन निर्बाध बिजली आपूर्ति का भरोसा दिया। नगर निगम की ओर से ईदगाहों में साफ-सफाई, पेयजल और विशेष सफाई व्यवस्था के लिए कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

## जिला बार एसोसिएशन में डीएम राजेन्द्र पैंसिया का स्वागत, बोले- बार और बेंच संविधान के प्रहरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद** जिला बार एसोसिएशन सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया का स्वागत किया गया। इस अवसर पर डीएम को पुष्प हार पहनाया गया तथा स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र व रेवेन्यू मैनुअल पुस्तक भेंट की गई। अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि बार और बेंच दोनों वादकारी हित के लिए कार्य करते हैं। हम सब संविधान के प्रहरी हैं तथा संविधान के अनुरूप ही कार्य करते हैं। उन्होंने न्यायिक प्रक्रिया को सुचारु रखने में अधिवक्ताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। सभा में वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल पाल सिंह, शेर सिंह बौद्ध, सोमपाल सिंह, जयवीर सिंह व डीजीसी सिविल अजय गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में संध्या दीक्षित, भीकम सिंह, ध्रुव कुमार सक्सेना, वैशाली गुप्ता, रविता चौधरी, फुरकान अहमद, निमिष यादव, गजेन्द्र पाल सिंह, धर्मेंद्र कुमार, दीपांकर शर्मा, सोमनाथ पुरी, ललित अरोड़ा, सत्यपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह चौहान, सचिन सक्सेना, आबिद हुसैन, गुलफशा, रागनी ठाकुर, चौतन्य पाल सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। सभा की अध्यक्षता बार अध्यक्ष हर प्रसाद ने की, जबकि संच.ालन प्रकाश वीर सिंह ने किया।



## जिला समाजवादी व्यापार सभा की मासिक बैठक संपन्न व्यापारियों की समस्याओं व संगठन विस्तार पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिला समाजवादी व्यापार सभा की मासिक बैठक दिनांक 25 मई सोमवार कों सिविल लाइन स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित की गई बैठक जिलाध्यक्ष तुषार रस्तोगी के सानिध्य में संपन्न हुई। मुख्य अतिथियों के रूप मे समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष जयवीर सिँह यादव, महासचिव फुरकान अली जिला प्रवक्ता धर्मेन्द्र यादव शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष तुषार रस्तोगी ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा समाजवादी व्यापार सभा की बैठकों में मुख्य रूप से आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव की रूपरेखा तैयार करने और व्यापारियों की समस्याओं को उठाने पर जोर दिया जा रहा है। कार्यकारिणी का विस्तार पर जोर दिया गया और नए पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक मे व्यापारियों का उत्पीड़न भाजपा सरकार की नीतियों विशेषकर जटिल जीएसटी व्यवस्था, बढ़ती महंगाई और ऑनलाइन कंपनियों के प्रभाव से चौपट होते करोबार पर चिंता जताई।उन्होंने कहा हमारा मुख्य फोकस बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं और व्यापारियों को जोड़ने, मतदाता सूची पुनरीक्षण, और राज्य में पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लेने पर है। बैठक में संगठन की मजबूती, व्यापारियों की समस्याओं, बाजार व्यवस्था तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जयवीर यादव ने व्यापारियों के हित में समाजवादी पार्टी की नीतियों पर प्रकाश डाला और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, व्यापारियों को एकजुट करने तथा समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंच.ाने का संकल्प लिया गया। जिलाध्यक्ष जयवीर सिँह यादव समाजवादी व्यापार सभा जिलाध्यक्ष तुषार रस्तोगी ,अतहर हुसैन अंसारी,फुरकान अली, धर्मेन्द्र यादव, विजय वर्मा,खलील अहमद,शैलेन्द्र यादव, मो० असलम कादरी,मासूम रजा,इस्लाम कुरैशी,राजेश कुमार,सरताज आलम अंसारी कामिल मंसूरी, मोहन सिँह,जितेंद्र प्रजापति आदि प्रमुख थे।



## प्रतिमा स्थापना दिवस पर चामुंडा देवी मंदिर में विशाल भंडारा

**चन्दौसी।** सोमवार को मौलागढ़ स्थित चामुंडा देवी मंदिर परिसर में प्रतिमा स्थापना के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन-यज्ञ एवं विधि-विधान से पूजन-अर्चन के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच आहुति देकर माता रानी से सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। हवन-यज्ञ के पश्चात भंडारे का शुभारंभ किया गया, जो देर रात तक चलता रहा। भंडारे में शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में दिनभर भक्तों की भीड़ लगी रही और माता रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए बैठने, पेयजल एवं प्रसाद वितरण की समुचित व्यवस्था की गई थी। महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भंडारे में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतिमा स्थापना के चार वर्ष पूर्ण होने पर प्रत्येक वर्ष धार्मिक आयोजन किए जाते हैं। इस दौरान सोमपाल, किरनपाल, रामकिशोर, हेमसिंह, अरविंद पाल, डिंपल, कुमकुम, हरस्वरुप पाल आदि का विशेष सहयोग रहा।



## डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के विमान में टेकऑफ से पहले तकनीकी खराबी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** भदासना एयरपोर्ट: उत्तर प्रदेश सरकार के चार्टर्ड प्लेन बी-200 विमान में तकनीकी खराबी आने के बाद बड़ा हादसा टल गया है,एटीसी इंचार्ज अजय कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक मुरादाबाद दौरे के बाद सोमवार के दिन लखनऊ रवाना होने वाले थे, तभी अचानक टेकऑफ से ठीक पहले अचानक चार्टर्ड प्लेन के इंजन में खराबी आ गई, प्लेन के दोनों इंजन स्टार्ट हो गए उसके बाद विमान में चालक ने कुछ तकनीकी खराब होने की बताई,तकनीकी टीम ने तुरंत एयरपोर्ट प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां फौरन अलर्ट मोड पर आ गई, प्लेन में तकनीकी खराबी के चलते उड़ान को तत्काल रोक दिया गया, राहत की बात तो ये रही कि समय रहते सभी सुरक्षा उपाय पूरे कर लिए गए इससे कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक एयरपोर्ट पर लगभग 4:30 बजे मीटिंग कर रहे थे, मीटिंग के बाद जैसे ही एयरोप्लेन से लखनऊ जाने के लिए चले तो पायलेट ने तकनीकी खराब होने की बात बताई इसके बाद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक शाम के 5:15 बजे भदासना एयरपोर्ट से ही सड़क मार्ग से होते हुए, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच लखनऊ के लिए रवाना हो गए, तो वहीं विमान में आई तकनीकी खराबी की टेक्निकल टीम बारीकी से चार्टर्ड प्लेन में आई खराबी की जांच करने में जुट गई है।






## गंगा दशहरा पर रामगंगा तट पर उमड़ा आस्था का सैलाब, श्रद्धालुओं ने लगाई पुण्य की डुबकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ज्येष्ठ माह के पावन गंगा दशहरा पर्व पर सोमवार सुबह से ही रामगंगा नदी तट श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति से सराबोर नजर आया। तड़के से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामगंगा घाटों पर पहुंचने लगे।

महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने श्रद्धा भाव के साथ रामगंगा में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया तथा परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।घाटों पर सुबह से ही धार्मिक माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने "हर-हर गंगे" और "जय मां गंगे" के जयकारों के साथ पवित्र डुबकी लगाई। स्नान के बाद लोगों ने पूजा-अर्चना कर मां गंगा से सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। कई श्रद्धालुओं ने घाटों पर दीपदान और दान-पुण्य भी किया।गंगा दशहरा पर्व को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा और व्यवस्थाओं के विशेष इंतजाम किए गए थे। घाटों पर पुलिस बल तैनात रहा तथा गोताखोरों और स्वास्थ्य टीमों को भी अलर्ट मोड पर रखा गया।

भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग और यातायात व्यवस्था भी सुचारु रखी गई।पर्व के दौरान घाटों के आसपास मेले जैसा माहौल देखने को मिला। बच्चों और युवाओं ने मेले का आनंद लिया, वहीं स्थानीय दुकानदारों की दुकानों पर भी अच्छी खासी भीड़ दिखाई दी। पूजन सामग्री, खिलौने और खानपान की दुकानों पर लोगों की आवाजाही लगातार बनी रही। श्रद्धालुओं का कहना था कि गंगा दशहरा पर पवित्र नदी में स्नान करने से सभी पापों का नाश होता है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। पूरे दिन रामगंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही और वातावरण भक्तिमय बना रहा।



## भीषण गर्मी में आस्था भारी 121 महिलाओं ने निकाली पीताम्बरी कलश यात्रा

**मुरादाबाद।** नगर पंचायत पाकबड़ा में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। मंदिर से 121 श्रद्धालु महिलाओं ने पीताम्बरी वस्त्र धारण कर कलश यात्रा निकाली। यात्रा में शामिल महिलाओं ने भीषण गर्मी के बावजूद उत्साह के साथ उस परमात्मा का धन्यवाद अदा किया। श्री महाकालेश्वर धाम में आज श्री ओमसेज परिवार के महेश, सुरेश, विनोद, रजनीश, जिया, शैली, रामबाबू भटनागर, राजेश, अनिल अग्रवाल सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे। देवालय में श्री महाकालेश्वर, हनुमान जी, गणेश जी, श्री रामलला, शनिदेव समेत सभी देवतागण विराजमान हैं। कलश यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर मंदिर की परिक्रमा की और सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजकों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र में धार्मिक जागरूकता फैलाना और सामूहिक प्रार्थना के माध्यम से शांति-सद्भाव बनाए रखना है। भीषण गर्मी के बावजूद महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।



## एक नजर

### बाइक में टक्कर मारने वाले पिकअप चालक के खिलाफ एफआईआर

**कांठ ( शाह टाइम्स )** टक्कर मारकर बाइक सवार को घायल करने के आरोप में पुलिस ने एक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है निकट जनपद बिजनौर के थाना स्योहारा के मोहल्ला चौधरियान निवासी अनवरी खातून पत्नी बाबू खान का आरोप था कि 23 मई को करीब 1:00 बजे उसका पुत्र शहजाद काठ के बाजार से खरीददारी करके अपनी बाइक से वापस आ रहा था मिश्रीपुर तिराहे के पास पहुंचा तो पिकअप चालक अंकित ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे उसके पुत्र के गंभीर चोट आई और मोटरसाइकिल छतिग्रस्त हो गई पीड़िता थाने पहुंची और पिकअप चालक के खिलाफ तहरीर दी।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

### भाई से नाराज होकर लड़की लापता पिता ने गुमशुदी कराई दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** नगर के घोसीपुरा निवासी योगेंद्र का कहना था कि 24 मई को जब वह शाम 4:00 बजे घर पहुंचा तो उसकी पत्नी ने बताया कि उसकी पुत्री छोटे भाई से नाराज होकर कहीं चली गई है।

बताया गया की चार-पांच दिन पहले भी नाराज होकर चली गई थी जो शाम तक वापस आ गई थी लेकिन इस बार वह वापस नहीं लौटी काफी तलाश करने पर जब नहीं मिली तो पीड़ित पिता थाने पहुंचा और गुमशुदी दर्ज कराने को तहरीर दी पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए लड़की की तलाश के लिए आवश्यक कदम उठाए है।

### भीषण गर्मी में ड्यूटी कर रहे यातायात पुलिस कर्मियों का व्यापार मंडल ने किया सम्मान



**चन्दौसी।** भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच नगर की यातायात व्यवस्था संभाल रहे पुलिसकर्मियों के सम्मान में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई द्वारा फव्वारा चौक पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में यातायात पुलिसकर्मियों को पटका पहनाकर एवं छाते भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने किया। इस दौरान यातायात प्रभारी जग रोशन सहित अन्य पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया।

व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने कहा कि भीषण गर्मी में भी यातायात पुलिसकर्मी पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं, जो सराहनीय है। नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि तेज धूप और गर्मी के बावजूद पुलिसकर्मी जनता की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में जुटे हुए हैं। ऐसे कर्मठ और देशभक्ति की भावना से कार्य करने वाले पुलिसकर्मी सम्मान के पात्र हैं।वहीं नगरपालिका अध्यक्ष ने कहा कि फव्वारा चौक पर यातायात पुलिसकर्मियों के बैठने की उचित व्यवस्था कराई जाएगी, ताकि ड्यूटी के दौरान उन्हें राहत मिल सके। कार्यक्रम में शुभम अग्रवाल, तुषार, रितिक वार्ष्णेय, सागर गुप्ता, निशांत शर्मा सहित नगर के अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### सैफनी बॉर्डर के गांव सौंदा में जन चौपाल ईद पर सौहार्द बनाए रखने की अपील



**कुन्दरकी।** आगामी ईद-उल-अजहा त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए सोमवार को थाना कुंदरकी क्षेत्र व थाना सैफनी, रामपुर बॉर्डर के गांव सौंदा में जन चौपाल का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी हम्बीर सिंह जादौन ने ग्रामीणों को सौहार्द बनाए रखने और कोई नई परंपरा न डालने की अपील की। जन चौपाल में गांव के पूर्व व वर्तमान प्रधान, मौलाना, संभ्रांत नागरिकों व आमजन ने भाग लिया। पुलिस अधिकारियों ने ईद के दृष्टिगत सभी से भाईचारे के साथ त्योहार मनाने को कहा। ग्रामीणों को गांव को जुआ, सट्टा, अवैध शराब जैसे अपराधों से मुक्त करने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस ने अपराधियों को अपराध छोड़ने की सख्त हिदायत देते हुए अपराध नियंत्रण में सहयोग की अपील की।

### महोबा में नीट छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**मुरादाबाद।** महोबा जनपद में नीट की छात्रा के साथ हुए जघन्य सामूहिक दुष्कर्म की घटना को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को सड़कों पर उतरकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग उठाई।प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस प्रति.निधिमंडल ने राज्यपाल उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी द्वारा नामित अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश में महिलाओं और छात्राओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि मामले में शामिल सभी आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही पीड़िता छात्रा और उसके परिवार को सुरक्षा प्रदान करने, आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने तथा बेहतर चिकित्सा सुविधा देने की मांग भी उठाई गई।प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि पीड़िता को जल्द न्याय नहीं मिला तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन को और तेज करेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।





# अवैध निर्माण पर चला तहसील प्रशासन का बुलडोजर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** आईएएस श्री साई आश्रित शाख मुरी द्वारा एसडीएम का चार्ज लेने के बाद तहसील क्षेत्र में अवैध कब्जा करने बालों के खिलाफ लगातार अभियान चल रहा है। इसी क्रम में ग्राम जलालपुर के प्रधान गोपीचंद की ऑनलाइन शिकायत पर नायब तहसीलदार अनंग राज सिंह के नेतृत्व में पुलिस व प्रशासन की टीम द्वारा वर्षों से किए गए अवैध कब्जे को हटाने के लिए बुलडोजर कार्यवाही की गई। ग्राम प्रधान की ऑनलाइन शिकायत के बाद तहसीलदार ने मामले में जांच कराई, जांच में अवैध कब्जा पाया गया। उसके बाद टीम गठित कर इस अवैध निर्माण पर प्रशासन ने बुलडोजर चलाया है। भूमाफियाओं और अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ लगातार जारी अभियान से हड़कंप मचा हुआ है। इस दौरान राजस्व निरीक्षक विनोद कुमार शर्मा, राजस्व लेखपाल अमित कुमार, दीपक चौधरी, सचिन भाटी, शम्भू कुमार समेत भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

# हाईवे के नीचे न हो कोई अतिक्रमण: डीएम

**■ जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएमने दिए दिशा निर्देश**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की कैलेंडर वर्ष 2026 की पांचवीं बैठक का आयोजन जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गांधी सभागार में संपन्न हुआ। बैठक में दिनांक 20 मई 2026 को मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय सड़क सुरक्षा समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किए जाने हेतु समस्त स्टेकहोल्डर विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद की प्रत्येक तहसील में दुर्घटना संभावित प्रमुख स्थलों को चिन्हित कर उनके लिए कार्ययोजना तैयार करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। कस्बा अमरिया तथा जहानाबाद बाईपास पर खराब प्रकाश व्यवस्था को शीघ्र ठीक कराने हेतु एनएचएआई के साइट इंजीनियर को निर्देशित किया गया। नवनिर्मित आसाम चौराहा फ्लाईओवर के नीचे हो रहे अतिक्रमण को रोकने तथा पूर्व में स्थापित पुलिस चौकी के लिए नए स्थान का चयन कर वहां पुलिस चौकी निर्माण की कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। कई स्थानों पर मुख्य मार्गों से जुड़ने वाले लिंक रोडों पर स्पीड ब्रेकर निर्माण एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद में रोडवेज बसों का संचालन केवल निर्धारित स्थानों से किए जाने हेतु परिवहन निगम के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी द्वारा अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग परिवहन के विरुद्ध राजस्व विभाग, खनन विभाग, पुलिस विभाग एवं परिवहन विभाग को संयुक्त रूप से निरंतर अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। जिला सड़क सुरक्षा समिति की उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर, उप जिलाधिकारी पूरनपुर, नगर मजिस्ट्रेट, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, लोक निर्माण विभाग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अभियंता, एनएचएआई एवं अन्य कार्यदायी संस्थाओं के साइट इंजीनियर, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी, शिक्षा विभाग के अधिकारी तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# शिक्षक एमएलसी चुनाव-विपक्ष के लिए आसान नहीं है डगर

**शाह टइम्स संवाददाता**



**बिसौली।** बरेली मुरादाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भले ही समाजवादी पार्ट्री ने चुनाव से एक वर्ष अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया हैं।पर समा. जवादी पार्ट्री सहित विपक्ष को इस बार भी राह आसान नहीं हैं। समाजवादी पार्ट्री ने पूर्व निर्दलीय प्रत्याशी विजनोर हाजी दानिश को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया हैं। भाजपा ने वर्तमान एमएलसी डॉ हरि सिंह ढिल्लो को फिर अपना प्रत्याशी घोषित किया हैं। 2020 के चुनाव में डॉ हरि सिंह ढिल्लो ने सपा प्रत्याशी संजय मिश्रा को बड़े अंतर से हराया था। कुल 36000 पड़े वोट में से डॉ हरि सिंह ढिल्लो को 12887 वोट मिले थे जबकि सपा के संजय मिश्रा को 4864 वोट मिले थे। इस बार सपा ने जिन दानिश अली को प्रत्याशी बनाया है उन्हें 2020 में निर्दलीय प्रत्याशी के बतौर 723 वोट मिले थे।ऐसे में बतौर पीडीए प्रत्याशी दानिश अली कितनी टक्कर दे पाते है यह वक्त बताएगा।भाजपा के घोषित प्रत्याशी व वर्तमान विधान परिषद डॉ हरि सिंह ढिल्लो शिक्षकों के बीच सक्रिय और लोकप्रिय है,विधान परिषद शिक्षक चुनाव के लिए सपा ने दानिश अली को अपना प्रत्याशी घोषित कर चुकी हैं।सपा और कांग्रेस भले ही इंडिया गठबंधन में शामिल है पर दोनों ने विधान परिषद चुनाव अकेले लड़ना तय किया हैं। सपा प्रत्याशी दानिश अली ने शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में आने वाले 11लोकसभा व 51 विधान सभा क्षेत्रों में सम्पर्क शुरू कर दिया हैं। अभियान शुरू कर दिया हैं।शिक्षक नेता व डॉ हरि सिंह ढिल्लो के समर्थक राजकुमार शर्मा का कहना है कि इस बार डॉ हरि सिंह ढिल्लो की जीत का अंतर पहले से कही ज्यादा रहेगा।

# पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों को चिंता जताई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार की जा रही बढ़ोतरी ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। केंद्र सरकार ने एक बार फिर पेट्रोल में 2.61 रुपए और डीजल में 2.71 रुपये की बढ़ोतरी करके यह साबित कर दिया से है कि उसे गरीब, किसान, मजदूर, व्यापारी और मध्यम वर्ग की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है। सबसे दुखद बात यह है कि सिर्फ इसी महीने में चौथी बार ईंधन के दाम बढ़ाए गए हैं। जब जनता पहले से ही महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट से जूझ रही है, ऐसे समय में बार-बार कीमतें बढ़ाना पूरी तरह जनविरोधी फैसला है। डीजल की कीमत बढ़ने का सबसे ज्यादा असर किसानों पर पड़ता है। जुताई से लेकर सिंचाई और फसल ढुलाई तक हर काम डीजल पर निर्भर है।

# बेनहर की सभी शाखाओं में हुआ समरकैम्प का शुभारम्भ

**■ बेनहर पब्लिक स्कूल में 20 वें डे-नाइट समर कैंप का आयोजन**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** बेनहर पब्लिक स्कूल में सोमवार से डे-नाइट समर कैंप का उत्साह और उमंग के साथ शानदार शुभारंभ हुआ। विद्यालय की संस्थापिका रंजीत सैहमी, प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी, मैनेजिंग डायरेक्टर परविंदर सिंह सैहमी, मैनेजिंग ट्रस्टी गुरदित्त सिंह सैहमी, कैंप इंचार्जेस-रोशनी बाग्गा निर्मला शर्मा, नेहा पांडे ने रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ा कर समर कैंप का उद्घाटन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रीष्मकालीन शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास रचनात्मकता एवं नई प्रतिभाओं को निखारने का एक उत्कृष्ट माध्यम है। समर कैंप के माध्यम से बच्चों को नई-नई गतिविधियाँ सीखने का अवसर मिलता है जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है, व्यक्तित्व विकास जैसी गतिविधियों के द्वारा विद्यार्थियों को अपने कार्य स्वयं करने की प्रेरणा दी जाती है। उद्घाटन समारोह को सफल बनाने में दीक्षा, सुलभ,साक्षी, अविरल, सोनम, सपना आदि शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उद्घाटन सत्र के पश्चात पूर्वाह्न में हुई प्रमुख गतिविधि क्ले रिलीफ म्यूरल पेंटिंग कक्षा 6 से 9 तक की छात्राओं के लिए, वहीं संगीत वाद्य एवं गायन गतिविधि कक्षा 6 से 9 तक के छात्रों के लिए, फायरलेस कुकिंग कक्षा 9 से 12 तक की छात्राओं के लिए विभिन्न प्रकार की वर्कशॉप विशेषज्ञों द्वारा आयोजित की गई। इस समर कैंप में 200 से अधिक छात्र और छात्राएं एवं अध्यापकगण सहभागिता कर रहे हैं।

यह सभी विद्यार्थी प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी, मैनेजिंग ट्रस्टी गुरदित सिंह सैहमी, एक्टिविटी इंचार्ज रोशनी बग्गा, निर्मला शर्मा, नेहा पांडेय वह शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में अपने अनुभवों को और अधिक समृद्ध बनाएंगे। बेनहर किड्स वर्ल्ड बेनहर कैंपस रोड व एकता नगर प्रांगण में सोमवार से पांच दिवसीय समर कैंप का आरंभ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में नर्सरी इंचार्ज मोहिनी उपाध्याय व रीना सक्सेना ने मुख्य अतिथि मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. परविंदर सिंह सैहमी, एडमिनिस्ट्रेटर गुरदीत सिंह सैहमी, विद्यालय की प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी, एक्टिविटीज इंचार्ज रोशनी बग्गा का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर किया।

बेनहर गुरुकुल कैंपस में सोमवार प्रात: समर कैंप का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर गुरदित्त सिंह सैहमी, संस्थापिका रंजीत सैहमी और प्रधानाचार्या डॉ निर्मल कौर ,बेनहर पब्लिक की हेडमिस्ट्रेस रचना वाधवा ,बेनहर गुरुकुल की हेडमिस्ट्रेस पल्लवी पांडे, एक्टिविटी इंचार्ज गुरसेवक सिंह, एकेडमिक इंचार्ज आयुषी दीक्षित ने सामूहिक रूप से फीता काटकर बच्चों की अनेकानेक कलात्मक और मनोरंजक गतिविधियों को उड़ान दी। विद्यालय के डायरेक्टर डॉक्टर परविंदर सिंह सैहमी ने प्रतिभागी बच्चों को शुभकामनाएं दी।

# ईसाई बनने पर सरकारी नौकरी और सुंदर लड़की से शादी का प्रलोभन देते ईसाई धर्म प्रचाकर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पूरनपुर।** थाना सेहरामऊ उत्तरी पुलिस द्वारा ग्राम जोगराजपुर में ईसाई धर्म प्रचारक को धर्म परिवर्तन के बदले, सरकारी और सुंदर लड़की से शादी के पर्चे बांटते हुए पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव निर्देशन में थाना सेहरामऊ उत्तरी पुलिस टीम द्वारा अनोखे सिंह पुत्र जयपाल सिंह निवासी ग्राम हिरनखेड़ा थाना मूढापाण्डे जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अनोखे सिंह पर विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम का मुकदमा पंजीकृत किया गया था। शिकायतकर्ता गौरव गुप्ता पुत्र ओमप्रकाश गुप्ता मण्डल कार्यवाह आरएसएस जोगराजपुर थाना सेहरामऊ उत्तरी जनपद पीलीभीत द्वारा तहरीर के माध्यम से सूचना दी गयी कि 24 मई को अभियुक्त अनोखे सिंह उपरोक्त द्वारा ग्राम जोगराजपुर में ईसाई धर्म प्रचारक के पर्चे बांटे जा रहे थे एवं वादी को सरकारी नौकरी व सुन्दर लड़की से शादी कराने का लालच देकर ईसाई धर्म में परिवर्तन हेतु प्रोतसाहित किया गया एवं गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी गयी थी। वादी की तहरीर पर पुलिस ने मुक. दमा पंजीकृत कर आरोपी को जेल भेज दिया।

# सर्व समाज एकता मंच के रामसिंह यादव बने प्रदेश अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बिसौली।** स्थानीय बुद्धा उपवन रिसोर्ट में सर्व समाज एकता मंच की कार्यकारिणी के गठन हेतु एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्व समाज के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में नई टीम की घोषणा की गई तथा सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोप. नीयता की शपथ दिलाई गई। मंच के संस्थापक हरीश गुप्ता ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई। बैठक में सर्वसम्मति से सेवानिवृत्त सूबेदार श्री रामसिंह यादव को मंच का नया प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में अध्यक्ष रामसिंह यादव, महामंत्री कृष्णा गुप्ता, कोषाध्यक्ष बाबू कथूरिया, उपाध्यक्ष विजय सक्सेना मंत्री आदेश गुप्ता, आय-व्यय निरीक्षक, वीर सिंह शाक्य संयोजक, महेंद्र कश्यप सह संयोजक, राम बाबू सक्सेना मनोनीत किये गये। नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष रामसिंह यादव ने कहा कि सर्व समाज एकता मंच का उद्देश्य सभी वर्गों को साथ लेकर सामाजिक समरसता और जनसेवा के कार्य करना है। सेना के अनुशासन और सेवा भाव से अब समाज की सेवा करूंगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के प्रबुद्धजन एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वीर सिंह शाक्य ने किया।

# बिजली विभाग की कार्यशैली पर किसानों का फूटा गुस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** विद्युत वितरण खंड में व्याप्त भीषण भ्रष्टाचार और मनमानी के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन भानू का सब्र का बांध आखिरकार टूट ही गया। पिछले एक सप्ताह से जारी संघर्ष के बाद आज संगठन ने विद्युत विभाग के कार्यालय पर धावा बोल दिया और जमकर बवाल काटा। किसानों की मुख्य नाराजगी विभाग के एक्सईएन की निक्कमी कार्यशैली को लेकर थी, जो कार्यालय से गायब रहकर फील्ड के नाम पर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते रहे हैं।

सोमवार को जब किसान अपनी समस्याओं का पिटारा लेकर पहुंचे, तो एक्सईएन कार्यालय में मौजूद तक नहीं थे। फोन पर संपर्क करने पर उन्होंने बीमारी का बहाना बनाकर अपनी खाल बचाने की को. शिश की, जिससे आक्रोशित किसानों का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया।किसानों का आरोप है कि पूरनपुर, शेरपुर कलां और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती ने जनजीवन और खेती किसानी को बर्बाद कर दिया है। संगठन की महिला मोर्चा ने तो हद पार कर चुके अधिकारियों को बेशर्मी के लिए आड़े हाथों लेते हुए उन्हें चूड़ियां भेंट करने का अल्टीमेटम तक दे दिया। मौके पर मौजूद मंडल अध्यक्ष लाल मिश्रा और जिला अध्यक्ष भजनलाल क्रोधी ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि यदि क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था में तत्काल सुधार नहीं हुआ, तो आगामी समय में विभाग के खिलाफ इससे भी बड़ा मोर्चा खोला जाएगा। मामले की गंभीरता को भांपते हुए पूरनपुर उप जिलाधिकारी और एसडीओ सहित माधोटांडा के उपखंड



अधिकारी आनन फानन में घटनास्थल पर पहुंचे। प्रशासन को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। अंतत: अधिकारियों ने लिखित आश्वासन दिया कि विद्युत कटौती पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाएगी और व्यवस्था को पटरी पर लाया जाएगा। प्रशासन के आश्वासन और ज्ञापन सौंपने के बाद ही किसान शांत हुए। इस प्रदर्शन में तहसील अध्यक्ष रुसान अहमद, मीडिया प्रभारी सबलू खान समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे। अब सवाल यह है कि क्या यह आश्वासन केवल कागजी साबित होगा या वाकई में बिजली की आंख मिचौली से त्रस्त किसानों को राहत मिलेगी? फिलहाल, पूरनपुर विद्युत विभाग के आला अधिकारियों पर संगठन की पैनी नजर बनी हुई है।

# कछला घाट पर की गई व्यवस्थाओं का डीएम ने लिया जायजा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** कछला गंगा घाट से करीब दो किलोमीटर दूर नरोरा की तरफ गंगा दशहरा पर स्नान कर रहे जनपद हाथरस के निवासी कुछ श्रद्धालु के डूबने की घटना होने पर जिलाधिकारी अवनीश राय तत्काल पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बचाव कार्य की समीक्षा करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जनपद हाथरस के ग्राम कानू व ग्राम पिछोती से एक ही परिवार के 07 लोग ज्येष्ठ माह के गंगा दशहरा पर्व पर जनपद बदायूँ में गंगा स्नान हेतु आए थे। यह सभी 07 लोग कछला घाट पर स्नान न करके घाट से करीब 2 किलोमीटर दूरी पर नरा. ेरा की तरफ गहरे पानी में गंगा स्नान कर रहे थे कि अचानक सभी लोग डूबने लगे। तत्काल सूचना प्राप्त होने पर 05 लोगों को नाविकों व स्थानीय पुलिस द्वारा सकुशल बाहर निकाला गया तथा 02 लोग गहरे पानी में डूब गए जिसमें से 15 वर्षीय किशोर निलेश की मृत्यु हो गई है तथा 10 वर्षीय किशोरी शिखा की पुलिस, गोताखोरों व फ्लड पी.ए.सी द्वारा तलाश की जा रही है।

जिलाधिकारी ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ गंगा दशहरा पर्व पर की गई विभिन्न व्यवस्थाओं की एक-एक कर समीक्षा की व संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था,प्रकाश व्यवस्था, शौचालय व्यवस्था, साफ सफाई व्यवस्था, गोताखोरों की व्यवस्था, सुरक्षा उपकरणों की व्यवस्था आदि विभिन्न व्यवस्थाओं को जांचा व आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि श्रद्धालु गहरे पानी वाले क्षेत्र में ना जाए, जो नियत स्थान पर है उसी में स्नान कर धर्म लाभ लें। डीएम ने नाव से भी की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व बचाव राहत कार्यों के संबंध में संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# सिरौली बॉर्डर पर चला विशेष चेंकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने सिरौली बॉर्डर पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहन जांच की। सोमवार को कोतवाली क्षेत्र की दबतोरी चौकी इंचार्ज जितेंद्र कुमार ने पुलिस बल के साथ बरेली जनपद के बार्डर पर गहनता से चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति व वस्तु संदिग्ध नजर आए तो तत्काल पुलिस चौकी पर सूचना दें। नवागत चौकी इंचार्ज जितेंद्र कुमार ने बताया कि बरेली जनपद के सिरौली सीमा से सटे इलाके में अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए आगे भी इस तरह का अभियान जारी रहेगा। इस दौरान हेड कांस्टेबल राजीव कुमार, अमित कसाना, आशु शर्मा, चेतन सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बकरीद पर खुले में कुर्बानी न दें, सभी की भावनाओं का सम्मान करें




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर की कादरी मस्जिद में ईद उल अजहा के ताल्लुक से एक खास मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें मुस्लिम समुदाय के लिए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए। त्यौहार को अमन, शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की गई।

मीटिंग का आगाज मदरसे के प्रिंसिपल मो. इफ्तेखार अशरफी ने कुरआन पाक की तिलावत से किया। नगर की कादरी मस्जिद के पेश इमाम मौलाना अफलाक रजा उवैसी ने ईद उल अजहा को लेकर सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने आगाह किया कि कुर्बानी के जानवरों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा न करें। रजा मस्जिद के इमाम हाफिज शरीफ जामी ने अपील की कि कुर्बानी करने वाले सभी लोग सरकार की ओर से जारी दिशा निर्देशों और स्थानीय प्रशासन के नियमों का पूर्णता पालन करें। मदरसा फैजान ए रजाए मुस्तफा के प्रिंसिपल मौलाना मो. इफ्तेखार अशरफी ने कहा कि कानूनन प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी से पूर्णत: परहेज किया जाए। बिलाल मस्जिद के पेश इमाम हाफिज शादाब रजा उवैसी ने कहा कि कुर्बानी इस्लाम की एक महत्वपूर्ण इबादत है जो हर साहिबे हैसियत मुसलमान पर वाजिब है। मदीना मस्जिद के इमाम मो. रफीक खान ने कहा कि कुर्बानी के बक्त साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। नफीस मस्जिद के इमाम हाफिज मजहर खान ने दूसरे धर्म की आस्था और भावनाओं का सम्मान करने की अपील की। इस मौके पर हाजी साबिर खान, हाजी रफीक, कमेटी के सदर फय्याज खान, चांद मंसूरी, कमर अंसारी, तैयब मंसूरी, गुड्डू खान, बिट्टू खान, नगर पालिका सभासद रहीस सैफी, फहीम फारूकी, मो. वकील, मुजाहिद फारूकी. शरीफ अहमद फारूकी, जाकिर सैफी, अजीम कुरैशी, दानिश कुरैशी, इकबाल सैफी आदि मौजूद रहे।

# पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था की अध्यक्षता में हुई बोर्ड बैठक



**जनहित के कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर लगी मुहर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** नगर पालिका परिषद पीलीभीत की पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल की अध्यक्षता में नगर पालिका कार्यालय में बोर्ड बैठक आयोजित की गई, जिसमें शहर के विकास एवं जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अधिशासी अधिकारी संजीव कुमार भी मौजूद रहे।

पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने बैठक में नगर की साफ-सफाई, जलापूर्ति, पथ प्रकाश व्यवस्था, कर वसूली एवं निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ बेहतर बनाए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नगरवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है और विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। बैठक के दौरान पूर्व में कार्यों में त्रुटियां पाए जाने पर ब्लैक लिस्ट की गई चार फर्मों के मामले पर भी चर्चा हुई। संबंधित फर्मों द्वारा अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफी मांगे जाने पर बहुमत में सभासदों ने मानवता के आधार पर उन्हें माफ करके राहत देने का निर्णय लिया।

पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने शहर को अधिक हरित एवं सुंदर बनाने की दिशा में पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाए जाने के प्रस्ताव को महत्वपूर्ण बताते हुए इसकी स्वीकृति पर खुशी जताई। इसके साथ ही भीषण गर्मी को देखते हुए शहर के प्रमुख चौराहों पर शीतल जल प्याऊ लगाए जाने पर भी सहमति बनी। बैठक में साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, निर्मल सिंह, विपिन गंगवार, राशिद हुसैन, शैलेंद्र कौर, इकबाल हजरत, अनस अंसारी, निजाकत अली कादरी, जाहिदा बी, प्रतीक अग्रवाल,शिवम श्रीवास्तव, चौतन्य गंगवार, रत्ना शुक्ला, पुष्पा उपाध्याय, सुरेश लोधी आदि मौजूद थे।

# शहरा पर्व पर समाज सेवियों ने राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** भीषण गर्मी के चलते ज्येष्ठ मास के दशहरा पर्व क्षेत्रीय समाज सेवियों व धर्मात्माओं में राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाकर पुण्य कमाया । इस अवसर पर विकास खंड क्षेत्र के गांव अशोक पुर निवासी समाज सेवी विनोद मौर्य , करनसिंह , अखिलेश , रवि , तेजपाल , राकेश , लाल सिंह , नेमचंद , प्रशांत कुमार राठौर , प्रतुल कुमार राठौर , सिद्धार्थ आदि ने आसफपुर रेलवे स्टेशन के समीप प्राचीन हनुमान मंदिर पर राहगीरों व ग्रामीणों को ठंडा शरबत पिलाया तथा स्थानीय समाज सेवी हर्षित मिश्रा ,चंद्रेश पाठक , गौरव सिंह ठाकुर , अनमोल शर्मा आदि समाज सेवियों ने आसफपुर से बिसौली मार्ग पर स्टाल लगाकर राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाकर परोपकार किया । इस दौरान आसफपुर से बिसौली मार्ग पर स्थित हनुमान मंदिर से लेकर ब्लॉक परिसर क्षेत्र में आने जाने वाले राहगीरों को तपती तपिश में भारी राहत मिली ।

# मेड़ पर पेड़ लगाने को लेकर विवाद, महिला की बेरहमी से पिटाई, तीन पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** बरखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम करोड में खेत की मेड़ पर पेड़ लगाने जैसे मामूली विवाद ने तूल पकड़ लिया, जिसमें एक महिला के साथ जमकर मारपीट की गई। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम करोड निवासी शशिकला (पत्नी सतीश कुमार वर्मा) का उनके चचिया ससुर नंद किशोर के साथ खेत की मेड़ पर यूकेलिप्टस के पेड़ लगाने को लेकर 23 मई 2026 को विवाद हुआ था। इसी मामले की शिकायत करने के लिए पीड़िता अगले दिन 24 मई की सुबह करीब 7 बजे अपने चचिया ससुर के घर गई थी। पीड़िता का आरोप है कि वहां मौजूद चचिया ससुर नंद किशोर (पुत्र गोविंद राम), जितेंद्र (पुत्र नंद किशोर) और मांगो देवी (पत्नी नंद किशोर) ने उन्हें देखते ही अभद्र गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर तीनों ने मिलकर शशिकला को लात-घूसों से बेरहमी से पीटा, जिससे उन्हें गंभीर अंदरूनी और बाहरी चोटें आई हैं। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पीड़िता को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

पीड़िता ने किसी तरह थाने पहुंचकर पुलिस को आपबीती सुनाई और लिखित प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की। थाना अध्यक्ष प्रमेंद्र कुमार ने बताया कि ष्पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# अभद्रता का आरोप लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।**बिलसंडा क्षेत्र में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई।

भारतीय किसान यूनियन भानु के पदाधिकारियों ने बैंक प्रबंधक पर यूनियन की छवि खराब करने का आरोप लगाते हुए थाना पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा है। शिकायत में बताया गया है कि दिनांक 25 मई 2026 को बैंक शाखा में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन भानु के पदाधिकारी एवं किसान मौजूद थे। आरोप है कि इसी दौरान बैंक मैनेजर द्वारा एक महिला को बुलाया गया, जिसने वहां मौजूद किसान नेताओं एवं किसानों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया।

उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| Admin Unit/Zone | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| Auction catalogue No./Lot no. | AuctionCatrg26 |
| Description of Work | Allotment of catering Stall at various station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| Catalogue Published on | 15.05.2026 |
| Auction Start (All Lots) | 30.05.2026 at 11:00 hrs. |
| Auction close Date/Time | 30.05.2026 at 11:50 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under:-

| SN | Station | Lot No | Stall ID | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | KUNDA HARNAMGANJ | Catg-LKO-KHNM-GMU-74-24-1 | KHNM/PF-1/31/ADDL | 30.05.2026 at 11:30 hrs. | GMU | |
| 2 | BACHHRAWN | Catg-LKO-BCN-GMU-9-7-24-1 | BCN/PF-2/4/ADDL | 30.05.2026 at 11:40 hrs. | SMU | SC |
| 3 | PRAYAGRAJ SANGAM | Catg-LKO-PYGS-SMU-42-24-1 | PYGS/PF-1/104/NEW | 30.05.2026 at 11:50 hrs. | SMU | SC |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1761/2026

# इकोटेक-3 पुलिस ने पांच आरोपियों को दबोचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के उद्योग क्षेत्र स्थित एक कंपनी से लाखों रुपये कीमत का इलेक्ट्रिक पैनल और अन्य सामान चोरी करने वाले पांच आरोपियों को थाना इकोटेक-3 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया सामान बरामद किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी कंपनी के पूर्व कर्मचारी हैं। इसके अलावा जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने अवैध असलहा, चाकू और गांजा रखने के आरोप में पांच अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया है।

थाना इकोटेक-3 के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कंपनी के एक कर्मचारी ने थाने में शिकायत दी थी कि अज्ञात चोर कंपनी से इलेक्ट्रिक पैनल का सामान चोरी कर ले गए हैं। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान कंपनी में पूर्व में कार्यरत कर्मचारियों की संलिप्तता सामने आई।



पुलिस ने सूचना के आधार पर रिषभ मिश्रा पुत्र अनीस मिश्रा, जिशान पुत्र मोहम्मद शकील, भारती पुत्र दुर्योधन, मोनू पुत्र रामन.रेश और संतोष कुमार सिंह पुत्र हलदर सिंह को कंपनी के सामने से गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से एक सॉफ्ट स्टार्टर सुपरनोवा, 9 एल्युमिनियम बसबार, 9 सीमेंस डिस्प्ले, 4 पीएलसी, 2 ट्रांसफार्मर तथा 13 राउटर और मॉडेम बरामद किए हैं।

वहीं अन्य थाना क्षेत्रों में भी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। थाना जारचा पुलिस ने हारून को गिरफ्तार कर उसके पास से एक देशी तमंचा और कारतूस बरामद किया। एक अन्य मामले में मोहम्मद आदिल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध चाकू बरामद किया गया।

इसी थाना क्षेत्र में पुलिस ने दुष्यंत पुत्र बहादुर सिंह को भी गिरफ्तार किया, जिसके पास से एक देशी तमंचा और कारतूस बरामद हुए। थाना इकोटेक-प्रथम पुलिस ने सूचना के आधार पर नवीन कुमार को गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध चाकू बरामद किया।

थाना कासना पुलिस ने जिम्स अस्पताल के पास से सनी नामक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार उसके कब्जे से एक किलो गांजा बरामद हुआ है। पुलिस सभी मामलों में विधिक कार्रवाई करते हुए आगे की जांच कर रही है।

# नोएडा स्पोर्टस सिटी में दो बिल्डर को मिला कंडीशनल ओसी

- **3 साल में बनानी होंगी स्पोर्टस एक्टिविटी, हो सकेगी रजिस्ट्री, 20 प्रतिशत इवेंट्री प्राधिकरण रखेगा**

**नोएडा।** सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार प्राधिकरण ने स्पोर्टस सिटी भूखंड संख्या एससी-02, सेक्टर 150 नोएडा में टाटा यूरेका और गोदरेज पॉम रिट्रीट बिल्डर को कंडशीनल ओसी जारी कर दी है। प्राधिकरण ने बताया कि दोनों बिल्डर ने अपना बकाया जमा कर दिया है। हालांकि 20 प्रतिशत इवेंट्री प्राधिकरण अपने अधीन रखेगा। इसके लिए बिल्डर तैयार नहीं है।

बिल्डर का कहना है जब पूरा पैसा दिया गया है तो वह इवेंट्री प्राधिकरण के अधीन नहीं करेगा। जबकि कंडीशनल ओसी जारी करने से पहले प्राधिकरण की शर्तो में इसे शामिल किया है। अब तीन साल में बिल्डर को स्पोर्टस ब्राशर के अनुसार स्पोर्टस गतिविधि का निर्माण करना होगा। साथ ही सभी प्रकार की सुविधाओं को बनाकर वो कंपलीशन सार्टिफिकेट के लिए अप्लाई करेगा।

**रजिस्ट्री का रास्ता साफः** ओसी जारी होने के बाद बिल्डर बायर्स की रजिस्ट्री करवा सकता है। क्योंकि यहां पहले से ही फ्लैटों में लोग रहा रहे है। बता दे स्पोर्टस सिटी सेक्टर-78,79,150 और 152 में प्राधिकरण ने ओसी से संबंधित रोक को हटा लिया है। इसमें टाटा प्रोजेक्ट्स, गोदरेज प्रॉपर्टीज, प्रेस्टिज ग्रुप, काउंटी ग्रुप, लोटस ग्रीन्स और एल्डेको जैसे नामी बिल्डर्स शामिल हैं।इस परियोजना में लगभग 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश जुड़ा हुआ है और इससे करीब 40 हजार परिवार प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित थे।

**कोर्ट ने क्या दिया था आदेशः** प्राधिकरण ने बताया कि ये ओसी भी सुप्रीम कोर्ट के 24 नवंबर 2025 के आदेश के अनुपालन में लिया गया। जिसमें अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि जिन परियोजनाओं ने भवन निर्माण नियमों और बकाया भुगतान की शर्तें पूरी कर ली हैं, उन्हें सशर्त ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट जारी किया जाए और रजिस्ट्रियों की अनुमति दी जाए। इस शर्त के अनुसार डेवलपर को 70 प्रतिशत हिस्से में स्पोर्टस एक्टिविटी बनाना जरूरी होगा। इस निर्णय से हजारों होम बायर्स को बड़ी राहत मिली है।

# जलभराव हुआ तो सिनियर मैनेजर होंगे सस्पेंड

- **नालों की सफाई के लिए टेंडर जारी नहीं, हर साल 15 जून तक हो जाती थी सफाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में मानसून से पहले नालों की साफ-सफाई होना मुश्किल है। अधिकांश सर्किल की ओर से अब तक टेंडर जारी नहीं किए गए। प्राधिकरण के ओएसडी क्रांति शेखर ने स्पष्ट कि जिन सर्किल अधिकारियों ने टेंडर जारी नहीं किया। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मानसून के दौरान जिस सर्किल अधिकारी के क्षेत्र में जलभराव हुआ। उस सीनियर मैनेजर को सस्पेंड किया जाएगा।

दरअसल, मानसून से पहले प्राधिकरण में दस करोड़ रुपये का नाला सफाई का टेंडर जारी किया जाना था, लेकिन टेंडर प्रक्रिया शुरू करना ही प्राधिकरण अधिकारी भूल गए। अप्रैल में टेंडर प्रक्रिया को पूरा कर नाला सफाई का काम आवंटित कर 15 जून तक शहर के सभी छोटे व बड़े नालों की साफ कर दिया जाता रहा है। लेकिन इस बार सिर्फ कुछ सर्किल क्षेत्र के सीनियर मैनेजर की ओर से टेंडर जारी किया।

**जनवरी में व्यवस्था में किया बदलावः** जनवरी में जब प्राधिकरण सीईओ कृष्णा करुणेश ने अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी रहते हुए सीईओ का पदभार संभाला, उस समय जन स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं को बेहतर करने के लिए सिविल के साथ उसका मर्जर कर दिया। ।मकसद था कि जनस्वास्थ्य विभाग एक महाप्रबंधक, दो वरिष्ठ प्रबंधकों के साथ नहीं, बल्कि दस वर्क सर्किल में तैनात वरिष्ठ प्रबंधकों की निगरानी में कार्य संचालित होगा।।इससे सफाई व्यवस्था की निगरानी में अधिक सुपरवाइजर, जेई, प्रबंधक, तैनात रहेंगे, जेई व सुपरवाइजर जब सिविल का कार्य देखने के लिए मौके पर जाएंगे, तो उन्हें नाली, नाला व सड़क पर पड़ी गंदगी आसानी से दिखाई देगी। इससे साफ सफाई व्यवस्था बेहतर तरीके से संचालित होगा।

**पहले दो टेंडर होते अब होंगे 10:** बता दे नाला सफाई पर हर साल जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से पांच-पांच करोड़ रुपये के दो टेंडर जारी किए जाते थे, लेकिन प्राधिकरण की नई व्यवस्था में दस वर्क सर्किल में कार्य बंट गया है, इसलिए दस करोड़ रुपये के दस टुकड़ों में टेंडर जारी होना था। यह कार्य सीनियर मैनेजर को समझ में नहीं आया, क्योंकि यह फ्लोटिंग मैटेरियल का कार्य था, नाला दसों सर्किल के क्षेत्र में बढ़ रहा है।।एक सर्किल सफाई कराता, तो फ्लोटिंग मैटेरियल सफाई के दौरान बहकर दूसरे सर्किल में पहुंच जाता। इसलिए अब 15 जून तक नालों की सफाई ही नहीं हो सकती है। यदि आज टेंडर प्रक्रिया को भी पूरा कर लिया जाए तो एक महीने का समय टेंडर आवंटन में अवश्य लगेगा, क्योंकि नियमानुसार 45 दिन से पहले टेंडर को खोला ही नहीं जा सकता है।

# दो भाइयों पर कार चढ़ाने का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

- **पुरानी रंजिश में हुई घटना, पुलिस ने जेल भेजा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के गुनपुरा गांव में दो भाइयों पर कार चढ़ाकर हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को सोमवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। इस मामले में अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, गुनपुरा गांव निवासी पंकज ने 4 अप्रैल को दनकौर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनके चचेरे भाई अभिषेक और



मामा के बेटे सक्षम (जो फरीदाबाद के रहने वाले हैं) गांव में घर से दुकान पर सामान लेने जा रहे थे। इसी दौरान गांव के ही तेजा भड़ाना, उसके बेटे सचिन और दो अन्य अज्ञात लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते उन पर बलेनो कार चढ़ा दी। इस घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे।।आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को तत्काल ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां लगभग एक महीने तक उनका इलाज चला। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने तेजा भड़ाना, उसके बेटे सचिन सहित चार लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया था।

पुलिस ने इससे पहले मुख्य आरोपी तेजा भड़ाना को करीब 20 दिन पहले गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। सोमवार को उसके बेटे सचिन को भी गिरफ्तार कर लिया गया। दनकौर कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि मामले में फरार चल रहे अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है और उन्हें भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एक नजर

### नोएडा में गहराया तेल का संकट

**नोएडा( शाह टाइम्स )।** नोएडा में पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोतरी के बाद अब पेट्रोल संकट भी गहराता नजर आ रहा है। शहर के कई इलाकों में पेट्रोल की सप्लाई अचानक बाधित हो जाने से वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों की मुश्किलें काफी बढ़ गई हैं।

ताजा मामला सेक्टर-68 स्थित एक पेट्रोल पंप का है, जहां सुबह से ही पेट्रोल लेने वालों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। पेट्रोल पंप पर ईंधन खत्म होने की सूचना मिलते ही लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई लोग घंटों लाइन में खड़े रहे, लेकिन उन्हें पेट्रोल नहीं मिल सका। स्थानीय लोगों का कहना है कि पेट्रोल की कमी की वजह से उन्हें अपने वाहनों को सड़क पर धक्का देकर ले जाना पड़ रहा है। पेट्रोल पंप के बाहर कई युवक और नौकरीपेशा लोग अपनी मोटरसाइकिलों को घसीटते हुए नजर आए। लोगों ने बताया कि अचानक सप्लाई रुकने से उन्हें ऑफिस जाने, बच्चों को स्कूल छोड़ने और जरूरी कामों में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

कुछ वाहन चालकों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि पहले से ही पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दामों ने आम आदमी की कमर तोड़ रखी है, ऊपर से अब पेट्रोल की कमी ने हालात और खराब कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही सप्लाई सामान्य नहीं हुई तो शहर में और बड़े स्तर पर परेशानी खड़ी हो सकती है। बताया जा रहा है कि फेस-3 थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इस इलाके में अचानक सप्लाई प्रभावित होने के कारण यह स्थिति पैदा हुई। हालांकि पेट्रोल पंप संचालकों की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। वहीं प्रशासन भी हालात पर नजर बनाए हुए है।

### मजदूरों की झुग्गियों में भीषण आग



**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार दोपहर रेलवे स्टेशन रोड स्थित खेरली हाफिजपुर के पास मजदूरों की झुग्गियों में भीषण आग लग गई। इस घटना में करीब 20 झोपड़ियां जलकर राख हो गईं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि झुग्गियों में रहने वाले मजदूरों को अपना सामान निकालने का मौका नहीं मिला। आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर तक दिखाई दे रहा था। स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। इसके बाद दमकल विभाग और पुलिस को सूचना दी गई। आरोप है कि सूचना मिलने के काफी देर बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। तब तक आग ने अधिकांश झुग्गियों और उनमें रखे घरेलू सामान को अपनी चपेट में ले लिया था। बाद में, फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लगभग एक घंटे की कोशिश के बाद आग को पूरी तरह बुझाया जा सका। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। हालांकि, मजदूर परिवारों का लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। दनकौर पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आग लगने के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। आग लगने के बाद प्रभावित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए हैं।

### नई आवंटन दरें लागू

**ग्रेटर नोएडा।** शहर के अल्फा, बीटा, गामा, डेल्टा और स्वर्णनगरी समेत 19 आवासीय सेक्टर सबसे अधिक महंगे हो गए हैं। इनमें भूखंडों की आवंटन दर 49,588 से बढ़कर 51,363 रुपये प्रति वर्गमीटर हो गई है। इसमें ग्रेटर नोएडा वेस्ट के नौ सेक्टर शामिल हैं। वहीं, सबसे कम आवंटन दर 34,680 सेक्टर-11, 17 और 20 की है। प्राधिकरण ने कार्यालय आदेश जारी किया है। नई आवंटन दरें 21 मई से प्रभावी मानी जाएंगी। आवासीय के साथ व्यावसायिक और बिल्डर परियोजनाओं के लिहाज से भी ये 19 सेक्टर महंगे हो गए हैं। सबसे अधिक आवंटन दर श्रेणी-ए में आने वाले इन्हीं सेक्टरों की है। व्यावसायिक भूखंडों की आवंटन दर फ्लोर एरिया रेसियो ( एफएआर) के हिसाब से 72,436 और 98,776 रुपये प्रति वर्गमीटर हो गई है।

# ड्रॉपआउट दर को कम करने को विभाग ने शुरू किया ट्रैकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले के सरकारी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों से पास होने वाले बच्चों की अब बीच में पढ़ाई न छूटे और ड्रॉपआउट दर को कम हो सके, इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने विशेष विद्यार्थी ट्रैकिंग अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत कक्षा 5 और कक्षा 8 पास करने वाले सभी छात्र-छात्राओं का विस्तृत डेटाबेस तैयार किया जा रहा है। इससे यह पता लगाया जाएगा कि बच्चों ने आगे किस विद्यालय में प्रवेश लिया है।

प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने विद्यालय से पास-आउट होने वाले सभी बच्चों का पूरा विवरण तैयार करें।

इस डेटा को प्रेरणा पोर्टल और यूडीआईएसई जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपडेट किया जा रहा है। इसमें छात्र का नाम, अभिभावक का मोबाइल नंबर, पता और नए विद्यालय में नामांकन की स्थिति दर्ज की जाएगी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर क्षेत्रों में बड़ी संख्या में बच्चे कक्षा 5 या 8 के बाद पढ़ाई छोड़ देते हैं। पारिवारिक जिम्मेदारियां और जागरूकता की कमी इसके प्रमुख कारण माने जाते हैं। नई व्यवस्था के तहत यदि कोई बच्चा अगली कक्षा में दाखिला नहीं लेता है तो विभाग की टीम सीधे उसके परिवार से संपर्क करेगी और बच्चे को दोबारा स्कूल से जोड़ने का प्रयास करेगी। इसके अलावा विभाग कक्षा 5 और 8 पास छात्रों की टीसी और परीक्षा परिणाम सूची का मिलान नजदीकी उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के प्रवेश रिकॉर्ड से भी करेगा। इससे उन बच्चों की पहचान आसानी से हो सकेगी जिन्होंने बीच में ही पढ़ाई छोड़ दी है।

# एनसीआर में डार्क वेब और सोशल मीडिया के जरिए इम्पोर्टेड ड्रग्स बेचने वाले बड़े गिरोह का पर्दाफाश

- **सरगना गौरव खन्ना ग्रेटर नोएडा से गिरफ्तार**
- **आरोपी छात्रों और कॉलेज हॉस्टल में रहने वाले युवाओं को टारगेट कर ऑनलाइन तरीके से ड्रग्स सप्लाई करता था**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा एसटीएफ ने एनसीआर में डार्क वेब और सोशल मीडिया के जरिए इम्पोर्टेड ड्रग्स बेचने वाले बड़े गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सरगना को गिरफ्तार किया है. पकड़ा गया आरोपी डार्क वेब के जरिए विदेशों से इम्पोर्टेड गांजा, चरस, बाबा



कुश, LSD और अन्य मादक पदार्थ मंगवाता था। इसके बाद व्हाट्सएप और टेलीग्राम ग्रुप बनाकर कॉलेज छात्रों तक सप्लाई की जाती थी। आरोपी ऑनलाइन ऑर्डर लेकर यूपीआई पेमेंट के जरिए पैसा वसूलता था और Rapido, Uber, Ola व Porter जैसे प्लेटफॉर्म के जरिए डिलीवरी करवाता था।

एसटीएफ ने बताया कि इससे पहले इसी गिरोह के सदस्य करण राजीव को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया था, जिसके कब्जे से भारी मात्रा में ड्रग्स, हथियार, बैंक दस्तावेज और लग्जरी कार बरामद हुई थी। उसी मामले में गौरव खन्ना फरार चल रहा था।

पूछताछ में खुलासा हुआ कि गौरव खन्ना ने साल 2019 से इस नेटवर्क को चलाना शुरू किया था। आरोपी विदेशी ड्रग माफियाओं से क्रिप्टोकरेंसी के जरिए भुगतान कर ड्रग्स मंगवाता था। पैकेजिंग इस तरह की जाती थी कि सामान पेन ड्राइव या इलेक्ट्रॉनिक आइटम जैसा लगे। एसटीएफ के अनुसार आरोपी के खिलाफ हरियाणा, दिल्ली और यूपी में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल गिरोह के नेटवर्क, बैंक खातों और अन्य साथियों की जांच जारी है।

# किन्नर का शव मिलने से सनसनी, हत्या कर फेंकी बॉडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के गांव तुगलपुर में रविवार को एक किन्नर का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मनोरंजन शर्मा उर्फ चांदनी के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही नॉलेज पार्क कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। किन्नर के सिर पर चोट के निशान मिले हैं। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि हत्या के बाद शव को फेंका गया है।

पुलिस के अनुसार रविवार को गांव तुगलपुर में एक किन्नर के शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का निरीक्षण किया। जिसमें मृतक के सिर पर चोट के निशान पाए गए। इसके बाद पुलिस अधिकारियों के साथ फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) टीम को भी मौके पर बुलाया गया। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुरुआती जांच में मौत के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं बनी हुई हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, मृतक क्षेत्र में लंबे समय से रह रहा था। हालांकि पुलिस फिलहाल किसी भी संभावना से इनकार नहीं कर रही है और हत्या, आपसी रंजिश सहित अन्य सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

# नीट-जेईई की तैयारी के लिए नए केंद्र खुलेंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को यूपीएससी, नीट, जेईई और यूपीपीसीएस की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए निशुल्क कक्षाओं के संचालन की समीक्षा की गई। इस दौरान जिलाधिकारी मेधा रुपम ने छात्रों के लिए दादरी में नया केंद्र खोलने पर सहमति प्रदान की।समीक्षा के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए जिले में तीन केंद्र संचालित किए जाने प्रस्तावित हैं। इनमें डॉ. भीमराव आंबेडकर पुस्तकालय सेक्टर-37 नोएडा, पंचशील बालक इंटरा कॉलेज सेक्टर-93 नोएडा और गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा शामिल है।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मिहिर भोज बालक इंटर कॉलेज दादरी में नया अभ्युदय केन्द्र विकसित किये जाने पर सहमति दी। साथ ही निर्देशित किया गया कि 15 जुलाई से सभी केंद्रों पर कक्षाओं का संचालन किया जाए। केंद्रों के संचालन के लिए आवश्यक समस्त सामग्री की खरीद जैम पोर्टल के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर किए जाने की भी स्वीकृति दी गई।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

### छात्र की हत्या की सीबीआई जांच करने की मांग

**यमुना सिटी।** जेवर में 15 वर्षीय छात्र की निर्मम हत्या के मामले में अब सीबीआई जांच करने की मांग की गई है। विश्व ब्राह्मण कल्याण परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पीतांबर शर्मा ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर मांग उठाई है। उन्होंने बताया कि 21 मई को छात्र गायब हुआ था, लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। जिसके बाद 22 मई को उसका शव पड़ोसी गांव में एक खाली मकान में मिला। शव काफी बुरी हालत में था और छात्र के साथ अमानवीय कृत्य किए गए थे। पुलिस इस मामले की जांच में भी गंभीरता नहीं दिखा रही है, इसलिए सीबीआई जांच से ही घटना का खुलासा हो सकता है। उन्होंने कहा कि 48 घंटे में अगर दोषियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# जनगणना-2027 के प्रथम चरण के कार्यों की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य की समीक्षा को लेकर आज जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना कार्य की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने जनपद में कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई तथा सभी संबंधित अधिकारियों को जनगणना कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में जनगणना कार्य उप निदेशक निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ अभिमन्यु सिंह द्वारा वर्तमान प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया।



जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना देश का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी चार्ज अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक मकान सूचीकरण ब्लॉक की प्रतिदिन की समीक्षा करें तथा प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की कार्य प्रगति पर लगातार नजर रखें।

बैठक में नोएडा, ग्रेटर नोएडा तथा यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्रों में चल रहे जनगणना कार्यों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान ग्रेटर नोएडा, नोएडा एवं यमुना विकास प्राधिकरण के एसीईओ कीअनुपस्थिति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इसके संबंध में मुख्य सचिव को पत्र लिखा जाएगा।24 घंटे के भीतर अपनी प्रगति में सुधार करना होगा। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य में किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/जिला जनगणना अधिकारी अजीत कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, जिला विज्ञान अधिकारी डोली कुमारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सभी उपजिलाधिकारी, चार्ज अधिकारी एवं जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ से उप निदेशक अभिमन्यु सिंह, जिला प्रभारी जनगणना प्रदीप कुमार, उत्कर्ष पाण्डेय उपस्थित रहे।

# अमरोहा को प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ जनपद बनाने का लक्ष्य

## विकास कार्यों की समीक्षा में में बोले डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, योजनाएं धरातल पर दिखनी चाहिए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि अमरोहा को उत्तर प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ जनपद बनाने के लिए सभी विभाग पूरी जिम्मेदारी से कार्य करें। उन्होंने अस्पतालों में साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता, एंबुलेंस सेवा और हीट वेव से बचाव के इंतजाम मजबूत करने पर जोर दिया। साथ ही निर्देश दिये कि किसी भी आरोग्य मंदिर पर ताला नहीं लगना चाहिए।

कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में सोमवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होने कहा कि अमरोहा को उत्तर प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ जनपद बनाने के लिए सभी विभाग पूरी जिम्मेदारी से कार्य करें। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उद्योग विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के प्रत्येक उद्यमी की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाए। ओडीओपी योजना के तहत अमरोहा की पहचान बनी ढोलक उद्योग को और मजबूत बनाने पर जोर देते हुए कहा कि ढोलक की गुणवत्ता और ब्रांडिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि अमरोहा की ढोलक देश-विदेश में नई पहचान बना सके। जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि जिन गांवों में पाइपलाइन बिछ चुकी है वहां हर हाल में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। लोक निर्माण विभाग को सड़कें गड्ढामुक्त

**■ समीक्षा बैठक में सख्त दिखे उपमुख्यमंत्री, अफसरों को दिए कई निर्देश**
**■ स्वास्थ्य, शिक्षा और बिजली व्यवस्था पर उपमुख्यमंत्री ने कसी नकेल**

रखने और चौड़ीकरण कार्य तेज करने के निर्देश दिए गए। वहीं बिजली विभाग को गर्मी के मौसम में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अलर्ट मोड पर रहने को कहा। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उपमुख्यमंत्री ने जिला अस्पताल, सीएचसी और पीएचसी पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पतालों में साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता, एंबुलेंस सेवा और हीट वेव से बचाव के इंतजाम मजबूत करने पर जोर दिया। साथ ही कहा कि किसी भी आरोग्य मंदिर पर ताला नहीं लगना चाहिए। शिक्षा विभाग की समीक्षा में बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि ऑपरेशन कायाकल्प के तहत जिले में 99.91 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। उपमुख्यमंत्री ने विद्यालय खुलने से पहले नामांकन अभियान चलाने और मिड-डे मील की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गौशालाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि निराश्रित गोवंश सड़कों पर नहीं दिखने चाहिए और गौशालाओं में हरा चारा, भूसा और पेयजल की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। पुलिस विभाग को सड़क हादसों पर अंकुश लगाने, हेलमेट चेकिंग और स्टंट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उपमुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की चाबी, सीएम युवा योजना के तहत ऋण स्वीकृति पत्र, ओडीओपी योजना के लाभार्थियों को टूलकिट तथा किसान को ट्रैक्टर की चाबी वितरित की। बैठक के अंत में जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ ने उपमुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि सभी निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पौधरोपण भी किया। जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ ने उपमुख्यमंत्री का बुके और शॉल भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान उन्हें रामद. रबार का स्मृति चिन्ह और अमरोहा की प्रसिद्ध ढोलक भी भेंट की गई। बैठक में वन राज्यमंत्री के.पी. मलिक, जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर, शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लों, विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, विधायक राजीव तरारा, जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़, पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव समेत जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।



■ अमरोहा। कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक लेते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

## डिप्टी सीएम ने किया वेंक्टेश्वरा में नई डायलिसिस यूनिट का शुभारंभ



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने अत्याधुनिक डायलिसिस यूनिट और तीन नए मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों और चिकित्सकों को देश के विकास की रीढ़ बताया। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वस्थ भारत-आरोग्य भारत मिशन के तहत प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी से सुधार हुआ है। न डिस्ट्रिक्ट-वन मेडिकल कॉलेज योजना से प्रदेश में मेडिकल शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को नई मजबूती मिली है। उन्होंने वेंक्टेश्वरा समूह द्वारा पश्चिमी यूपी में शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। समूह अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि वेंक्टेश्वरा पिछले ढाई दशक से उत्कृष्ट शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के जरिए राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहा है। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने बताया कि अस्पताल में जल्द ही कैथ लैब, न्यूरो और गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी यूनिट भी शुरू की जाएगी। कार्यक्रम में शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लों, कुलपति प्रो. कृष्णकांत दवे, अस्पताल निदेशक मेघा सवरबाल, पूर्व सांसद देवेंद्र नागपाल समेत बड़ी संख्या में चिकित्सक, शिक्षक और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# रोगियों को न कराएं इंतजार, दें अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं: पाठक

## उपमुख्यमंत्री ने लिया गजरौला स्थित सीएचसी और गौशाला का जायजा, गौ-पूजा करके लिया आशीर्वाद

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में स्वास्थ्य सेवाओं का मूल्यांकन करते हुए प्रत्येक रोगी को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधायें देने के निर्देश दिए, यहां के बाद उपमुख्यमंत्री (डिप्टी सीएम) ने नगर की गौशाला का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं को सराहना की और गौमाता की पूजा अर्चना करके गुड़ खिलाया।

सीएचसी पहुंचने पर सीएमओ डॉ.योगेन्द्र सिंह व गजरौला सीएचसी प्रभारी डॉ.पल्लवी गंगवार ने उपमुख्यमंत्री को बुके भेंट करके उनका स्वागत किया। सीएचसी में निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री ने रोगियों के पास बैठकर उनसे बातचीत की। फ्रैक्चर होने पर एक्सरे कराने आए युवक का तत्काल एक्सरे कराने के निर्देश दिए। कहा कि



रोगियों को चिकित्सा सुविधाओं के लिए इंतजार न कराए जाए। डिप्टी सीएम ने रोगियों से बातचीत करके इमरजेंसी काभी जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने चिकित्सक कक्ष में भ्रमण करके क्षय रोगियों को पाोषण किटें प्रदान कीं। उन्होंने आशाओं के कार्य की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए। करीब 20 मिनट निरीक्षण करने के बाद डिप्टी सीएम यहां से कान्हा गौआश्रय स्थल पहुंचे। यहां पर चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा देवी व उनके पति पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने बुके भेंट करके डिप्टी सीएम का स्वागत किया। डिप्टी सीएम ने यहां पर गौपूजा की और गायों को गुड़ भी खिलाया। गौशाला में भ्रमण करके यहां की व्यवस्थाओं को देखा और सराहना की। कहा कि गर्मी के मौसम में गौवंश के लिए पर्याप्त व्यवस्था रखें। उन्होंने डीएम से कहा कि सभी अधीनस्थों को निर्देशित करें कि कहीं पर भी सड़कों पर गौवंश बेसहारा न घूमें, उन्हें गौशाला भिजवाएं। उन्होंने अपने संक्षिप्त संबोधन में गौशाला की व्यवस्थाओं को सराहा। उपमुख्यमंत्री ने आशाओं के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि सरकार उनके मानदेय बढ़ाने के लिए सहानुभूति पूर्वक विचार कर रही है। जल्द ही उन्हें बढ़ा हुआ मानदेय दिया जाएगा। इस मौके पर प्रभारी मंत्री केपी मलिक, मण्डी धनौरा विधायक राजीव तरारा, पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल, पूर्व विधायक हरपाल सिंह, चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा देवी, राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी, पूर्व प्रत्याशी विवेक सिंह, डॉ.राजीव शुक्ल, डॉ.रविन्द्र शुक्ल, रोबिन त्यागी, धर्मेन्द्र चौधरी, महेश प्रधान, डॉ.दीपक गंगवार, दीपाली गंगवार, विपिन सागर, प्रमोद कुमार एवं भाकियू शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.दिवाकर सिंह समेत प्रशासनिक अधिकारियों में डीएम डॉ. नितिन गौड़, सीओ धनौरा अंजलि कटारिया, प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, ईओ ललित कुमार आर्य आदि मौजूद रहे। वहीं सुरक्षा के द्रष्टिगत दोनों ही स्थानों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा।

## कार की टक्कर से युवक घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो रहरा।** अलीगढ़ मार्ग स्थित चचोरा मोड़ पर सोमवार सुबह तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। थाना क्षेत्र के गांव आसकपुर माजरा निवासी विपिन कुमार सोमवार तड़के अनुपशहर गंगा स्नान के लिए गया था। सुबह बाइक से लौटते समय चचोरा मोड़ के पास तेज गति से आ रही कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और विपिन सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रहरा पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है। सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर फरार वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# प्रेमिका की खातिर पत्नी की हत्या का प्रयास

## शराब के नशे में दबाया गला, बेटों ने बचाया, पति समेत तीन पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** महिला ने पति पर दूसरी महिला से प्रेम संबंध होने के बाद जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि शराब के नशे में पति ने उसका गला घोंट दिया, लेकिन बेटों ने किसी तरह उसकी जान बचा ली। पुलिस ने पति समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मुरादाबाद शहर के मोहल्ला परसा की सराय की निवासी रजनी यादव की शादी साल 2008 में अमरोहा शहर के रहने वाले राज. कुमार के साथ हुई थी। दंपति के दो बेटे हैं, जिनमें एक बेटा ठीक से नहीं बोल पाता है। पीड़िता का आरोप है कि शादी के शुरुआती सालों तक ससुराल में सब कुछ ठीक चला लेकिन बाद में पति और ससुराल पक्ष के अन्य लोगों का रवैया बदल गया। आरोपी दहेज की मांग करने लगे। आरोप है कि हाल ही में एक रिश्तेदार की शादी के बाद पति की बातचीत बहू की एक रिश्तेदार से बढ़ गई और दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए। इसके बाद पति ने उसे छोड़ने का फैसला कर लिया और शराब के नशे में मारपीट करनी शुरू कर दी। 17 मई की रात आरोपी पति ने गला घोंटकर हत्या करने का प्रयास किया लेकिन बेटों ने बचा लिया। पीड़िता बेहोश हो गई और इस दौरान पति उसे मृत समझकर मौके से भाग गया। बेटों ने पड़ोसी का फोन लेकर इसकी जानकारी मामा को दी। मामा ने अमरोहा आकर डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने रजनी का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया। इसके बाद वह अपने दोनों बेटों को लेकर भाई के घर चली गई। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में पति राजकुमार, ननद आशा और ननदोई कुंवरपाल के घखिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

## एक नजर

### हैदराबाद में अमरोहा की बेटी ने किया शानदार प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता नौगांवा सादात।** हैदराबाद में आयोजित 6वीं यम शिया नेशनल इस्लामिक क्विज प्रतियोगिता 2026 में अमरोहा की छात्रा सैयदा जैहरा ने फाइनल में पांचवीं पोजीशन हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। सैद नगली निवासी इक्तेदार हुसैन की बेटी जैहरा नौगावां सादात में रहकर पढ़ाई कर रही हैं। देशभर से आए प्रतिभागियों के बीच सैयदा जैहरा ने "नहजुल बलागा" पर आधारित प्रतियोगिता में अपनी बेहतरीन जानकारी और आत्मविश्वास से सभी को प्रभावित किया। मौलाना मोहम्मद हैदर की सरपरस्ती में उन्होंने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। बेहतरीन प्रदर्शन पर उन्हें एक साल की स्कूल फीस की स्कॉलरशिप दी गई। साथ ही इराक में करबला की जियारत पर भेजे जाने की उम्मीद भी जताई गई है कार्यक्रम में वाईएएम शिया टीवी के चेयरमैन हाशिम मिर्जा, सांसद आगा सईद, मौलाना यासूब अब्बास समेत कई धार्मिक और सामाजिक हस्तियां मौजूद रहीं।

### देवर की बेटी से दुष्कर्म कराने वाली चाची गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो रजबपुर।** भतीजे को घर बुलाकर देवर की बेटी से दुष्कर्म कराने वाली चाची को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी भतीजे को पहले ही पकड़कर जेल भेज चुकी है। रिश्तों को शर्मसार करने वाली वारदात थाना क्षेत्र के एक गांव से तीन दिन पहले सामने आई थी। थाने पहुंची एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि चाची ने अपने भतीजे को घर बुलाकर दुष्कर्म कराया है। शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज करते ही पुलिस हरकत में आ गई थी। अगले दिन दबिश देते हुए संभल निवासी आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जबकि आरोपी चाची फरार चल रही थी। सीओ सिटी अभिषेक कुमार ने दुष्कर्म के मुकदमे में आरोपी चाची को सोमवार को गिरफ्तार कर चालान करने की बात कही।

### नाबालिग बेटी लापता, तीन पर अपहरण का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो रहरा।** थाना रहरा क्षेत्र के एक गांव से 17 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पीड़ित पिता ने गांव के ही तीन युवकों पर बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। पिता के अनुसार उनकी बेटी 23 मई की सुबह करीब 11:30 बजे घर से गायब हो गई थी। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। मामले में पिता ने बिट्टू पुत्र अरविंद पर बेटी को अपने साथ ले जाने तथा प्रसून पुत्र राजेश और शिवा पुत्र पतराम सिंह पर सहयोग करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### आंखों का निशुल्क कैम्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** जन आवाज फाउडेंशन की ओर से आंखों की नि:शुल्क जांच का कैम्प लगाया गया। जिसका शुभारंभ मुफ्ती शहीद ने किया। जिसमे 457 लोगो की मुफ्त जांच और 167 चश्मे वितरण किये गए। इस मौके पर शोएब चौधरी, फैजान खान, ओवेस सैफी, तालिब, अरशद नईम, एजाज, आदिल आदि मौजूद रहे।

# पति को बेहोश कर बहनोई के साथ फरार हुई पत्नी

## दूध में मिलाई नशीली गोलियां, डेढ़ लाख की नकदी व जेवर भी साथ ले गयी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** रिश्तों के कत्ल और धोखे की एक ऐसी दास्तां सामने आई है। जिसने पूरे गांव को हिला कर रख दिया है।

**■ बरामदगी की मांग को ग्रामीणों ने कोतवाली गेट पर किया प्रदर्शन**

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मछरई के निवासी सर्वेश कुमार को क्या पता था कि जिस पत्नी के साथ उन्होंने 15 साल गुजारे। वही उनके साथ खतरनाक खेल जायेगी। बीती 23 मई की काली रात को बबीता ने अपने पति को दूध में नशीली गोलियां मिलाकर बेहोश कर दिया। जब वह मौत जैसी नींद सो रहा था, तब बबीता अपने पति के बहनोई सुनील के साथ रफूचक्कर हो गई। जाते-जाते बबीता घर को पूरी तरह कंगाल कर गई। सोना और चांदी के जेवर 1,50,000 रुपये की नगदी को लेकर फरार हो गई। पीड़ित सर्वेश का आरोप है कि इस पूरी साजिश में सुनील के साथ उसका भाई सोनू और बहनोई राकेश भी शामिल हैं। पहले भी जानलेवा हमला करवा चुकी यह लुटेरी दुल्हन नहीं अब फरार है। पीड़ित ने पुलिस से इंसाफ और बरामदगी की गुहार लगाई है। इस दौरान महिला की बरामदगी मांग को लेकर कोतवाली गेट पर ग्रामीणों द्वारा प्रदर्शन भी किया गया।



# पांच साल का प्यार पहुंचा मुकाम तक....

## थाने की पहल पर पढ़ाया गया निकाह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** डिडौली थाना सोमवार को उस वक्त चर्चा का केंद्र बन गया, जब एक प्रेमी युगल निकाह कराने की जिद लेकर थाने पहुंच गया। दोनों ने पुलिस के सामने साफ कहा कि वे बालिग हैं, पिछले पांच वर्षों से एक-दूसरे से मोहब्बत करते हैं और अब हर हाल में साथ रहना चाहते हैं।

युवक-युवती की बात सुनकर पुलिस ने दोनों पक्षों के परिजनों को थाने बुलाया। शुरुआत में परिवार वाले नाराज दिखे और काफी देर तक मान-मनौव्वल का दौर चलता रहा। थाने में घंटों चली पंचायत के बाद आखिरकार दोनों परिवारों के दिल पिघल गए और निकाह के लिए रजामंदी दे दी। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में दोनों परिवार डिडौली गांव स्थित जामा मस्जिद पहुंचे, जहां मौलाना ने धार्मिक रीति-रिवाज के अनुसार निकाह पढ़ाया। निकाह कबूल होते ही माहौल खुशियों से भर गया। परिजनों ने नवदंपति को दुआएं दीं और मिठाइयां भी बांटी गईं। निकाह के बाद युवती दुल्हन बनकर अपने पति के साथ ससुराल रवाना हो गई। वहीं प्रेम कहानी का सुखद अंत होने पर पूरे क्षेत्र में दिनभर चर्चाएं होती रहीं।

## कोर्ट ने बीस-बीस हजार का जुर्माना भी लगाया, पांच साल पहले प्लॉट पर कब्जे को लेकर धारदार हथियारों से किया था हमला

# खूनी संघर्ष में नौ लोगों को सात-सात साल की कैद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पांच साल पहले प्लॉट पर काम के दौरान हुए खूनी संघर्ष के मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने नौ दोषियों को सात-सात साल कैद व 20-20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। साथ ही पीड़ितों को एक लाख रुपये मुआवजा देने का भी आदेश दिया गया है।

29 दिसंबर 2020 की घटना कस्बा नौगावां सादात से जुड़ी थी। मोहल्ला गूला तालाब की निवासी शमीम फात्मा परिवार के लोगों के साथ प्लॉट पर मजदूरों से काम करा रही थीं। उसी दौरान लाठी-डंडे और धारदार हथियार लेकर पहुंचे आरोपियों ने हमला कर दिया था। हमले में सिर पर गंभीर चोट लगने से इरफान हैदर लहूलुहान हो गए थे। मेडिकल में उनकी चोट प्राणघातक होने की पुष्टि की गई थी। मारपीट में सैय्यद अली, इमरान और फैजान समेत अन्य लोग भी गंभीर घायल हुए थे। कई की हड्डिया फ्रैक्चर हो गई थीं कि कुछ के जबड़े हिलने से दांत टूट गए थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने बमुश्किल बेकाबू होते हालात संभाल घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया था। मामले में शमीम फात्मा की तहरीर पर मोहल्ले के एजाज हैदर, इमरान अली, अली अब्बास, अब्बास हैदर, छोटा, वहीदुल, सलमान, जफर, यावर अब्बास, आलम और राशिद समेत 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। बाद में पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था हालांकि बाद में सभी की जमानत मंजूर हो गई थी। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट द्वितीय की अदालत में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की तरफ से पैरवी सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता नितिन बंसल कर रहे थे। सोमवार को आखिरी सुनवाई करते हुए अदालत ने गवाहों के बयान, मेडिकल रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर नौ लोगों को दोषी करार दिया। सात-सात साल कैद की सजा सुनाई तथा 20-20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। अदालत ने इस धनराशि से एक लाख रुपये पीड़ितो को मुआवजे में देने का आदेश दिया। इसमें सबसे गंभीर घायल इरफान हैदर को 40 हजार जबकि अन्य घायलों को 5 से 15 हजार रुपये मिलेंगे।

# जीटी के खिलाफ क्वालीफायर 1 में RCB पर होगा खिताब को बचाने का दबाव

■ आरसीबी के लिए, यह फाइनल में जगह बनाने से कहीं अधिक है



**धर्मशाला, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के प्लेऑफ की शुरुआत में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरस.बी) पर खिताब बचाने का दबाव के साथ गुजरात टाइटन्स (जीटी) से मंगलवार रात क्वालिफायर 1 में भिड़ेंगी। आरसीबी के लिए, यह फाइनल में जगह बनाने से कहीं अधिक है।

यह वापसी की राह का एक सिलसिला है जो पिछले सीजन में उनके खिताब जीतने के साथ शुरू हुआ था और अब इसे बचाने के दबाव तक पहुंच गया है। लीग स्टेज को टॉपप पर खत्म करने से उन्हें मोमेंटम मिला है, लेकिन इसने उनकी पीठ पर एक निशाना भी लगा दिया है। उनके अभियान के दिल में विराट कोहली की कंसिस्टेंसी, फिल सॉल्ट का एग्रेशन और रजत पाटीदार की स्थिर मौजूदगी की जानी-पहचानी रीढ़ बनी हुई है। जब यह तिकड़ी शुरू में ही आक्रामक बल्लेबाजी करती है, तो आरसीबी अजेय लगती है, अक्सर पावरप्ले की शुरुआत को आसानी से 200 के पार के स्कोर में बदल देती है। फिर भी, उनके सामने चुनौती सिर्फ फॉर्म नहीं, बल्कि स्ट्रक्चर है। वहीं दूसरी ओर, गुजरात कंट्रोल और एक्यूरेसी पर बनी एक अलग पहचान के साथ आता है। वे सीजन की शुरुआत में ही आरस.बी को हरा चुके हैं, जिससे पता चलता है कि अनुशासन वाले दबाव में मजबूत बैटिंग लाइनअप भी कितनी जल्दी बिखर सकते हैं। कगिसो रबाडा की जबरदस्त पेस, मोहम्मद सिराज की एक्यूरेसी और राशिद खान के दम घोंटने वाले बीच के ओवरों की लीडरशिप में उनका बॉलिंग अटैक एक ऐसे सिस्टम की तरह काम करता है जो रिदम का पीछा करने के बजाय उसे तोड़ने के लिए डिजाइन किया गया है। इस मुकाबले की सबसे दिलचस्प कहानी इन दो सोच का टकराव है। आरसीबी का तरीका मोमेंटम पर बना है, तेजी से रन बनाना, आक्रामक इरादा और पावरप्ले में दबदबा। गुजरात धैर्य, स्ट्रक्चर और इस विश्वास के साथ जवाब देता है कि रन नहीं, विकेट हाई-प्रेशर वाले मैचों का फैसला करते हैं। धर्मशाला इस समीकरण में एक और परत जोड़ता है। इस जगह ने इस सीजन में लगातार बड़े टोटल बनाए हैं, जिसमें पहली पारी का स्कोर कई बार 200 के पार गया है। आरसीबी के लिए, रबाडा और सिराज के शुरुआती झटकों से बचना जरूरी है। अगर कोहली या साल्ट जल्दी आउट हो जाते हैं, तो मध्यम क्रम को राशिद खान के कंट्रोल के खिलाफ रिकवरी मोड में जाना होगा, एक ऐसा दौर जहां गुजरात ने हमेशा मैचों को इतना कड़ा कर दिया है कि सुधारा नहीं जा सकता। गुजरात टाइटंस के लिए, समीकरण जितना आसान है लेकिन उतना ही मुश्किल भी, शुरुआती पार्टनरशिप को जल्दी तोड़ो और आसीबी को दबाव में फिर से बनाने के लिए मजबूर करो। इस क्वालिफायर को जो बात खास तौर पर दिलचस्प बनाती है, वह है पक्का और अनचाहा के बीच का बैलेंस। कागज पर, दोनों टीमें बराबरी की लगती हैं, और लीग स्टेज को एक जैसे रिकॉर्ड के साथ खत्म किया है।

## आईपीएल फैन पार्क्स 2026 प्लेऑफ फेज पांच शहरों में होगा: BCCI



**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को पांच राज्यों के पांच शहरों में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फैन पार्क्स 2026 - प्लेऑफ फेज के कार्यक्रम की घोणा की फैन पार्क्स 29 और 31 मई को होस्ट किए जाएंगे, जिससे अलग-अलग इलाकों के फैंस आईपीएल सीजन के रोमांचक समापन का अनुभव एक शानदार और कार्निवल जैसे माहौल में कर सकेंगे। प्लेऑफ फेज के लिए आईपीएल फैन पार्क ग्वालियर, मध्य प्रदेश), गाजीपुर (उत्तर प्रदेश), मंगलुरु (कर्नाटक), काकीनाडा (आंध्र प्रदेश) और अगरतला (त्रिपुरा) में होंगे। हर फैन पार्क में आईपीएल 2026 प्लेऑफ मैचों की लाइव स्क्रीनिंग होगी, साथ ही म्यूजिक, एंटरटेनमेंट, फूड कोर्ट, बच्चों के खेलने के जोन, और इंटरैक्टिव फैन एंगेजमेंट एक्टिविटीज जैसे वर्चुअल बैटिंग जोन, बॉलिंग नेट, फेस पेंटिंग, और फैन के पसंदीदा गेम जैसे पिच परफेक्ट, गेम ऑफ थ्रोज और डोंट मिस द बॉल जैसे कई दिलचस्प ऑन-ग्राउंड अनुभव होंगे।

## एम्मा राडुकानू फ्रेंच ओपन के पहले राउंड में हारी

**पेरिस, वार्ता।** अर्जेंटीना की सोलाना सिएरा के खिलाफ पहले राउंड के मुकाबले में हार के साथ एम्मा राडुकानू का फ्रेंच ओपन में अभियान समाप्त हो गया। मात्र 25 मिनट तक चले निराशाजनक पहले सेट में एक भी गेम जीतने में नाकाम रहने के बाद, ब्रिटिश नम्बर एक खिलाड़ी ने दूसरे सेट में डबल-ब्रेक से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए टाई-ब्रेक के लिए मजबूर किया। दुनिया की 68वें नम्बर की सिएरा ने वापसी करते हुए राडुकानू पर 6.0, 7-6 (7.4) से जीत दर्ज की। राडुकानू ने 15 अनफोर्स्ड एरर किए और कोई विनर नहीं बनाया, जबकि सिएरा ने दो बार और ब्रेक करके पहला सेट 'बैगल' जीत लिया। निराश राडुकानू ने दूसरे सेट के लिए लौटने से पहले कोर्ट से कुछ समय निक.ाला, और हालांकि वह शुरुआत में ही एक गेम जीतने में कामयाब रहीं, लेकिन सिएरा के लिए सब कुछ आसान रहा, जिन्होंने कई जोरदार फोरहैंड विनर लगाकर 4-1 की बढ़त बना ली।

### खेल विशेष

## मानुष ने डब्ल्यूटीटी कंटेंडर लागोस में युगल का खिताब जीता

**अबुजा, वार्ता।** भारत के मानुष शाह ने नाइजीरिया में खत्म हुए डब्ल्यूटीटी कंटेंडर लागोस 2026 में मिश्रित और पुरु युगल दोनों के खिताब जीते। मानुष शाह और दिया चिंताले की जोड़ी ने शनिवार को मिश्रित युगल का खिताब जीता। उन्होंने 28 मिनट तक चले फाइनल में लियो डी नोडरेस्ट और केमिली लुट्ज की फ्रेंच जोड़ी को 3-0 (11-8, 14-12, 11-8) से हराया। टॉपप सीडेड भारतीय जोड़ी ने जापान के काजुहिरो योशिमुरा और रीना एसो पर 3-1 की क्वार्टर-फाइनल जीत के दौरान टेबल टेनिस टूर्नामेंट में सिर्फ एक गेम गंवाया। रविवार को, मानु शाह और मानव ठक्कर ने फाइनल में रोमानिया के इयूलियन चिरिटा और आंद्रेई इस्ट्रेट को 3-0 (11-7, 12-10, 11-4) से हराकर पुरु युगल का खिताब जीता। भारत खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और अपने चार मैचों में एक भी गेम नहीं गंवाया। लागोस में, मानु शाह ने पुरु एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई, लेकिन बाहर हो गए। दीया चितले और ओलंपियन अयहिका मुखर्जी विमेंस सिगल्स में क्वार्टर-फाइनलिस्ट रहीं, जबकि मनिका बत्रा दूसरे राउंड में बाहर हो गईं। महिला युगल में, दीया चितले-यशस्विनी घोरपड़े और सुतीर्था मुखर्जी-अयहिका मुखर्जी सेमीफाइनल में पहुंचीं। मनिका बत्रा, महिला युगल में सिड्रेला दास और मिश्रित युगल में मानव ठक्कर के साथ, दोनों इवेंट्स के क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गईं।

## ओलंपियाकोस ने मैड्रिड को हराकर यूरोलीग 2026 का खिताब जीता

**एथेंस, (रोम), वार्ता।** ओलंपियाकोस पिरियस ने रियल मैड्रिड को 92-85 से हराकर यहां यूरोलीग 2026 का खिताब अपने नाम किया। उसने 13 साल बाद चौथी बार यूरोपियन खिताब जीता। रविवार को टेलीकॉम सेंटर एथेंस में घरेलू दर्शकों के सामने, पिरियस के पोर्ट की ग्रीक टीम ने यूरोलीग फाइनल फोर के चैंपियनशिप गेम में अपने पुराने प्रतिद्वंद्वी को हरा दिया, जो 19 साल में पहली बार ग्रीक राजधानी में हुआ था। ग्रीक टीम ने गेम में अच्छी फॉर्म में शुरुआत की, हाफटाइम ब्रेक तक 46-44 की मामूली बढ़त बना ली थी। चौथा क्वार्टर कांटे का था, लेकिन रेड्स ने आखिरी मिनटों में लॉस ब्लैंकोस को हरा दिया। ओलंपियाकोस के लिए इवान फोरनियर ने सबसे ज्यादा 20 पॉइंट बनाए, उनके बाद एलेक पीटर्स ने 16 पॉइंट बनाए। साशा वेजेनकोव ने 12 पॉइंट बनाए और थॉमस वॉकअप ने 10 पॉइंट जोड़े। रियल मैड्रिड के ट्रे लाइल्स ने 24 पॉइंट बनाकर सबसे ज्यादा स्कोर किया, जबकि मारियो हेजोन्जा ने 19 पॉइंट और एंड्रेस फेलिज ने 13 पॉइंट जोड़े। ओलंपियाकोस शुक्रवार को सेमीफाइनल में तुर्की के फेनरबाचे को हराकर फाइनल में पहुंच था।

# गेंदबाज जोफ्रा आर्चर पर्पल कैप दौड़ में तीसरे स्थान पर पहुंचे



**मुम्बई, वार्ता।** इंडिनयन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का लीग चरण समाप्त हो चुका है और राजस्थान रॉयल्स (आआर) के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने मुम्बई इंडियन के खिलाफ तीन विकेट झटके और अपनी टीम को प्लेऑफ में पहुंचा दिया। इसके साथ ही वह पर्पप कैप तालिका में भी तीसरे नम्बर पर पहुंच गए। इस मुकाबले में आरआर के गेंदबाज जोफ आर्चर ने चार ओवर में केवल 17 रन देकर तीन विकेट लेकर मुम्बई इंडियंस को बड़े झटके दिए।

आर्चर ने पावरप्ले में रोहित शर्मा और नमन धीर को तो वहीं 16वें ओवर में वापसी करते हुए हार्दिक पंड्या को पवेलियन का रास्ता दिखाया। इस प्रदर्शन के साथ ही आर्चर ने चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कम्बोज, गुजरात टाइटंस के राशिद खान और सनराइजर्स हैदराबाद के ईशान मलिंगा को पीछे छोड़ते हुए तीसरा स्थान हासिल किया है। फिलहाल वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के भुवनेश्वर कुमार और के कगिसो रबाडा से ही पीछे हैं। इन दोनों के नाम 24 तो वहीं आर्चर के नाम 21 विकेट हैं। ऑरेंज कैप तालिका में रविवार को खेले गए दो मैचों में तीन ऐसी टीमें थीं जिनमें व्यक्तिगत रूप से धमाकेदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की कमी थी, लेकिन वैभव सूर्यवंशी जरूर एक्शन में थे।

# कोच के साथ काम करने पर शानदार गेंदबाजी कर पाया: कुलदीप यादव

■ पिछले मैच के बाद अपने होमटाउन गया था और वहां अपने कोच के साथ काम किया



**कोलकाता, वार्ता।** स्पिन गेंदबाज कुलद.ीप यादव ने कहा कि उनका इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सीजन अच्छा नहीं रहा, मैं पिछले मैच के बाद घर लौटा और अपने कोच के साथ उन भूले हुए एरिया काम किया जिसमें काम करने की जरुरत थी और इस मैच में शानदार गेंदबाजी कर पाया।

केकेआर के खिलाफ रविवार को मैच जीतने के बाद प्लेयर ऑफ द मैच बने कुलदीप ने कहा कि मैच से पहले मैं उतना खुश नहीं था, क्योंकि हम एक टीम के तौर पर जिस तरह से फिनिश करना चाहते थे, उस तरह से फिनिश नहीं कर पाए। मेरा सीजन भी उतना अच्छा नहीं गया था। मुझे अपने आपसे काफी अधिक उम्मीद थी, लेकिन मैं वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाया। कुलदीप ने बताया कि टीम के पिछले मैच के बाद वह अपने होमटाउन गए थे और वहां अपने कोच के साथ काम किया। वह अपनी लय वापस पाना चाहते थे और उन्होंने एक अभ्यास मैच भी खेला था। इस मूव का लाभ उन्हें अपनी पुरानी फ्रेचाइजी और पुराने घरेलू मैदान पर देखने को मिला। उन्होंने कहा, पिछले मैच के बाद मैं अपने घर चला गया था और अपने कोच के साथ उन एरिया में काम किया जिसमें करने की जरूरत थी और वहां मैंने एक मैच भी खेला। कुछ छोटी चीजें होती हैं जिन्हें आप बहुत जल्दी भूल जाते हैं खास तौर से सफेद गेंद की क्रिकेट में। वहां जाकर उन चीजों पर काम करना और फिर वापस आकर यहां इस तरह की गेंदबाजी करना शानदार है। उन्होंने कहा, जब मैंने अपने कोच से बात की तो उन्होंने सीधे बोला कि तुम्हें गेंद को स्पिन कराना होगा, बल्लेबाज को चकमा देना होगा। मैं जानता हूं कि बल्लेबाज तुम्हारे खिलाफ आक्रामक हो रहे हैं, लेकिन जब तुम गेंद को स्पिन कराते हो तो तुम्हारे पास उन्हें आउट करने का मौका होता है। पिछले कुछ मैचों में मैं अपने पूरे शरीर का इस्तेमाल नहीं कर रहा था। मुझे लगता है कि मैंने टुकड़ों में अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन अपने रनअप या लय में आप कुछ चीजें भूल जाते हैं जिससे आपके खेल पर असर पड़ता है। टूर्नामेंट के दौरान वह किन चीजो में कमजोर पड़े इसके बारे में कुलदीप ने कहा, मैं थोड़ा ओपन चेस्ट से गेंदबाजी कर रहा था।

# फीफा विश्वकप 2026 से पहले मेसी के पैर में लगी चोट



**फ्लोरिडा, वार्ता।** स्टार फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी को फीफा विश्व कप 2026 में अर्जेंटीना के शुरुआती मैच से तीन सप्ताह पहले, मेजर लीग सॉकर में फिलाडेल्फिया यूनियन के खिलाफ इंटर मियामी के मैच में पैर में चोट लग गई।

रविवार को खेले गए मुकाबले के 73वें मिनट में मेसी अपने बाएं पैर के पिछले हिस्से को पकड़ते हुए मैदान से चले गए। उतारने की रिक्वेस्ट करने के बाद, 38 साल के मेसी को सामान्य तरीके से चलते हुए देखा गया जब वह टनल से होते हुए लॉकर रूम में गए। यह मेसी का इंटर मियामी के लिए आखिरी एमएलएस गेम था,

इससे पहले कि वह अर्जेंटीना में शामिल हों, जो 16 जून को ग्रुप जे के मुकाबले में अल्जीरिया का सामना करते हुए अपने विश्व.कप खिताब के बचाव की शुरुआत करेंगे। इंटर मियामी के कोच गुइलेर्मो होयोस, जिनकी टीम ने 6-4 से जीत हासिल की, ने मैच के बाद कहा कि रिकॉर्ड आठ बार के बैलन डी'ओर विजेता को एहतियात के तौर पर फ्लोरिडा के मियामी में बारिश वाली रात में गीली पिच से हटा दिया गया था। होयोस ने कहा, जहां तक मुझे पता है, हमारे पास अभी तक इस पर मेडिकल रिपोर्ट नहीं है, लेकिन वह सच में थके हुए थे। वह थके हुए थे, पिच भारी थी और जब शक हो, तो हमेशा यही तरीका होता है कि आप कोई रिस्क न लें।

## जियोवानी को हराकर नोवाक फ्रेंच ओपन के अगले दौर में

**पेरिस, वार्ता।** सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोको.विच ने एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए फ्रेंच ओपन 2026 के पहले दौर में फ्रांस के जियोवानी म्पेत्शी पेरीकार्ड को ?5-7, 7-5, 6-1, 6-4? से हराकर टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली। 39 साल के जोकोविच ने शुरुआती दो सेटों में फॉर्म और लय से जूझने के बाद, अपनी अनुभवी खेल शैली से पेरीकार्ड की तूफानी सर्विस का तोड़ निकाला और अगले तीन सेट आसानी से जीत लिया।

जोकोविच ने इस वर्ा अब तक 11 एकल मुकाबले खेले है। दूसरे राउंड में जोकोविच का सामना बुधवार को फ्रांच के टेनिस खिलाड़ी वैलेंटिन रॉयर से होगा। मैच के बाद कोर्ट पर जो.कोविच ने फ्रेंच में कहा, जियोवानी को बधाई।

मैंने उनके साथ पहली बार खेला और यह देखना लगभग नामुमकिन है कि वह कहां सर्व करेंगे। यह कुछ ऐसा है जैसा मैंने अपने करियर में शायद एक या दो बार देखा है, रेली ओपेल्का या इवो कार्लोविक के साथ। ऐसे मैच में, आपको फोकस रखना होता है और मौके का इंतजार करना होता है। यह थोड़ा मुश्किल था, लेकिन आखिर में, मुझे सही समय पर अपना बेस्ट टेनिस और बेस्ट रिटर्न गेम मिला।

## पहली बार 100 दृटिबाधित बच्चों ने मुंबई इंडियंस का मैच आनंद उठाया

**मुंबई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेले गए मैच को पहली बार 100 दृटिबाधित बच्चों ने आनंद उठाया। आईपीएल के इस मैच को पहली बार 100 दृटिबाधित बच्चे अपने 'हियरिग बडीज' के साथ मैच देखने पहुंचे। इसके अलावा 200 से ज्यादा विशो रूप से सक्षम बच्चे भी इस अनुभव का हिस्सा बने। बच्चे मुंबई के अलावा सतारा, नासिक, इगतपुरी और दूर-दराज के कई इलाकों से आए थे। रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और चेयरपर्सन नीता एम- अंबानी ने कहा कि बच्चों की खुशी और उत्साह इस दिन को खास बना देता है। उन्होंने कहा कि एजुकेशन एंड स्पोट्स फॉर ऑल (ईएसए) की शुरुआत 16 साल पहले हुई थी।

# कमिंस, स्टार्क व हेजलवुड की स्टार तिगड़ी वनडे विश्वकप 2027 की करेगी तैयारी: मैकडोनाल्ड



**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि फिटनेस और वर्कलोड की चिंताओं के बावजूद, पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जॉश हेजलवुड की स्टार तिगड़ी पाकिस्तान और बंगलादेश के साथ सफेद गेंद दौरे का हिस्सा नहीं है ए तीनों आगामी एकदिवसीय विश्व कप 2027 के लिए तैयारी करेंगे।

मैकडोनाल्ड ने कहा कि ए तीनों ऑस्ट्रेलिया के पाकिस्तान और बंगलादेश के सफेद गेंद दौरे का हिस्सा नहीं हैं। ए तीनों दोनों सीरीज खेलने के लिए तैयार थे, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट-व्यस्त कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए उन्हें आराम करने के लिए कहा गया था। और जबकि टेस्ट खेलना टॉपप प्रायोरिटी है, ऑस्ट्रेलिया प्रबंधन को उम्मीद है कि ए तीनों वर्ल्ड कप के लिए टॉपप शेप में रह सकते हैं, जो अक्टूबर-नवम्बर 2027 में साउथ अफ्रीका में होना है। मैकडोनाल्ड ने कहा, मुझे लगता है कि लोग आस-पास के गेम देखते हैं और सोचते हैं, 'अच्छा, वे वहां क्यों नहीं खेल रहे हैं।लेकिन अगर आप असल में 2027 से पीछे की ओर देखें और देखें कि हमारे पास आगे क्या है, तो यह आखिरी बड़ा ब्रेक है जिसमें हम उनके शरीर में इन्वेस्ट करेंगे ताकि वे 2027 तक पूरी तरह से तैयार हो सकें। हम प्लान कर रहे हैं कि वे 2027 तक वहां पहुंच जाएं। मैकडॉनल्ड ने कहा, मुझे लगता है कि उन्हें वहां पहुंचाने के लिए हम जो कर रहे हैं उस पर बहुत भरोसा होना चाहिए। यह एक बड़ी चुनौती होगी, खासकर हमारी शानदार (स्पोर्ट्स साइंस और मेडिकल) टीम के लिए, उन्होंने काफी समय से बहुत अच्छा काम किया है। मुझे लगता है कि यह लगभग एक गलतफहमी है कि खिलाड़ी खुद ही चुनते हैं कि उन्हें कहां खेलना है और कौन सी सीरीज खेलनी है। ए फैसले शेड्यूल में क्या आने वाला है, इसके मैनेजमेंट के हिसाब से लिए जाते हैं, और वे इसे नहीं चुनते। हम उनके साथ इस पर काम करते हैं, वे खिलाड़ी खेलना चाहते हैं। हमें नहीं लगता कि यह उनके खेलने का सबसे अच्छा समय है। भारत की सीनियर पुरा राट्रीय टीम यूनिटी कप 2026 के लिए लंदन पहुंची लंदन। भारत की 17 सदर्स्य सीनियर पुरुष राट्रीष्य फुटबॉल टीम इंग्लैंड की राजधानी लंदन में होने वाले यूनिटी कप 2026 में हिस्सा लेने यहां पहुंच गई। भारतीय टीम रविवार सुबह बेंगलुरु से इंग्लैंड की राजधानी के लिए रवाना हुई थी। वर्ा 2002 के बाद इंग्लैंड में भारत का पहला मैच होगा।

## यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली, वार्ता।** यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब को 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में सोमवार को 7 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। टॉपस जीतने के बाद, यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने पहले फील्डिग करने का फैसला किया। स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब ने विकास सोलंकी 63(62) और ललित यादव 44(34) की मदद से 32-5 ओवर में 10 विकेट पर 169 रन बनाए। यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब के बॉलर पियाश चिकारा ने 20 रन देकर 3 विकेट, दीप ठाकुर ने 32 रन देकर 3 विकेट और मयंक रावत ने 28 रन देकर 2 विकेट लिए। टारगेट का पीछा करते हुए यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने तनुज पंवार 114(56) नॉट आउट और नवीन कुमार 21(18) नॉट आउट की शानदार पारियों की मदद से 16-2 ओवर में 3 विकेट पर 173 रन बनाए और मैच 7 विकेट से जीत लिया।

स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब की बॉलिंग में, राहुल राठी ने 41 रन देकर 2 और हार्दिक शर्मा ने 26 रन देकर 1 विकेट लिया। संक्षिप्त स्कोर: स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब - 32-5 ओवर में 10 विकेट पर 169 रन ( विकास सोलंकी 63(62) और ललित यादव 44(34) यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब - 16-2 ओवर में 3 विकेट पर 173 रन ( तनुज पंवार - 114(56) नॉट आउट और नवीन कुमार - 21(18) नॉट आउट) कीमती प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार - तनुज पंवार (फ्रेंड्स) - 114(56) को दिया गया जबकि स्पोर्ट सन फाइटर ऑफ द मैच का पुरस्कार - विकास सोलंकी (स्पोर्टिंग) - 63(62) को मिला। अगला मैच मंगलवार को एसआरके टेक्नोलॉजी ग्प क्रिकेट क्लब और यॉर्क क्रिकेट क्लब के बीच खेला जाएगा। मिन्हाजुल का चटगांव से निर्विरोध बीसीबी डायरेक्टर बनना तय चटगांव। राट्रीय टीम के पूर्व कप्तान मिन्हाजुल आबेदीन आगामी चुनाव में कैटेगरी 1 से बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के डायरेक्टर बनने वाले हैं। चुनाव आयोग ने सोमवार को नाम वापस लेने के बाद उम्मीदवारों की आखिरी सूची जारी कर दी है। मिन्हाजुल ने अपने खेल करियर में बंगलादेश का प्रतिनिधित्व किया, संन्यास के बाद बीसीबी में शामिल हुए और कई पदों पर काम किया। उन्होंने चयन पैनल में एक दशक से ज्यादा समय बिताया, शुरुआत में एक सिलेक्टर के तौर पर और फिर चीफ सिलेक्टर का पद संभाला। वह मौजूदा एड-हॉक कमेटी के भी सदस्य हैं। बीसीबी चुनाव आयोग की ओर से जारी आखिरी सूची से इस बात की पुटि हो गई है कि शरीफुल इस्लाम के नाम वापस लेने के बाद मिन्हाजुल कैटेगरी 1 में चटगांव डिवीजन दो उम्मीदवार रह गए हैं।

# अब क्वाड पर नजर

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से गहरा रहे वैश्विक संकट के बीच क्वाड देशों की महत्त्वपूर्ण बैठक होने जा रही है। खास बात यह है कि भारत की मेजबानी में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में यह बैठक होगी। खबरों के मुताबिक, इस बैठक में हिंद-प्रशांत क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर विचार-विमर्श के अलावा विश्वभर में पैदा हुए ऊर्जा संकट से निपटने के उपायों पर भी मंथन किया जाएगा। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन दौरे को लेकर भी यह उम्मीद जताई जा रही थी कि पश्चिम एशिया में शांति बहाली का कोई रास्ता निकलेगा, मगर दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों की वार्ता के नतीजे में ऐसा कुछ नजर नहीं आया। क्वाड में शामिल देशों में से भारत पर इस वैश्विक संकट का मौजूदा परिस्थितियों में सबसे ज्यादा असर दिख रहा है। चूंकि वर्तमान में भारत क्वाड की अध्यक्षता कर रहा है, इसलिए यह उम्मीद है कि इस बैठक में ऊर्जा संकट का मसला प्रमुखता से रखा जाएगा। यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि क्वाड में अमेरिका भी शामिल है और ईरान के साथ उसके और इजरायल के संघर्ष से ही संकट की यह स्थिति उत्पन्न हुई है। क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक 26 मई को होगी और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार को भारत पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं, विशेषकर रक्षा, व्यापार, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग बढाने पर विचार-विमर्श किया। साथ ही पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी चर्चा की गई। अब सबकी नजरें क्वाड की बैठक पर टिकी हैं कि उसमें किन मुद्दों पर प्रमुखता से चर्चा की जाएगी। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच फिलहाल युद्धविराम जारी है, लेकिन होर्मुज जलमार्ग को खुलवाने के लिए अमेरिका के प्रयास अभी तक नाकाम रहे हैं। इसके बजाय होर्मुज के आसपास अमेरिका की नाक. बंदी से स्थिति और जटिल हो गई है। दोनों देश अपनी-अपनी शर्तों पर अड़े हैं, जिस कारण शांति वार्ता के मार्ग पर अनिश्चितता की बर्फ जम गई है। यही वजह है कि वैश्विक स्तर पर ऊर्जा समेत अन्य आवश्यक वस्तुओं की कमी का संकट लगातार गहराता जा रहा है। पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे वैश्विक संकट का भारत पर कितना असर हुआ है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दस दिनों से भी कम समय में शनिवार को तीसरी बार बढ़ोतरी की गई। पेट्रोल के दाम में 87 पैसे प्रति लीटर, जबकि डीजल में 91 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की गई है। सीएनजी की कीमत में भी एक रूपए प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी हुई है। जाहिर है कि ईंधन के दामों में इजाफे से आने वाले दिनों में रोजमर्रा के इस्तेमाल की वस्तुएं भी महंगी होंगी। कुल मिलाकर इस संकट की सबसे ज्यादा मार आमजन पर ही पड़ेगी। इसलिए जरूरी है कि क्वाड की बैठक में इस मसले को प्रमुखता से रखा जाए और संकट का स्थाई समाधान तलाशने की कोशिश की जाए। दोनों देश अपनी-अपनी शर्तों पर अड़े हैं, जिस कारण शांति वार्ता के मार्ग पर अनिश्चितता की बर्फ जम गई है। यही वजह है कि वैश्विक स्तर पर ऊर्जा समेत अन्य आवश्यक वस्तुओं की कमी का संकट लगातार गहराता जा रहा है।

# ईद-उल-अज़हा बलिदान की पुरानी परंपरा





शाहवेज़ खान

जो लोग कहते हैं इस्लाम 1400 साल पहले ही आया है उनके लिए इस्लाम धर्म के दूसरे सबसे बड़े त्योहार ईद-उल-अजहा,को जानना भी जरूरी है इस त्योहार को बकरीद भी कहते हैं इस्लाम धर्म मे कुर्बानी की यह परम्परा करीब 4000 साल से ज्यादा पुरानी हैं और यह इस्लाम धर्म के नबी हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम के इम्तिहान ,त्याग और अल्लाह यानी ईश्वर से अटूट विश्वास से जुड़ी है। यह सिर्फ एक त्योहार नहीं बल्कि अल्लाह के हुक्म के आगे सर झुकाने, त्याग और बलिदान का वह हिस्सा है जो दुनिया मे कही और देखने को नही मिलता। और इब्राहिम अलैहिस्सलाम के दौर से ही इस्लाम धर्म में कुर्बानी कि यह परंपरा 10 जिल हिजजा यानी ईद उल अजहा के समय में शुरू हुई ,हालांकि कुर्बानी की परंपरा दुनिया में इस्लाम धर्म के अनुसार हजरत आदम अलैहिस्सलाम के समय से ही शुरू हो चुकी थी लेकिन उसका एक मुकर्रर वक्त नहीं था।

## इतिहास : हजरत इब्राहीम का इम्तिहान

कुरान-ए-पाक की सूरह अस-साफ्फात में इसका जिक्र है। हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम को बुढ़ापे में बड़ी मन्नतों के बाद बेटे हजरत इस्माईल अलैहिस्सलाम हुए थे। जब इस्माईल थोड़े बड़े हुए, तो इब्राहीम को ख्वाब में हुक्म हुआ कि अपने सबसे प्यारी चीज को अल्लाह की राह में कुर्बान करे जिसे नबी इब्राहिम ने अपने बेटे के रूप में देखा। इसके बाद उन्होंने यह किस्सा अपनी बीवी को बताया जिस पर वह भी अल्लाह की राह में उन्हें कुर्बान करने के लिए राजी हो गई वही जब बेटे स्माइल को कुर्बान करने का वक्त आया तो इब्राहिम में अपना सारा वाकया बेटे को बताया इसके बाद वह भी खुद को कुर्बान करने के लिए राजी हो गए। लेकिन जब उन्हें कुर्बान किया जा रहा तो कई करिश्मा हुए इसके बाद वहां पर एक मेढे की कुर्बानी हुई। इसी वाकए की याद में हर साल जिलहिज्जा महीने की 10 तारीख को दुनिया भर के मुसलमान कुर्बानी करते हैं और यह वाकया करीब 2000 ईसा पूर्व का माना जाता है। यानी यह परंपरा 4 हजार साल से भी पुरानी है।

## हज और कुर्बानी का रिश्ता

ईद-उल-अजहा हज के साथ जुड़ी है। हजरत इब्राहीम और हजरत इस्माईल ने ही एक बार काबा की तामीर की थी। हज के दौरान मीना में जो शैतान को कंकर मारने की रस्म है, वो भी इसी किस्से से जुड़ी है। कहते हैं कि जब इब्राहीम बेटे को कुर्बान करने ले जा रहे थे, तो शैतान ने तीन बार बहकाने की कोशिश की। हर बार इब्राहीम ने कंकर मारकर उसे भगाया। 9 जिलहिज्जा को अरफात का दिन होता है, जब हाजी मैदान-ए-अरफात में दुआ करते हैं। 10 जिलहिज्जा को मीना में कुर्बानी देकर हाजी और पूरी दुनिया के मुसलमान ईद मनाते हैं।

## कुर्बानी का मकसद क्या है

कुरान कहता है- अल्लाह को न उनके गोश्त पहुंचते हैं न खून, बल्कि उसे तुम्हारा तकवा पहुंचता है यानी असल मकसद दिखावा नहीं, नीयत और अल्लाह से बेपनाह प्यार का रिश्ता है। कुर्बानी के गोश्त के तीन हिस्से किए जाते हैं- एक गरीबों के लिए, एक रिश्तेदारों-दोस्तों के लिए, और एक अपने घर के लिए। इससे समाज में बराबरी और भाईचारे का पैगाम जाता है।

## हजरत इब्राहीम से पहले

कुर्बानी का कॉन्सेप्ट नबी इब्राहीम से भी पुराना है। हजरत आदम के दो बेटे हाबिल और काबिल ने भी कुर्बानी पेश की थी। लेकिन ईद-उल-अजहा के रूप में, तारीख तय करके, हर साल मनाने का रिवाज हजरत इब्राहीम की सुन्नत से शुरू हुआ। हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने मदीना आने के बाद इसे उम्मत के लिए जारी रखा।

## आज के दौर में ईद-उल-अज़हा

दुनिया के लगभग 200 करोड़ मुसलमान इस दिन नमाज पढ़ते हैं, कुर्बानी करते हैं और जरूरतमंदों को याद रखते हैं।

त्योहार का पैगाम साफ हैरू अल्लाह के हुक्म के सामने अपनी सबसे प्यारी चीज भी कुर्बान कर देना, और अपनी कमाई में गरीबों का हक निकालना। और यह सब सिर्फ मजहबी नहीं है। यह भरोसे, सब्र, और बाप-बेटे की इताअत की मिसाल है की 4000 साल बाद भी यह त्योहार हमें यही सिखाता है कि असली कामयाबी अल्लाह की रजा में है त्याग में है और बलिदान में छुपी है।

## श्रीमुख से...

### अफसर अब स्वयं आपदा साबित हो रहा



उप्र में असहनीय महा विद्युत आपदा की वजह से लगातार बढ़ते आक्रोश से बचने के लिए भयभीत भाजपाई विधायक-सांसद दिखावटी चिट्ठी का कागजी कवच बना रहे हैं, यह चिट्ठी दरअसल अपनी सरकार को लिखा कोई जन हित का पत्र नहीं है, बल्कि भाजपा रूपी डूबते जहाज को छोड़कर विपक्ष से आगामी चुनावों में टिकट पाने के लिए आवेदन पत्र है, हमारे गठबंधन में ऐसे नेताओं के लिए कोई जगह नहीं है, जो जनता को दुख-दर्द और दिक्कतों के सिवा कुछ नहीं देते हैं, इस जानलेवा गर्मी में परिवारों में बड़े बुजुर्गों, बीमारों, बच्चों और खाने-पानी की व्यवस्था में झुलसती महिलाओं की क्या दुर्दशा हो रही है, ये केवल परिवारवाले ही समझ सकते हैं, कभी आपदा में अवसर ढूंढने वालों ने, अवसर की जगह जिस अफसर को ढूंढा था, वो अफसर अब स्वयं आपदा साबित हो रहा हैं।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**
**पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**
**Dainikshahtimes@gmail.com**

# बढ़ती गर्मी भविष्य के लिए बड़ी चेतावनी



योगेश कुमार गोयल

बदलती जलवायु के कारण भारत सहित दुनिया के अनेक हिस्से भीषण हीट वेव की चपेट में है। अब यह संकट पारंपरिक क्षेत्रों से निकलकर तटीय इलाकों तक फैल चुका है। अंधाधुंध शहरीकरण, घटती हरियाली और कंक्रीट के बढ़ते निर्माण से 'अर्बन हीट आइलैंड' का प्रभाव बढ़ रहा है, जिससे दिन और रातें अत्यधिक गर्म हो रही हैं। राजस्थान के बाड़मेर से लेकर दिल्ली की गलियों और विदर्भ के मैदानों तक पारा 45 डिग्री सेल्सियस के स्तर को पार कर चुका है। यह केवल बढ़ते तापमान का आंकड़ा नहीं है बल्कि यह एक गहराता सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट और आर्थिक चेता. वनी है। हीट वेव अब केवल मौसमी असुविधा नहीं बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और मानव अस्तित्व के लिए गंभीर संकट बन चुकी है। बढ़ते तापमान, घटती हरियाली और कंक्रीट के फैलते जंगलों ने जीवन को लू की लपटों में समेट दिया है।

मौसम विभाग और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के ताजा आंकड़ों ने एक डरावनी तस्वीर पेश की है। पिछले चार दशकों में हीट वेव द्धलूऋ से होने वाली मौतों में 62 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। गौर करने वाली बात यह है कि हीट वेव अब केवल अपने पारंपरिक गढ़ (उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत) तक सीमित नहीं रही बल्कि इसने दक्षिण भारत के उन तटीय इलाकों को भी अपनी चपेट में ले लिया है, जो ऐतिहासिक रूप से कम ताप प्रभावित रहते थे। अध्ययन बताते हैं कि 1981 से 2000 के बीच लू की औसत अवधि जहां 2.5 से 5.5 दिन थी, वहीं 2001 से 2020 के बीच यह बढ़कर 8.5 दिन तक पहुंच गई। लू का भौगोलिक दायरा भी 11.9 लाख वर्ग किलोमीटर से फैलकर 18.1 लाख वर्ग किलोमीटर हो चुका है। यह विस्तार बताता है कि जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की आशंका नहीं, वर्तमान की कड़वी हकीकत है। हमारे शहर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील हो चुके हैं, जो दिनभर गर्मी सोखते हैं और रात में उसे मुक्त करते हैं, जिससे 'अर्बन हीट आइलैंड' का प्रभाव पैदा होता है। इस तपती आग में सबसे अधिक जोखिम उन लोगों (रेहड़ी-पटरी वाले, निर्माण श्रमिक और दिहाड़ी मजदूर) का है, जो खुले आसमान के नीचे अपना वजूद तलाशते हैं। इनके पास न तो कूलिंग सेंटर की सुविधा है और न ही काम के घंटों में लचीलापन। इसके साथ ही बच्चे और बुजुर्ग इस बढ़ते 'डिस्कंफर्ट इंडेक्स' के सबसे आसान शिकार बन रहे हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक तापमान में वृद्धि से आगामी वर्षों में हीट वेव, गर्मी का मौसम ज्यादा समय तक रहने और सर्दी के मौसम का समय घटने जैसी स्थितियां पैदा होंगी। इस बारे में वैज्ञानिकों का स्पष्ट कहना है कि जिस जलवायु परिवर्तन के बारे में अब तक हम केवल पढ़ते-सुनते रहे थे, वह अब हमारे सामने आकर खड़ा हो गया है। भारत में मई का महीना गर्म हवाओं (लू) का चरम समय होता है और लू की घटनाओं को भी मौसम में दिन-प्रतिदिन बदलाव का स्वाभाविक हिस्सा माना जाता है लेकिन चिंता की बात यही है कि लू की तीव्रता लगातार वर्ष दर वर्ष बढ़ रही है। पिछले करीब डेढ़ दशकों में 2009, 2010, 2016, 2017 और 2022 भारत में रिकॉर्ड किए गए पांच सबसे गर्म वर्ष रहे। आईएमडी के मुता. बिक 15 सबसे गर्म वर्षों में से 11 वर्ष 2008 से 2022 के बीच ही दर्ज किए गए।

यह जानना भी जरूरी कि हीट वेव आखिर है क्या? जैसा कि नाम से ही जाहिर है, हीट वेव अत्यधिक गर्म मौसम की अवधि है, जो प्राय: दो या ज्यादा दिनों तक रहती है। जब तापमान किसी क्षेत्र के सामान्य औसत तापमान से अधिक हो जाता है तो उसे 'हीट वेव' कहा जाता हं। आईएमडी के अनुसार मैदानी इलाकों का अधि. कतम तापमान जब 40 डिग्री सेल्सियस तक और पहाड़ी क्षेत्रों का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तो लू चलने लगती है और यदि तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तो यह खतरनाक लू की श्रेणी में कही जाती है। इसी प्रकार तटीय क्षेत्रों में जब तापमान 37 डिग्री सेल्सियस हो जाता है तो लू चलने लगती है। हीट वेव के कारण लोगों के बीमार होने और हीट स्ट्रोक का खतरा बहुत बढ़ जाता है तथा सैंकड़ों लोगों की मौत हो जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 1998 से 2017 के बीच हीट वेव के कारण 1।66 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी और यह आंकड़ा अब वर्ष दर वर्ष तेजी से बढ़ रहा है। आईआईटी खड़गपुर के एक अध्ययन से यह स्पष्ट हो चुका है कि तापमान में वृद्धि तथा लू का मानव शरीर पर व्यापक असर पड़ रहा है। गर्म हवाओं से ब्रेन स्ट्रोक, हृदयाघात, नसों में खून के थक्के जमने की आशंका, स्थाई विकलांगता का खतरा बढ़ जाता है और इससे मृत्यु दर में भी वृद्धि हो सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार, हीट वेव बाढ़ के बाद दूसरी सबसे घातक आपदा है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौतियां पेश कर रही है। लू का असर हृदय तथा फेफड़े जैसे अंगों पर सर्वाधिक पड़ता है, जो बेहद खतरनाक हो सकता है। हीट वेव से ऐसे लोगों की स्थिति और खराब होने की संभावना होती है, जो हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गुर्दे की बीमारी इत्यादि समस्याओं से पीड़ित हैं। आईएमडी के मुताबिक वैसे तो हर साल दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना इत्यादि उत्तर पश्चिमी भारत, मध्य, पूर्व और उत्तर प्रायद्वीपीय भारत के मैदानी इलाकों में मार्च से जून के दौरान हीट वेव का दौर चलता है लेकिन जैसे-जैसे पृथ्वी की जलवायु गर्म होती जा रही है, दिन और रात भी सामान्य से अधिक गर्म होते जा रहे हैं, जिससे हीट वेव की घटनाएं बढ़ रही हैं और मौतों तथा बीमारियों की आशंका भी बढ़ रही है।

# भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना : प्रगति का नया अध्याय





ओ.पी. पाल

भारत की बुलेट ट्रेन परियोजना देश के परिवहन इतिहास का सबसे बड़ा और महत्वाकांक्षी कदम है। एक मायने में यह परियोजना महज ईंट, गारे, लोहे और कंक्रीट से ढांचा खड़ा करने की कहानी नहीं है। यह कहानी है नए भारत के उस ऊंचे कल्पनाशिल्प की, जो अब धीमी रफ्तार से संतुष्ट नहीं होना चाहता। यह परियोजना भारत की तकनीकी संप्रभुता, आर्थिक सुदृढ़ता और वैश्विक साख का प्रतीक यानी भारत के भविष्य की आधारशिला है। परियोजना में जमीन अधिग्रहण की बाधाओं, कोविड महामारी के थपेड़ों और लागत में वृद्धि जैसी तमाम चुनौतियों का सीना चीरकर जिस तरह आज वायाडक्ट्स और अंडर-सी टनल का काम अपनी अंतिम परिणति की ओर बढ़ रहा है, उसके मद्देनजर वर्तमान प्रगति को लेकर यह कहा जा सकता है कि भारत में बुलेट ट्रेन चलाने की तैयारी निर्णायक चरण में पहुंच चुकी है। क्योंकि साल 2026 में सूरत और बिलिमोरा के बीच होने वाला ट्रायल रन इस बात का उद्घोष होगा कि भारत अब बदल चुका है। जब 320 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से यह ट्रेन भारत की धरती पर दौड़ेगी, तो वह केवल दो शहरों की दूरी को कम नहीं करेगी, बल्कि वह देश के करोड़ों युवाओं के सपनों को एक नई उड़ान और असीम गति प्रदान करेगी। बुलेट ट्रेन का आना भारत के परिवहन इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम अध्याय है, जिसका असर आने वाली कई पीढ़ियां महसूस करेंगी।

भारत हमेशा से एक ऐसा राष्ट्र रहा है जिसने अपनी परंपराओं को सहेजते हुए आधुनिकता की ओर कदम बढ़ाए हैं। बैलगाड़ी और भाप के इंजनों से शुरू हुआ हमारा परिवहन का सफर आज वंदे भारत जैसी सेमी-हाई-स्पीड ट्रेनों तक पहुंच चुका है। लेकिन, इक्कीसवीं सदी का भारत अब सिर्फ रफ्तार की दौड़ में शामिल नहीं होना चाहता, बल्कि वह दुनिया के विक. सित देशों के समकक्ष खड़े होकर हाई-स्पीड रेल युग का नेतृत्व करना चाहता है।

इस सपने को हकीकत में बदलने का ही नाम है-मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट, जिसे आम बोलचाल में हम देश की पहली बुलेट ट्रेन कहते हैं। भारत में हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की परिकल्पना लगभग एक दशक पहले की गई थी। साल 2015 में भारत और जापान के बीच एक ऐतिहासिक समझौता हुआ। जापान, जो अपनी शिंकानसेन तकनीक के लिए दुनिया भर में मशहूर है और जिसने पिछले कई दशकों में शून्य दुर्घटना का रिकॉर्ड बनाए रखा है, इस परियोजना के लिए भारत का रणनीतिक साझेदार बना। सितंबर 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान के तत्कालीन प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने अहमदाबाद में इस बेहद महत्वाकांक्षी परियोजना की आधारशिला रखी थी। जापान न केवल भारत को अपनी सबसे सुरक्षित और उन्नत तकनीक का हस्तांतरण कर रहा है, बल्कि बेहद मामूली ब्याज दर पर इस परियोजना के लिए एक बड़ा वित्तीय लोन भी उपलब्ध करा रहा है।

**स्टेशन, रूट और रफ्तार का गणित**

मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की कुल लंबाई 508 किलोमीटर है। यह कॉरिडोर भारत के दो सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक राज्यों गुजरात और महाराष्ट्र के साथ-साथ केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली से होकर गुजरेगा। इस ट्रैक पर बुलेट ट्रेन की अधिकतम परिचालन गति 320 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है। वर्तमान में मुंबई से अहमदाबाद के बीच पारंपरिक ट्रेनों या सड़क मार्ग से यात्रा करने में 6 से 7 घंटे का समय लगता है। बुलेट ट्रेन के पूरी तरह शुरू होने के बाद यह सफर सिमटकर महज दो से ढाई घंटे का रह जाएगा। यह समय की वह बचत है जो कॉर्पोरेट जगत, व्यापारियों और आम यात्रियों की उत्पादकता को कई गुना बढ़ा देगी। इस पूरे मार्ग में कुल 12 स्टेशन बनाए जा रहे हैं। ए स्टेशन किसी आधुनिक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की तर्ज पर विकसित किए जा रहे हैं, जहां यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। इन स्टेशनों में मुंबई (बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स) इस रूट का एकमात्र पूरी तरह से भूमिगत स्टेशन होगा। जबकि अन्य स्टेशनों में ठाणे, विरार, बोइसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आनंद, अहमदाबाद और साबरमती शामिल हैं। ताजा रिपोर्ट के अनुसार अब तक 434 किलोमीटर तक पिलर (खंभों) का निर्माण पूरा हो चुका है। पटरी बिछाने के लिए 343 किलोमीटर से अधिक का वायाडक्ट बनकर तैयार है। गुजरात के सूरत, आनंद और अहमदाबाद जैसे स्टेशनों के विशालकाय ढांचे अब दूर से ही दिखाई देने लगे हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि सूरत-बिलिमोरा के बीच 2026 के ट्रायल के बाद, वर्ष 2029 से 2030 तक यह पूरा 508 किलोमीटर का कॉरिडोर पूर्ण रूप से चालू होकर देश को समर्पित कर दिया जाएगा।

**समुद्र के नीचे सुरंग से भूकंप अलार्म तक**

यह परियोजना केवल पटरी बिछाने और ट्रेन दौड़ाने का काम नहीं है, बल्कि यह भारत के सिविल इंजीनियरिंग इतिहास की सबसे कठिन और विस्मयकारी परीक्षाओं में से एक है। इस परियोजना का सबसे चुनौतीपूर्ण और रोमांचक हिस्सा महाराष्ट्र के घनसोली और शिलफाटा के बीच बनने वाली 21 किलोमीटर लंबी सुरंग है। इस सुरंग की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसका 7 किलोमीटर का हिस्सा ठाणे क्रीक के नीचे, यानी समुद्र के तलहटी के नीचे से गुजरेगा। भारत के इतिहास में यह पहली बार हो रहा है जब कोई हाई-स्पीड रेल समुद्र के नीचे से गुजरेगी। इस सुरंग को खोदने के लिए दुनिया की सबसे विशालकाय टनल बोरिंग मशीनों का उपयोग किया जा रहा है।



श्रीनगर। 'ईद-उल-अज़हा' के त्योहार की खरीदारी को लेकर जाम में फंसे वाहन।

## उद्यमिता को लेकर सोच और मानसिकता में आ रहा बदलावः दीपक बागला

**नई दिल्ली।** नीति आयोग में अटल इनोवेशन मिशन के डायरेक्टर, दीपक बागला ने कहा है कि भारत में उद्यमिता को लेकर लोगों की सोच और मानसिकता में बहुत बड़ा बदलाव आ रहा है और 'स्टार्टअप इंडिया' मिशन की शानदार सफलता, इस बदलते भारत का सबसे बड़ा और प्रत्यक्ष प्रमाण है। बागला ने सोमवार को यहां आयोजित एक समाचार चैनल के कार्यक्रम में कहा कि उद्यमिता अब सिर्फ एक वैकल्पिक करियर विकल्प नहीं रह गया है, बल्कि युवाओं की पहली पसंद बन रहा है।

## अफ्रीका दिवस पर महाद्वीप की एकजुटता, विकास का संकल्प दोहराया

**अदीस अबाबा।** अफ्रीका संघ आयोग के अध्यक्ष महमूद अली यूसुफ ने 'अफ्रीका दिवस 2026' के ऐतिहासिक अवसर पर वैश्विक मंच पर अफ्रीका के बढ़ते प्रभाव का उल्लेख करते हुए महाद्वीप की एकजुटता, विकास और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में व्यापक सुधारों की वकालत करने का अपना संकल्प दोहराया है। अफ्रीकी संघ की स्थापना की 63वीं वर्षगांठ के अवसर पर यूसुफ ने कहा कि आज अफ्रीका 'अफ्रीकी संघ' की स्थापना के 63 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है। यह एक ऐसा ऐतिहासिक मील का पत्थर है जो एकता, स्वतंत्रता, गरिमा और विकास के हमारे सामूहिक प्रयासों को निरंतर प्रेरित करता है।

# भारत दलाई लामा उत्तराधिकार मामले में दूर रहेः चीन

## बीजिंग ने कहा यह हमारा आंतरिक मसला, तिब्बत मुद्दे में बाहरी दखल हमे हरगिज मंजूर नहीं

**बीजिंग।** चीन ने भारत को दलाई लामा के उत्तराधिकार के मुद्दे से दूर रहने की सलाह दी है। बीजिंग ने कहा कि दलाई लामा के पुनर्जन्म और उत्तराधिकारी तय करने की प्रक्रिया पूरी तरह चीन का आंतरिक मामला है और इसमें किसी बाहरी हस्तक्षेप की अनुमति नहीं दी जाएगी।

भारत में चीनी दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने बयान जारी कर कहा कि दलाई लामा का पुनर्जन्म सदियों पुराने धार्मिक रीति-रिवाजों और ऐतिहासिक परंपराओं के तहत होता है। चीन का यह बयान ऐसे समय आया है जब 27 मई को भारत के धर्मशाला में सेंट्रल तिब्बतन एडमिनिस्ट्रेशन (सीटीए) यानी निर्वासित तिब्बती सरकार के प्रमुख पेनपा त्सेरिंग दूसरी बार शपथ लेने वाले हैं। दलाई लामा भी इस कार्यक्रम में

■ चीनी दूतावास ने भारत को तिब्बत पर अपने पुराने रुख की याद भी दिलाई
■ भारत को तिब्बती स्वतंत्रता से जुड़ी गतिविधियों के लिए मंच उपलब्ध नहीं कराना चाहिए



शामिल हो सकते हैं। चीनी दूतावास ने भारत को तिब्बत पर अपने पुराने रुख की याद भी दिलाई। बयान में कहा गया कि भारत को तिब्बती स्वतंत्रता से जुड़ी गतिविधियों के लिए मंच उपलब्ध नहीं कराना चाहिए। यह क्षेत्रीय स्थिरता और भारत-चीन संबंधों के लिए जरूरी है। चीनी दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने एक्स पर पोस्ट कर दलाई लामा के उत्तराधिकार से जुड़ा बयान किया। सेंट्रल तिब्बतन एडमिनिस्ट्रेशन (सीटीए) के नए राजनीतिक प्रमुख पेनपा त्सेरिंग की जीत ने चीन की चिंता बढ़ा दी है। बीजिंग को डर है कि भारत में मौजूद निर्वासित तिब्बती नेतृत्व भविष्य में उसकी मंजूरी के बिना नए दलाई लामा की घोषणा कर सकता है। पेनपा त्सेरिंग ने फरवरी में हुए चुनाव में 61 प्रतिशत से ज्यादा वोट हासिल किए थे। नियमों के मुताबिक, 60 प्रतिशत से अधिक वोट मिलने पर उम्मीदवार सीधे विजेता घोषित हो जाता है। इसलिए उन्हें दूसरे दौर के मतदान की जरूरत नहीं पड़ी। पेनपा त्सेरिंग का जन्म कर्नाटक के बायलाकुप्पे में हुआ था, जहां बड़ी संख्या में तिब्बती शरणार्थी रहते हैं। उन्होंने चेन्नई के मद्रास क्रिश्चियन कालेज से पढ़ाई की और लंबे समय से निर्वासित तिब्बती राजनीति में सक्रिय रहे हैं। चीन को आशंका है कि अगर उत्तराधिकारी तय करने की प्रक्रिया भारत में मौजूद निर्वासित तिब्बती नेतृत्व के हाथ में रही, तो वे बीजिंग की मंजूरी के बिना नए दलाई लामा की घोषणा कर सकते हैं।

# ईरान के साथ ओबामा जैसी डील नहीं करूंगाः ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहाः अच्छा समझौता होगा या फिर कुछ नहीं, विपक्ष ने नाराजगी जताई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि वे ईरान के साथ ओबामा जैसी डील नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि या तो अच्छा समझौता होगा या फिर कुछ भी नहीं होगा। ट्रम्प ने ईरान के साथ होने वाले समझौते की आलोचना करने वाले नेताओं पर नाराजगी जताई। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा-जिन्हें ईरान के साथ होने वाले समझौते के बारे में कुछ भी नहीं पता है, वे भी इसकी बुराई कर रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि ये लोग कमजोर हैं और सिर्फ देश को बांटते हैं। ट्रम्प ने यह भी कहा कि उनका संभावित समझौता 2015 के परमाणु समझौते जैसा नहीं होगा। ट्रम्प ने ओबामा के समझौते को आपदा बताया और दावा किया कि उससे ईरान के लिए परमाणु हथियार तक पहुंचने का रास्ता खुल गया था। अभी तक अमेरिका और ईरान के बीच समझौते पर दस्तखत नहीं हो सके। इससे पहले कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि रविवार को ही दोनों देश सीजफायर बढ़ाने और होर्मुज खोलने को लेकर समझौता कर सकते हैं। ईरान ने ओमान के जरिए अपना मौखिक संदेश अमेरिका तक पहुंचाया। ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा है कि उन्होंने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची का एक मैसेज ओमान के विदेश मंत्री तक पहुंचाया ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने कहा कि ईरान में कोई भी बड़ा फैसला सुप्रीम लीडर की मंजूरी के बिना नहीं लिया जाएगा। अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित समझौते को लेकर इजरायल में चिंता बढ़ गई है। एक इजरायली अधिकारी ने कहा है कि इस समझौते से ईरान को यह मैसेज जाएगा कि वह होर्मुज का इस्तेमाल दबाव बनाने के हथियार की तरह कर सकता है। ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ और विदेश मंत्री अब्बास अराघची संभावित अमेरिका-ईरान समझौते पर बातचीत के लिए दोहा पहुंचे हैं। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी के साथ हो रही बैठक में होर्मुज स्ट्रेट, ईरान के उच्च संवर्धित यूरेनियम भंडार और फ्रीज फंड्स पर चर्चा हो रही है। ईरानी केंद्रीय बैंक गवर्नर भी प्रतिनिधिमंडल में शामिल हैं। संभावित डील का मकसद क्षेत्रीय युद्ध खत्म करने और तनाव कम करने का रास्ता निकालना है। ट्रम्प ने मुस्लिम देशों से इजरायल के साथ रिश्ते बेहतर करने को कहा है। उन्होंने शनिवार को मोहम्मद बिन सलमान, मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान, तमिम बिन हमद अल थानी, आसिम मुनीर, रजब तैयब एर्दोआन, अब्देल फतह अल-सिसी, अब्दुल्ला द्वितीय और हामद बिन ईसा अल खलीफा समेत कई नेताओं से बातचीत की। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अमेरिका ने ईरान संकट को सुलझाने के लिए बहुत मेहनत की है। इसलिए अब जरूरी है कि ये सभी देश अब्राहम समझौते में शामिल हों। यानी कि इजरायल के साथ रिश्ते बेहतर करें। उन्होंने जिन देशों का नाम लिया उनमें सऊदी अरब, कतर, पाकिस्तान, तुर्की, मिस्र और जार्डन शामिल थे। ट्रम्प ने कहा कि यूएई और बहरीन पहले से अब्राहम अकाड्र्स का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि कुछ देशों के पास शामिल न होने की 'एक-दो वजहें' हो सकती हैं लेकिन ज्यादातर देशों को इस समझौते के लिए तैयार होना चाहिए।



■ ट्रम्प बोले: मुस्लिम देश इजरायल से रिश्ते सुधारें, ये सभी देश अब्राहम समझौते में शामिल हों

### संभावित समझौते में इजरायल से अच्छी भूमिका की उम्मीद नहींः बघाई

**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा है कि पश्चिम एशिया में तनाव कम करने वाली किसी भी प्रक्रिया को बाधित करने के प्रयासों के अलावा और इजरायल से कुछ और उम्मीद नहीं की जा सकती है। ईरान और अमेरिका के बीच संभावित समझौते में इजरायल की भूमिका पर टिप्पणी करते हुए बघाई ने कहा कि अमेरिका में कुछ युद्ध समर्थक समूह, चाहे वे रिपब्लिकन हों या डेमोक्रेट, इजरायल के साथ गठजोड़ बनाए रखते हैं और यही समूह अमेरिका को दुनिया के विभिन्न हिस्सों में अंतहीन युद्धों में धकेलते हैं। बघाई ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के उस बयान पर भी प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान अपने लोगों के कल्याण के बजाय ड्रोन और मिसाइलों पर धन खर्च करता है। उन्होंने कहा कि ईरान ऐसे हथियार अपनी सुरक्षा और आक्रामक युद्धों से बचाव के लिए बनाता है। उन्होंने कहा कि हाल के महीनों में ईरान ऐसे दो युद्धों का सामना कर चुका है। उन्होंने अमेरिकी अधिकारियों के इस दावे को भी खारिज कर दिया कि वे ईरानी जनता की चिंता करते हैं।

### ट्रम्प की 'ईरानी नीति' ने अमेरिका को गतिरोध में धकेलाः मोहसिन रजाई

**तेहरान।** ईरान के वरिष्ठ राजनेता एवं पूर्व सैन्य कमांडर मोहसिन रजाई ने कहा है कि हाल के क्षेत्रीय घटनाक्रमों और ईरान के खिलाफ 'बिना उकसावे के छेड़े गए युद्ध' के बाद क्षेत्र में हुए हालिया घटनाक्रमों ने अमेरिका को पूरी तरह गतिरोध की स्थिति में पहुंचा दिया है। तेहरान के इमाम खुमैनी मुसल्ला में रविवार को अमेरिका-इजरायल युद्ध में मारे गए लोगों की स्मृति में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिकी सैन्य बल, जो संभवतः अल्पकालिक युद्ध के भ्रम के साथ क्षेत्र में आए थे, अब वह लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष की वास्तविकता का सामना कर रहे हैं। उन्होंने खोर्रमशहर की मुक्ति और इराकी तानाशाह सद्दाम हुसैन की पराजय का उल्लेख करते हुए कहा कि इस वर्ष की वर्षगांठ पिछले 12 महीनों में अमेरिकी और जायोनी दुश्मनों के खिलाफ ईरानी राष्ट्र द्वारा किए गए दो और धार्मिक-राष्ट्रीय रक्षा अभियान प्रतिरोधों के साथ संयोगवश आई है। रजाई ने अमेरिकी और इजरायल के शासन के खिलाफ सड़कों से लेकर युद्धक्षेत्र तक ईरानी जनता और सेना की दृढ़ता की सराहना करते हुए कहा कि विचार, आस्था और प्रेरणा में परिवर्तन के कारण ईरान को अपने दुश्मनों पर विजय मिली है।

## संयुक्त राष्ट्र अफ्रीकी देशों के साथ काम करने में गर्व महसूस करता हैः गुटेरेस

**जेनेवा।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सोमवार को 'अफ्रीका दिवस' के अवसर पर अफ्रीकी देशों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र को एक शांतिपूर्ण, समृद्ध और टिकाऊ भविष्य के निर्माण के लिए अफ्रीका के साथ मिलकर काम करने पर गर्व है। 'अफ्रीकी संघ' की 63वीं वर्षगांठ के अवसर पर जारी अपने संदेश में संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि आज और हर दिन, संयुक्त राष्ट्र उन सभी अफ्रीकी देशों के साथ काम करने में गर्व महसूस करता है जो एक ऐसे शांतिपूर्ण, समृद्ध और टिकाऊ भविष्य का निर्माण कर रहे हैं जिसके हकदार न केवल सभी अफ्रीकी नागरिक हैं, बल्कि हमारी पूरी दुनिया है।

गुटेरेस ने महाद्वीप की प्रचुर ताकत, लचीलेपन और वैश्विक मंच पर इसके बढ़ते प्रभाव की सराहना की। उन्होंने कहा कि अफ्रीका के लोगों ने गुलामी और उपनिवेशवाद के विनाशकारी परिणामों का सामना करते हुए आपदा को एकता और संकल्प में बदला है। आज यही साझा संकल्प महाद्वीप में मुक्त व्यापार, नवीकरणीय ऊर्जा (रिन्यूएबल एनर्जी) के विस्तार, नवाचार (इनोवेशन) को बढ़ावा देने और स्थाई शांति की नींव रखने के उद्देश्यों को गति दे रहा है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने इस वर्ष के विषय (थीम) 'जल और स्वच्छता' पर विशेष जोर देते हुए कहा कि ये सेवाएं सार्वजनिक स्वास्थ्य, मानवीय गरिमा और आर्थिक अवसरों की आधारशिला हैं। हालांकि, जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव और बुनियादी ढांचे की कमी के कारण महाद्वीप में लाखों लोगों, विशेषकर महिलाओं और युवाओं को अभी भी इन आवश्यक सेवाओं तक पहुंच नहीं मिल पा रही है। उन्होंने अफ्रीकी देशों को फंड जुटाने, कर्ज राहत तंत्र तक पहुंच बनाने और सौर व पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय स्रोतों में बड़े पैमाने पर निवेश करने के लिए वैश्विक एकजुटता का आह्वान किया।



■ गुटेरेस ने महाद्वीप की प्रचुर ताकत, लचीलेपन और वैश्विक मंच पर इसके बढ़ते प्रभाव की सराहना की

## कांगो में इबोला के संदिग्ध मामलों की संख्या 900 के पार

■ डब्ल्यूएचओ ने जताई चिंता

**संयुक्त राष्ट्र।** लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो (डीआरसी) में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की निगरानी बढ़ाने के बाद इस देश में अब तक इबोला के 900 से अधिक संदिग्ध मामलों की पहचान की गई है।

इस प्रकोप का मुख्य केंद्र इटुरी प्रांत है, जहां पहले से ही करीब 50 लाख लोग लगातार जारी हिंसक संघर्ष में फंसे हुए हैं। इस वजह से शुरुआती दौर में मामले की पहचान करना मुश्किल हो गया है और संकट गहरा गया है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अधनोम घेब्रेएसस ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी साझा करते हुए लिखा कि एक्टिव केस-खोज अभियानों के कारण कांगों में इबोला के कुल 904 संदिग्ध मामले सामने आए हैं। इनमें प्रयोगशाला की ओर से पुष्ट किए गए 101 संक्रमण के मामले भी शामिल हैं। डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने इस बात पर जोर दिया कि इस प्रकोप का मुख्य केंद्र इटुरी प्रांत है, जहां पहले से ही करीब 50 लाख लोग लगातार जारी हिसक संघर्ष में फंसे हैं। उन्होंने कहा कि इस कारण महत्वपूर्ण स्वास्थ्य और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं सहित हजारों लोगों को पलायन करना पड़ा है। टेड्रोस के अनुसार, मौजूदा असुरक्षा और डर की वजह से प्रभावित समुदायों में गहरा अविश्वास पैदा हो गया है।

## इमरान पर बनाया जा रहा राजनीति छोड़ने का दबावः उजमा खानम

### समुचित उपचार नहीं मिलने से उनकी एक आंख की रोशनी भी कम होती जा रही हैः उजमा

रावलपिंडी। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन उजमा खान ने दावा किया है कि उनके भाई को एकांत कारावास में रखकर राजनीति छोड़ने के लिए दबाव बनाया जा रहा है और समुचित उपचार नहीं मिलने से उनकी एक आंख की रोशनी भी कम होती जा रही है।

खानम ने द टाइम्स को दिए गए एक साक्षात्कार में बताया कि वह छह महीने पहले अपने भाई से मिली थीं। उस समय उन्हें एकांत कारावास में चार माह का समय गुजर गया था। द टाइम्स की रिपोर्ट में खानम के हवाले से कहा गया कि पहले उनका मनोबल अच्छा था, लेकिन जब मैं उनसे आखिरी बार मिली, तब उन्हें चार सप्ताह से अधिक समय से एकांत कारावास में रखा गया था और वह बेहद परेशान थे। वह बताते कि किसी को उनसे बात करने की अनुमति नहीं है, यहां तक कि पहरेदारों को भी नहीं। वह बार-बार कहते रहे कि एकांत कारावास से बदतर कुछ नहीं हो सकता। अब इसे लगभग सात महीने हो चुके हैं। वह बताती हैं कि खान ने आखिरी मुलाकात में उनसे कहा था कि उन्हें 'तोड़ने' की कोशिश की जा रही है, लेकिन 'वे सफल नहीं होंगे।' बहन उजमा ने आशंका जताई कि उनके भाई की आंखों की रोशनी जा रही है। उन्होंने कहा कि उनकी दाहिनी आंख से पानी निकल रहा था। मैंने पूछा कि क्या हुआ, लेकिन वह दूसरी बातों को लेकर इतने विचलित थे कि इस पर ज्यादा चर्चा नहीं हो सकी। फरवरी में जब उनके वकील ने उनसे मुलाकात की तो आंख से लगातार पानी बह रहा था और इमरान ने कहा कि उन्हें उससे कुछ दिखाई नहीं दे रहा। फिर अप्रैल में उन्होंने बताया कि एक सरकारी डॉक्टर ने कहा है कि आंख में खून का थक्का जम गया है और 85 प्रतिशत स्थाई दृष्टि हानि हो चुकी है। उन्होंने कहा कि रोजाना दो घंटे के व्यायाम के अलावा किताबें पढ़ना ही 73 वर्षीय खान को मानसिक रूप से संभाले हुए था। बहनों को जब उनसे मिलने की अनुमति मिलती थी, तब वे हर सप्ताह करीब एक दर्जन किताबें लेकर जाती थीं, लेकिन बाद में यह बंद कर दिया गया।

अदालत जाने के बाद भी केवल पांच किताबों की अनुमति मिली, जिनमें से दो अस्वीकार कर दी गईं। खानम ने कहा कि वे उन्हें तोड़कर समझौता करवाना चाहते हैं और शायद आंख का मामला भी उसी का हिस्सा है। किताबें ही उनके जीवित रहने का सहारा थीं और अब अगर वह पढ़ भी नहीं सकते और किसी से बात भी नहीं कर सकते-उजमा के अलावा अलीमा खानम, और नौरीन नियाजी भी दो बहनें हैं जो इमरान के साथ मानवीय व्यवहार के लिए अदालत का दरवाजा खटखटा रही हैं।

■ पहले उनका मनोबल अच्छा था, लेकिन जब मैं उनसे आखिरी बार मिली तब उन्हें चार सप्ताह से अधिक समय से एकांत कारावास में रखा गया था



## अक्षय कुमार के साथ नजर आईं अक्षरा सिंह गाना 'घिस-घिस' में मचाया धमाल

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार अक्षरा सिंह बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार के साथ फिल्म वेलकम टू द जंगल के नए गाने 'घिस घिस घिस' में नजर आ रही हैं। 'घिस घिस घिस' में अक्षरा सिंह का दमदार अंदाज और शानदार स्क्रीन प्रेजेंस दर्शकों का दिल जीत रहा है। बॉलीवुड और भोजपुरी का यह अनोखा संगम गाने को और भी खास बना रहा है। गाने को विक्रम मोंट्रोस और सुप्रिया पाठक ने अपनी आवाज दी है, जबकि इसके बोल अभिनव शेखर ने लिखे हैं। जोशीले संगीत और शानदार डांस मूव्स से भरपूर यह गाना दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर रहा है।



## इमोशनल ड्रामा फिल्म में फोटोग्राफर के किरदार में नजर आएंगी सैयामी खेर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सैयामी खेर, विक्रम फडणीस की इमोशनल ड्रामा फिल्म में फोटोग्राफर के किरदार में नजर आएंगी। अभिनेत्री सैयामी खेर ने फिल्ममेकर विक्रम फडणीस की आगामी अनटाइटल्ड रोमांटिक ड्रामा फिल्म से अपना दमदार फर्स्ट लुक शेयर किया है। इस फिल्म की कहानी इंसानी रिश्तों और भावनाओं के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें प्यार, जज्बात और रिश्तों की जटिलताओं को बेहद संवेदनशील तरीके से दिखाया जाएगा। जारी किए गए फर्स्ट लुक में सैयामी एक फैशन फोटोग्राफर के किरदार में नजर आ रही हैं। तस्वीर में वह एक प्रोफेशनल कैमरा हाथ में लिए नेचुरल आउटडोर लोकेशन पर दिखाई दे रही हैं। उनका सिपल और रियलिस्टिक लुक फिल्म के भावनात्मक और जमीन से जुड़े टोन को खूबसूरती से दर्शाता है। इस किरदार के लिए सैयामी ने अपनी रियल लाइफ दोस्त और भारत की मशहूर फैशन फोटोग्राफर तरस तारापोरवाला से प्रेरणा ली है। फिल्म में ताहिर राज भसीन और विनीत कुमार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म विक्रम फडणीस के लिए भी बेहद खास है, क्योंकि यह उनकी पहली हिंदी डायरेक्टोरियल फिल्म होगी जो रिलीज होने जा रही है।

## तीन बांग्लादेशी घुसपैठियों को एक नए होल्डिंग सेंटर में भेजा गया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में तीन बंगलादेशी नागरिकों को सोमवार को मुर्शिदाबाद जिले के लालगोला में बनाए गए नए 'होल्डिग सेंटर' में भेजा गया जिन आरोप है कि ये बिना किसी वैध दस्तावेज के देश में घुसपैठ कर रहे थे। राज्य में शायद यह पहला मौका है, जब किसी बंगलादेश नागरिक को 'होल्डिंग सेंटर' में भेजा गया है।

इन घुसपैठियों को नबन्ना (राज्य सचिवालय) की ओर से पश्चिम बंगाल में रह रहे अवैध विदेशी नागरिकों और घुसपैठियों की पहचान करके उन्हें देश से बाहर निकालने के सख्त निर्देश जारी करने के बाद भेजा गया। पुलिस और प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, इन तीनों संदिग्ध घुसपैठियों को मुर्शिदाबाद जिले के रानीताला पुलिस थाना क्षेत्र से हिरासत में लिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि वे भारत में रहने की अनुमति देने वाला कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। हिरासत में लिए गए लोगों की पहचान मोहम्मद सलीम, मोहम्मद रूबल और शरीफुल इस्लाम के रूप में हुई है। परंपरागत रूप से ऐसे घुसपैठियों को गिरफ्तारी के बाद सीधे जेल भेज दिया जाता था।राज्य सचिवालय के नवीनतम दिशानिर्देशों के बाद, प्रशासन ने अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव किया है। कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद, इन तीनों व्यक्तियों को जेल में रखने के बजाय लालगोला में तैयार किए गए विशेष होल्डिंग सेंटर में भेज दिया गया। हाल ही में, राज्य के गृह विभाग ने सभी जिला मजिस्ट्रेटों (डीएम) और पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को एक सख्त निर्देश जारी किया था। इस निर्देश में कहा गया था कि बंगलादेश और म्यांमार से अवैध रूप से आने वाले लोगों (जिनमें 'विदेशी अधिनियम' के तहत दर्ज रोहिग्या भी शामिल हैं) को अब आम कैदियों के साथ सामान्य जेलों में नहीं रखा जाना चाहिए।

■ राज्य में शायद यह पहला मौका है, जब किसी बंगलादेश नागरिक को 'होल्डिग सेंटर' में भेजा गया
■ हिरासत में लिए गए लोगों की पहचान मोहम्मद सलीम, मोहम्मद रूबल और शरीफुल इस्लाम के रूप में हुई है

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108